
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात में चुनावी रैली के दौरान कायकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 121 पृष्ठ: 12 RNI : HARHIN/2016/68417


actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं।- भगवत गीता"

मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं। -विवेकानंद"

## आलोचना के कारण कांग्रेस का घोषणापत्र हुआ पॉपुलर: गहलोत



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयानों को लेकर तंज कसा है। गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इन दिनों अजीबो गरीब बयान आ रहे हैं। वे बोल रहे हैं कि दो भैंस होंगी तो एक भैंस कांग्रेस ले लेगी। यह क्या बयान है? हमारी कांग्रेस सरकार ने तो दो गाय और दो भैंसों का बीमा किया था, वे पता नहीं कहां से मंगलसूत्र लेकर आ गए, कहां से भैंस लेकर आ गए? क्या-क्या बयान दे रहे हैं। गहलोत ने कहा कि ये लोग 400 पार का दावा कर रहे हैं, लेकिन जो माहौल है, उसमें अगर इनकी सरकार चली भी जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। गहलोत गुरुवार को गुजरात दौरे से पहले जयपुर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री से ऐसे बयान की उम्मीद नहीं कर सकते जिसका कोई तुक नहीं है।

# कांग्रेस धारा 370 को फिर से लागू करेगी: पीएम मोदी

= जूनागढ़ में पीएम मोदी ने भरी हुंकार: कंग्रेस के एजेंडे पर किया सवाल

**हमला बोला**

8 मेरा मिशन है देश के उज्जवल भविष्य का, मेरा मिशन है देश को आगे ले जाने का: पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

जूनागढ़: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए गुजरात में हुंकार भरी। जूनागढ़ में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने इस चुनाव को मोदी का मिशन बताया है। रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा है। पीएम मोदी ने कांग्रेस से उनके एजेंडे को लेकर भी सवाल किया। उन्होंने कच्चातिवु द्वीप मुद्दे पर भी विपक्ष को घेरा। रैली में पीएम मोदी ने कहा, "ये चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से ये चुनाव एंबिशन के लिए नहीं है। वो एंबिशन तो 2014 में देश की जनता ने पूरा कर दिया। 2024 का ये चुनाव मोदी के एंबिशन के लिए नहीं, मोदी के लिए 'मिशन' है और मेरा मिशन है देश के उज्जवल भविष्य का, मेरा मिशन है देश को आगे ले जाने का लेकिन कांग्रेस का एजेंडा क्या है?"



### राम मंदिर-कच्चातिवु द्वीप मुद्दे पर भी कांग्रेस को घेरा

पीएम मोदी ने रैली में बताया कि 500 साल के बाद भगवान राम का मंदिर बन रहा था। आजादी के 75 साल बाद भी उन्होंने (कांग्रेस) रोड़े अटकाने की कोशिश की, अदालतों में भी रोड़े अटकाए। लेकिन ये मेरा सौभाग्य और आपका आशीर्वाद है कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया लेकिन जब उसकी प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण उन्हें दिया तो उन्होंने उसे भी ठुकरा दिया। कांग्रेस ने ये निमंत्रण ठुकरा दिया, वजह भी अब खुलकर बता दी। कांग्रेस ने कहा है, उनके अध्यक्ष ने कहा है कि उनका मकसद भगवान राम को हराना है। ये बयान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिया है। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र का चुनाव नहीं लड़ रही है, कांग्रेस ने ये चुनाव भगवान राम के खिलाफ बना दिया है। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि बताइए आप भगवान राम को हराकर किसे जिताना चाहते हैं? कच्चातिवु द्वीप पर बात करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि कांग्रेस शासन के दौरान केंद्र को यह मालूम नहीं था कि उनके पास कितनी द्वीप है।

उन्होंने विपक्ष को घेरते हुए कहा, "कांग्रेस कह रही है कि कश्मीर में जो मैंने आर्टिकल 370 खत्म कर दिया, वो कहते हैं कि 370 हम फिर से लागू करेंगे। इस देश में जो लोग आज संविधान माथे पर रख कर नाच रहे हैं न, उनकी सर्वसत्ता थी, पार्लियामेंट में उनका राज था, कश्मीर में भी उनकी सरकार थी, लेकिन वे कभी भी देश का संविधान सभी जगहों पर लागू नहीं कर पाए। मोदी के आने तक देश में दो संविधान थे। एक संविधान से देश चलता था और दूसरे संविधान से जम्मू-कश्मीर चलता था।"

**सीएए कांग्रेस का दूसरा एजेंडा: पीएम मोदी**

सीएए को लेकर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस का दूसरा एजेंडा सीएए है। जो लोग हमारे पड़ोस के देशों में हिंदू हैं, जो भारत मां की संतान हैं, उनका एक ही गुनाह है कि वो हिंदू धर्म, जैन धर्म, बौध धर्म, ईसाई धर्म और पारसी धर्म का पालन करते हैं इसलिए वहां से उन्हें भगा दिया जाता है। मैंने उन्हें मताधिकार देने का कानून बनाया। वे कहते हैं कि हम उसे खत्म करेंगे।" रैली में पीएम मोदी ने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि मोदी से चुनौती कर पाएंगे। पीएम मोदी ने बताया, "मैं कांग्रेस और उनके सारे चट्टे-बट्टों को चुनौती देता हूं। आप देश में न फिर से 370 ला पाओगे, न सीएए हटा पाओगे। मैंने तीन तलाक पर कानूनी रूप से प्रतिबंध लगा दिया ताकी मेरे देश की मुसलमान बेटियों को सम्मान से जीने का हक मिले। मैं कांग्रेस को चुनौती देता हूं, शहजादे को चुनौती देता हूं, हिम्मत है तो खुलकर कहिए कि दोबारा तीन तलाक की मुक्ति दे देंगे। मोदी है मुकाबला नहीं कर पाओगे।"

# मोदी ने आरोपी प्रज्वल रेवन्ना का समर्थन किया: राहुल गांधी

**पीएम को घेरा**

8 शिवमोगा में बीजेपी पर भड़के राहुल, बोले- मंच से मोदी ने किया था आरोपी प्रज्वल का समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के शिवमोगा में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस रैली के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने अपनी रैली में जद (एस) से निलंबित प्रज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो कांड पर भी हमला किया। राहुल गांधी ने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना ने 400 महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया और उनके वीडियो बनाए। जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन शोषण के आरोप पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, ये (अश्लील वीडियो कांड) स्कैंडल नहीं, बल्कि सामूहिक दुष्कर्म है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि हर एक भाजपा नेता को पता था कि प्रज्वल रेवन्ना एक आरोपी है, फिर भी उन्होंने उसका समर्थन किया, जद (एस) के साथ गठबंधन किया।

उन्होंने कहा कि मंच पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोपी प्रज्वल रेवन्ना का समर्थन किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, महालक्ष्मी योजना हिंदुस्तान की अगली सरकार बनाने जा रही है।



## सांसद रेवन्ना राजनीतिक पासपोर्ट पर गए जर्मनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कर्नाटक के जनता दल एस सांसद प्रज्वल रेवन्ना राजनयिक पासपोर्ट पर विदेश यात्रा पर जर्मन गए हैं तथा इसके लिए ना तो कोई राजनीतिक अनुमति मांगी गई और ना ही ऐसी कोई अनुमति जरूरी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में सांसद प्रज्वल रेवन्ना के संबंध में पूछे गए सवालों के उत्तर में कहा कि मंत्रालय की ओर से उन्हें कोई कोई वीजा कागज नहीं दिए गए।

# 'कांग्रेस-सपा राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखना चाहती थी'



**टीम एक्शन इंडिया**

**बदायूं:** गृहमंत्री अमित शाह बदायूं में भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने गुरुवार को इस्लामिया इंटर कॉलेज पहुंचे। अमित शाह ने कहा कि 70 साल से सपा, बसपा, कांग्रेस राममंदिर को लटकाकर रखे हुए थी। आपने नरेंद्र मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया तो पांच साल में ही केस जीता और 22 तारीख को प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव, डिंपल यादव, राहुल बाबा और प्रियंका गांधी को भी निमंत्रण दिया था,लेकिन वह वोट बैंक के डर से नहीं गए। वह नहीं गए। सपा कांग्रेस अपने वोटबैंक से डरते हैं, उनको डरना है तो डरें। उनका डर उनको मुबारक। हम भाजपा वाले उस वोटबैंक से नहीं डरते हैं। हमने रामलला को उनके स्थान पर विराजा है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर ही नहीं, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर को भी अब तरीके से बनवाया है महाकाल के दरबार को सजाया है। सोमनाथ मंदिर भी सोने का बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धा के केंन्दों को हमेशा प्राथमिकता दी है। गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल की दादी इंदिरा गांधी कहकर गई थीं कि गरीबी हटाओ, लेकिन इन्होंने कुछ नहीं किया।

**वोटबैंक**

8 मोदी को दूसरी बार पीएम बनाया तो पांच साल में ही केस जीता और 22 तारीख को प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई

# अब राष्ट्रपति भवन को बम से उड़ाने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस के कंट्रोल रूम में बम की कॉल आने से हड़कंप मच गया। कॉल करने वाले ने पुलिस से कहा कि राष्ट्रपति भवन में बम रख दिया है, 15 मिनट के अंदर फट जाएगा। यह बात कहते ही कॉलर ने फोन बंद कर लिया।

कॉल आने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। इसके बाद पुलिस ने मशक्कत कर आरोपित को दबोच लिया। आरोपित की पहचान रविंद्र तिवारी के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके पास से एक मोबाइल बरामद किया है।

**थाना पुलिस की कई टीमें अलर्ट:** पुलिस ने बताया कि सोमवार रात को एक पीसीआर को कॉल मिली कि राष्ट्रपति भवन में बम रख दिया है।

**आरोपी काबू**

8 कॉल करने वाले ने पुलिस से कहा कि राष्ट्रपति भवन में बम रख दिया है, 15 मिनट के अंदर फट जाएगा

# संदेशखाली: सीबीआई ने दाखिल की रिपोर्ट

= मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने कहा कि राज्य को जांच में आवश्यक सहयोग देना होगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** संदेशखाली मामले में सीबीआई ने कलकत्ता हाई कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ के समक्ष सीलबंद लिफाफे में जांच की स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत की है। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने कहा कि राज्य को जांच में आवश्यक सहयोग देना होगा। सीबीआई ने कोर्ट से शिकायत की है कि राज्य भूमि रिकॉर्ड से जुड़े मामलों में सहयोग नहीं कर रहा है। उसके मुताबिक, जमीन कब्जाने से जुड़ी



900 शिकायतें मिली हैं। यदि राज्य आवश्यक सहयोग प्रदान नहीं करता है तो जांच में देरी होगी। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की खंडपीठ ने कहा कि राज्य को जांच में आवश्यक सहयोग देना होगा। मामले को लेकर सीबीआई ने राज्य से कुछ दस्तावेज मांगे हैं। हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि एक हफ्ते के अंदर वो सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंप दिए जाएं। 10 अप्रैल को हाई कोर्ट ने संदेशखाली मामले में की सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए राज्य सुप्रीम कोर्ट गया लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले में कोई हस्तक्षेप नहीं किया। मुख्य न्यायाधीश ने गुरुवार को टिप्पणी की, 'सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप नहीं किया। यह वांछनीय है कि राज्य को सहयोग करना चाहिए।' वहीं, कोर्ट ने संदेशखाली के कुछ संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया।

# राजनाथ ने राजद की 'लालटेन' को दिखाया 'ताप'

= बिहार में 'लालटेन युग' किसी हाल में नहीं आना चाहिए: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**छपरा:** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि बिहार में 'लालटेन युग' किसी हाल में लौटकर नहीं आना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल को घेरते हुए राजीव प्रताप रूडी की तारीफ भी की। वह रूडी के समर्थन में यहां आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रूडी पेशे से पायलट भी हैं, इसलिए वह हवाई जहाज उड़ाते हैं। वैसे ही सारण के सभी



लोकसभा प्रत्याशी को हवा में उड़ा देंगे। भाजपा की विचारधारा को देखते हुए एमपी और गुजरात में कांग्रेस के प्रत्याशी नामांकन के बाद भाजपा को अपना समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 400 पार का जो हमने लक्ष्य लिया है, वह निश्चित ही पूरा कर लेंगे। 10 साल से हम केंद्र की सरकार में हैं, हम विश्व स्तर पर काफी मजबूत हुए हैं।

**भारत की बात विश्व कान खोलकर सुनता है:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सारण लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में राजेंद्र स्टेडियम मैदान में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले भारत की बातों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गंभीरता से नहीं लिया जाता था। उन्होंने कहा कि आज भारत जब बोलता है तो पूरा विश्व कान खोलकर सुनता है।

**घेरा**

8 रुडी पेशे से पायलट भी हैं, वह हवाई जहाज उड़ाते हैं। सारण के सभी प्रत्याशी को हवा में उड़ा देंगे

## भाजपा ने ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने गुरुवार को एससी-एसटी और ओबीसी के आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस शासित कर्नाटक में मुस्लिमों को ओबीसी के आरक्षण के संदर्भ में मौर्य ने कहा कि कांग्रेस धर्म, जाति आधारित वोटबैंक और तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। बेबी रानी मौर्य ने भाजपा के केंद्रीय मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस देश की जनता को यह लिखित में यह बताये कि आईएनडीआईए धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देगा।

# सपा-बसपा-कांग्रेस देश के लिए बोझ: योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**फिरोजाबाद:** प्रदेश सरकार में मुखिया योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को फिरोजाबाद में कहा कि पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार का स्वर गूंज रहा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को मिलने वाला वोट पाप में भागीदार बनने जैसा है। सपा, बसपा व कांग्रेस देश के लिए बोझ है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार ठा. विश्वदीप सिंह के पक्ष में मतदान कर देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आव्हान किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को फिरोजाबाद लोकसभा क्षेत्र की सिरसागंज विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार ठा. विश्वदीप सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने जय श्री राम के उदघोष, सिरसागंज वाले बाबा कालेश्वर व बाबा नीम करौली की पावन जनस्थली को नमन करते हुए हुए कहा कि दो चरणों का चुनाव संपन्न हो चुका है। तीसरे चरण में आपको मतदान करना है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार का स्वर गूंज रहा है।



# करण भूषण सिंह कैसरगंज से लड़ेंगे चुनाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** आखिरकार भारतीय जनता पार्टी को बृजभूषण सिंह की शरण लेनी ही पड़ी। भाजपा को कैसरगंज से बृजभूषण सिंह के विकल्प के तौर पर कोई प्रत्याशी नहीं मिला। आखिरकार भारतीय जनता पार्टी को बृजभूषण सिंह के बेटे करनभूषण सिंह को लोकसभा का टिकट देना पड़ा। गुरूवार को भाजपा केन्द्रीय कार्यालय से जारी सूची में करनभूषण सिंह को कैसरगंज से लोकसभा उम्मीदवार बनाये जाने की आधिकारिक घोषणा की गयी। करण भूषण सिंह 03 मई को कैसरगंज से नामांकन दाखिल करेंगे। उनके समर्थकों ने उनके नाम से चार सेट में पर्चा खरीद लिया है। पांचवे चरण के चुनाव के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि 03 मई है। इसलिए वह आज नामांकन करेंगे। कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगा था। इसके बाद भाजपा की देशभर में फजीहत भी हुई। इसके बाद से यह आशंका जताई जा रही थी कि बृजभूषण सिंह को भाजपा लोकसभा का टिकट नहीं देगी। बृजभूषण सिंह का कैसरगंज लोकसभा के साथ-साथ आसपास के जनपदों में भी प्रभाव है। वह गोण्डा से भी सांसद रह चुके हैं। उनके बड़े बेटे प्रतीक भूषण सिंह गोण्डा सदर विधानसभा से भाजपा के विधायक हैं। अब उनके छोटे बेटे करण भूषण सिंह को कैसरगंज से उम्मीदवार बनाया गया है। करण भूषण सिंह ने विदेश से पढ़ाई की है।



**घोषणा**

8 भारतीय जनता पार्टी को बृजभूषण सिंह के बेटे करनभूषण सिंह को लोकसभा का टिकट देना पड़ा

**विपक्ष को घेरा** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के छह विधायक बिक गए और पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ क्रॉस वोट किया

# भाजपा ने धनबल से सत्ता हथियाने का षडयंत्र रचा: सीएम सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने गुरूवार को चंबा जिले के भरमौर में चुनावी जनसभा में भाजपा पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में धनबल से सत्ता हथियाने का षडयंत्र रचा, लेकिन उनके इरादे कामयाब नहीं हो पाए। इससे पहले भी भाजपा ने महाराष्ट्र और कर्नाटक में पैसों के बल पर कुर्सी हथियाई थी। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के छह विधायक बिक गए और पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ क्रॉस वोट किया। उन्होंने कहा कि दागी विधायकों ने डिनर और ब्रेकफास्ट हमारे साथ किया और वोट भाजपा के प्रत्याशी को दिया। उन्होंने कहा कि यह कोई अन्तरआत्मा की आवाज नहीं थी, बल्कि धनात्मा की आवाज थी। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने विधानसभा में भगवान को चुनौती दी थी, लेकिन भगवान ने ही राज्य सरकार को बचाया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया कानून के ज्ञाता हैं और उन्होंने कानून के दायरे में रहकर विधानसभा की कार्यवाही का संचालन किया। सूक्खू ने कहा कि प्रदेश के मतदाता एक जून को राज्य सरकार के 15 माह में किए गए जनकल्याण कार्यों को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करेगी। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा की चारों सीटें और विधानसभा उपचुनाव में सभी 6 सीटें बड़े अंतर से जीतेगी।

सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जब वर्तमान राज्य सरकार ने सत्ता संभाली तो खजाना खाली था, लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के दरवाजे बन्द किए और एक वर्ष में 2200 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया।



**साधा निशाना**

8 दागी विधायकों ने डिनर और ब्रेकफास्ट हमारे साथ किया और वोट भाजपा के प्रत्याशी को दिया

# पानीपत: इसराना विधानसभा क्षेत्र से मनोहर लाल के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल की चुनावी रथयात्रा पानीपत के इसराना विधानसभा के कैत गांव से प्रारंभ हुई। यात्रा के दौरान हजारों की संख्या में लोग मनोहर लाल को अपना समर्थन देने उमड़े। जहां-जहां से यात्रा गुजरी वहां-वहां मनोहर लाल का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मनोहर लाल ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से 10 वर्षों तक देश की जनता की सेवा की है उसके मुकाबले कांग्रेस 60 सालो में कुछ नहीं कर पाई। केंद्र और प्रदेश सरकार का पारदर्शी शासन रहा है। सरकार ने साफ-सुथरा काम किया है। देश व प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाए गए। युवाओं को बिना खर्ची और बिना पर्ची के नौकरियां मिली। आज किसान भाजपा सरकार के शासन में खुशहाल हैं। किसानों की फसलों की पेमेंट अब सीधा उनके पास उनके खातों में पहुंचती है। भारी संख्या में उमड़े लोगों का मुख्यमंत्री ने धन्यवाद करते हुए कहा कि वे देश को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए कमल का बटन दबाएं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकलुभावन वादों से ऊपर उठकर बुनियादी जरूरतों पर फोकस किया है। प्रधानमंत्री मोदी का 10 वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है जिसकी आज विदेशों में भी सराहना होती है। उन्होंने कहा कि मोदी ने गरीब वर्ग के कल्याण के लिए अनेकों कार्य किए हैं और वे दिन रात इसी के लिए कार्य करते हैं। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर देश को और अधिक मजबूत और शक्तिशाली बनाने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व के कारण समूचा विश्व भारत के नेतृत्व को स्वीकार कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार गरीबों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। प्रदेश की जनता हरियाणा प्रदेश की सभी 10 सीटें नरेंद्र मोदी की झोली में डालने का काम करेगी। इस अवसर पर राज्यसभा कृष्ण लाल पंवार, लोकसभा संयोजक एवं घरौंडा विधायक हरविंदर कल्याण, विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, एडवोकेट विजयपाल सहित अन्य मौजूद रहे।

**इन गांवों से निकली जनसंपर्क यात्रा :** यह यात्रा इसराना के कैत गांव से प्रारंभ हुई जो गांव शाहपुर, परड़ाना, खलीला, अहर, अलुपुर से होते हुए भंडारी गांव से होते हुए वैसर, मतलोढ़ा, भालसी, ऊंटला, खुखराना से सोदापुर में पहुंची जहां यात्रा का समापन हुआ। जगह-जगह मनोहर लाल की यात्रा का ग्रामीणों ने स्वागत किया। कैत गांव में ग्रामीणों ने मनोहर को गदा भेंट की। मनोहर लाल ने भारी संख्या में पहुंचे लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए उनका धन्यवाद किया।

**करनाल लोकसभा में मिल रहा भारी जनसमर्थन:** लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत के आशीर्वाद के लिए निकाली जा रही पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल की यह यात्रा करनाल लोकसभा के सभी क्षेत्रों में पहुंचेगी। यह यात्रा करनाल के असंध विधानसभा क्षेत्र से शुरू हुई थी। यात्रा को जनता को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। लोग नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुके हैं।

# आप और कांग्रेस के बीच को-ऑर्डिनेशन कमेटी की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**



**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच मंगलवार को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक हुई। बैठक में दोनों पार्टियों के बीच आगे की चुनाव प्रचार की रणनीति को लेकर चर्चा हुई। को-ऑर्डिनेशन कमेटी की इस बैठक में आम आदमी पार्टी की तरफ से राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक, एमसीडी प्रभारी एवं विधायक दुर्गेश पाठक और प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक राजेश गुप्ता शामिल हुए। पार्टी ने को-आर्डिनेशन की जिम्मेदारी दुर्गेश पाठक को सौंपी है। कांग्रेस की तरफ से इस बैठक में दिल्ली कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया और दिल्ली कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष देवेंद्र यादव समेत दिल्ली और हरियाणा कांग्रेस के कई शीर्ष नेता मौजूद रहे। को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच पहले भी कई बैठक हो चुकी हैं, मंगलवार को हमारे बीच फिर से बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस की तरफ से दिल्ली और हरियाणा का शीर्ष नेतृत्व शामिल हुआ। आम आदमी पार्टी ने को-ऑर्डिनेशन की जिम्मेदारी एमसीडी प्रभारी और विधायक दुर्गेश पाठक को सौंपी है। दुर्गेश पाठक आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच को-आर्डिनेशन का काम करेंगे। हमने निचले स्तर पर चुनाव प्रचार को-ऑर्डिनेशन को शुरू करने के लिए बैठक की। हमने एक दूसरे के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की। हमने एक सिस्टम बनाया है जिसमें हम एक-दूसरे के लिए चुनाव प्रचार करने में सहयोग करेंगे और मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इसको पहले लोकसभा स्तर पर लागू करेंगे। उसके बाद विधानसभा स्तर पर को-ऑर्डिनेशन किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आज देश के सामने सबसे बड़ा सवाल देश के प्रजातंत्र को बचाना है। मोदी सरकार की तानाशाही से देश को मुक्ति दिलाना है। केंद्र सरकार एक-एक करके सरकारी संस्थाओं को खत्म कर रही है। सारी एजेंसियां केंद्र सरकार के इशारों पर काम कर रही हैं। देश को मोदी सरकार की तानाशाही से बचाने के लिए हमें एक दूसरे का सहयोग करने की जरूरत है। इसीलिए दोनों पार्टियां तैयार हैं और एकजुट हैं। हम लोगों के बीच काफी सकारात्मक चर्चा हुई।

# महिलाओं ने ली सेल्फी, कहा: मनोहर को दिलाएंगे बड़ी जीत

**टीम एक्शन इंडिया**



**पानीपत/कमाल हुसैन:** अपनी यात्रा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को जन-जन का आशीर्वाद मिला। इस दौरान मनोहर लाल ने महिलाओं के साथ बातचीत की और उनके साथ सेल्फी भी ली। महिलाओं ने कहा कि जो काम जनता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मनोहर लाल ने कर दिए उसके लिए वे उनकी आभारी हैं। महिलाओं ने कहा कि वे उन्हें इस चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने का काम करेंगी। इस दौरान मनोहर लाल किसानों के खेत में भी पहुंचे और कूप बांध रहे किसानों से बातचीत की। किसानों ने कहा कि यदि किसी ने किसानों के बारे में सोचा है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

**जनता को साथ लेकर चलने में विश्वास : मनोहर लाल**

जब मनोहर लाल के हाथ में दो केले थे तो उन्होंने सबके साथ उसे बांटकर खाया। मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा सरकार सबको साथ लेकर चलती है। वे लोगों को बांटने का नहीं लोगों के साथ बांटने में विश्वास रखते हैं। कांग्रेस सरकार लोगों को आपस में बांटते आई है। यही वजह है कि लोग भाजपा को अपने आशीर्वाद से नवाज रहे हैं। लोगों का यही आशीर्वाद 400 पार लेकर जाएगा और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr. P.C देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति **अमृत** पुत्र रंधावा निवासी : मकान नं. सी–1/159, नंद नगरी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 143/2012 धारा 379/411 भा.द.सं.** थाना विजय विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमृत** मिल नहीं रहा है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **अमृत** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **अमृत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 01.08.2024** को या उसके पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री नवदीप गुप्ता**
**मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (उत्तर–पश्चिम)**
**कमरा नं. 109, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/5140/RD/2024
(Court Notice)

# अपराध शाखा समेत 50 से ज्यादा टीमें कर रही हैं जांच

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में बुधवार सुबह स्कूलों में बम रखे होने के कई मेल ने सुरक्षा एजेंसियों को हिला कर रख दिया। इस मामले में दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने केंद्रीय गृह सचिव को रिपोर्ट दे दी है। दूसरी तरफ स्कूलों में बम रखे होने का मेल मिलने के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल व अपराध शाखा समेत स्थानीय पुलिस की करीब 50 से ज्यादा टीमें जांच कर रही हैं। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिलने के बाद पूरा अमला सक्रिय हो गया। । इसके बाद दिल्ली पुलिस आयुक्त ने केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला से मुलाकात कर मामले की पूरी जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली-एनसीआर के नामचीन स्कूलों में बम रखे होने का मेल विदेश से भेजा गया है। दिल्ली पुलिस इस मामले में इटरपोल से मदद लेने की तैयारी कर रही है।

## जना स्मॉल फाइनेंस बैंक

अनूसूचि कॉमर्शियल बैंक

पंजीकृत कार्यालय: जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड- द फेयरवे, ग्राऊंड & पहली मंजिल
सर्वे नं. 10/1, 11/2 & 12/2/बी, कार्यालय डोमलर, कोरामंगला, इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, छल्लाघाटा, बैंगलोर- 560071

### सोने के आभूषणों को बोली के लिए सार्वजनिक सूचना

निर्धारित समयसीमा के अंदर सोने के आभूषणों के एवज में नीचे उल्लेखित उधारकर्ता ऋण चुकाने में विफल साबित हुए हैं और कई बार याद स्मरण भी कराया गया। नीचे उल्लेखित उधारकर्ता द्वारा सोने के आभूषण/गहने ऋण खाता के नाम पर गिरवी रखे गए थे, वो सार्वजकि/प्राईवेट/ऑनलाईन बिक्री की जाएगी, हमारे शाखा परिसर में **08-05-2024 को सुबह 10:30 बजे।** जो भी इस नीलामी में भाग लेना चाहते हैं उनसे आग्रह है कि हमारे शाखा कार्यालय में संपर्क करें। बैंक के पास अधिकार होगा कि वो बोली स्वीकार करता है या अस्वीकार करता है बिना किसी कारण बताएं। कृप्या नोट करें कि अगर बोली उसी दिन पूरी नहीं हो पाती तो अगले दिन उन्हीं शर्तों पर बोली लगेगी। अगर ग्राहक नीलामी के सभी शर्तों का मानता है तो वो कानूनी रूप से हायर होगा। उधारकर्ता तो सूचित किया जाता है कि अभी तक का ब्याज और अन्य शुल्क चुकाना होगा नीलामी की तारीख से पहले, अगर चुकाने में असफल साबित होते हैं तो गिरवी रखे हुए सोने के आभूषण की बिक्री की जाएगी और बकाया राशि और अन्य शुल्क ब्याज सहित वसूला जाएगा। किसी भी तरह की जानकारी व अन्य शर्तों और नियमों को जानने के लिए शाखा में संपर्क कर सकते हैं। शाखा कार्यालय की अन्य जानकारी के लिए www.janabank.com पर जाएं।

| क्रमांक सं. | ऋण खाता सं. | उधारकर्ता/सहउधारकर्ता का नाम | सोने के आभूषणों के कुल वजन |
|---|---|---|---|
| 1 | 47918730019820 | Rakesh Kumar | 4.1 |
| 2 | 47918730019181 | Seema Devi | 11.61 |
| 3 | 47918730019092 | Sahil S | 3.95 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर, एससी–188–189, सेक्टर–17, हुडा, तहसील जगधारी, यमुना नगर, हरियाणा–135003, भारत | | | |
| 4 | 46088730022134 | Ishri Ishri | 4.7 |
| 5 | 46088730021950 | Rajbir | 10.12 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर, खसरा नं. 150-151, पिपली रोड़, कैनरा बैंक के सामने सिंडिकेट बैंक के नजदीक, कुरूक्षेत्र- 136118, भारत | | | |
| 6 | 45288730009895 | Pardeep Sharma | 7.79 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर & फर्स्ट फ्लोर, हुड्डा सेक्टर–12, एससीओ–06, मदर थेरेसा मार्केट, पानीपत–132103, हरियाणा | | | |
| 7 | 45238730013702 | Radhey Shyam | 84.54 |
| 8 | 45238730013681 | Pawan Kumar | 8.29 |
| 9 | 45238730013639 | Sanjay Kumar | 7.97 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर नं. 3123/सी और संपत्ति का भाग नं. 3089, मोहल्ला रामबस, रेवाड़ी रेवाड़ी–123401, भारत | | | |
| 10 | 34038740000748 | Amit Kuamr | 38.38 |
| 11 | 34038730015252 | Gaurav Pathak | 8.28 |
| 12 | 34038730015176 | Amit Kumar | 15.74 |
| 13 | 34038730015101 | Amit Kumar | 8.09 |
| 14 | 34038740000751 | Yashu Gupta | 73.49 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर नं. संपत्ति नं. खसरा नं. 162/12, अनूसूची रोड. नं. 3, दिल्ली मथुरा रोड़, एनएच–2, मौजा, अनंगपुर, फरीदाबाद, हरियाणा- 121101 | | | |
| 15 | 32068740000371 | Reena Delbag | 50.5 |
| 16 | 32068740000332 | Sunil Kumar | 14 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर & फर्स्ट फ्लोर प्लॉट नं. ए/2, प्रेम नगर एटलस रोड़, बैंक ऑफ बड़ौदा के नजदीक, सोनीपत, 131001, प्लॉट नं. 11, सोनीपत, हरियाणा- 131001 | | | |
| 17 | 31288740008806 | Naresh | 17.87 |
| 18 | 31288740008795 | Shahid Hussain | 10.83 |
| 19 | 31288740008772 | Sahab Singh Nagar | 49.48 |
| 20 | 31288740008756 | Shakir Khan | 11.4 |
| 21 | 31288740008704 | Laxmi Devi | 8.05 |
| 22 | 31288740008693 | Bhawar Singh | 54.23 |
| 23 | 31288740008680 | Jaiparkash . | 30.64 |
| 24 | 31288740008670 | Anita Na | 9.88 |
| 25 | 31288740008667 | Rahul | 11.82 |
| 26 | 31288740008654 | Suman Tiwari | 14.31 |
| 27 | 31288740008591 | Suman . | 14.7 |
| 28 | 31288740008565 | Rajkumari Tek Chand | 16.68 |
| 29 | 31288740008500 | Indu Devi | 14.49 |
| 30 | 31288740008196 | Gaurav Na | 47.13 |
| 31 | 31288740007905 | Ajay Kumar | 11.9 |
| 32 | 31288740007408 | Komal | 46.84 |
| 33 | 31288740007272 | Satish Kumar | 25.35 |
| 34 | 31288740006941 | Amit Kumar | 95.33 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, एफसीए–57, फर्स्ट फ्लोर चावला कॉलोनी, 100 फीट, रोड़, बल्लभगढ़, फरीदाबाद- 121004 | | | |
| 35 | 31268740001171 | Rajesh Rajesh | 21.65 |
| 36 | 31268740001072 | Priyanka Priyanka | 190.6 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर & फर्स्ट फ्लोर प्लॉट नं. 18/192, अग्रवाल कॉलोनी, नहारा नहारी रोड़, बहादुरगढ़–124507 | | | |
| 37 | 30418740001484 | Rajni Rajender | 22.23 |
| 38 | 30418740001432 | Rahul Singh | 36 |
| 39 | 30418730009848 | Lakki | 15.9 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग नं. टावर–2ए/115, ग्राऊंड और फर्स्ट फ्लोर एनआईटी फरीदाबाद- 121001 | | | |
| 40 | 30208740000782 | Manju Bishambeer | 20.38 |
| 41 | 30208730012110 | Seema Kumari | 8.87 |
| 42 | 30208730010271 | Sejal Singh | 67.65 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, 54/9, न्यू रेलवे रोड़, भीम नगर, चौक गुड़गांव, हरियाणा- 122001 | | | |

स्थान: हरियाणा
दिनांक: 03.05.2024

एसडी/-अधिकृत अधिकारी
जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड

## उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना संख्या ETrU-T-01-2024-25 & ETrU-T-05-2023-24-04

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शायी गई तिथि को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता है इनको 15:00 बजे के उपरान्त तत्काल खोला जायेगा।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद/खुलने की तिथि | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि | वैधता अवधि | टेंडर फार्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ETrU-T-01-2024-25 | [illegible] | 24.05.2024 | ₹ 1,38,45,704.21/- | ₹ 2,19,200/- | 06 महीने | 45 दिन | Downloading through IREPS portal, NIL (₹ 5,000/- Sr. DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |
| 1. | ETrU-T-05-2023-24-04 | [illegible] | 24.05.2024 | ₹ 1,80,65,762.55/- | ₹ 2,40,300/- | 36 महीने | 45 दिन | Downloading through IREPS portal, NIL (₹ 5,000/- Sr. DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई–निविदा में भाग लेने के लिए क्लास– III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागू है एवं इस प्रकार है क्र. सं. 1 व 2 में "Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE" OR "Design, supply, erection, testing & commissioning of 66 kV or higher voltage 3-phase grid substation." OR "Design, supply, erection, testing & switching station commission of 50 HZ, single phase, 25 KV (SP, SSP)." AND "Maintenance/ Repairs/ Rehabilitation/ Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE" OR Maintenance/ Repairs/ Rehabilitation/ Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC Traction sub-station/ Switching sub-stations.' OR Repairs/Maintenance/Design, supply, erection, testing & commissioning sub-stations or 132 KV or higher voltage. 5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।

संख्या : ETrU-T-01-2024-25 & ETrU-T-05-2023-24-04 दिनांक 01.05.2024 1315/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## एक्शन इंडिया

(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया–पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकास की उंचाईयों को छू रहा : सीएम सैनी



**दामन थामा**

8 करनाल के 22 साल पुराने कांग्रेस नेताओं ने छोड़ी कांग्रेस, भाजपा का थामा दामन

8 कुरूक्षेत्र में सीएम नायब सैनी ने कांग्रेस, जजपा छोड़कर आए नेताओं को पार्टी का पटका पहनाकर किया भाजपा में स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/कुरूक्षेत्र:** भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर विपक्षी दलों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की भाजपा में शामिल होने की होड लगी हुई है। हर रोज भारी संख्या में नेता और कार्यकर्ता अन्य दलों को छोड़ रहे हैं। गुरुवार को भी कुरूक्षेत्र में करनाल विधानसभा से कांग्रेस के 22-22 साल पुराने नेताओं ने कांग्रेस को छोड़कर सीएम नायब सैनी और राज्य मंत्री सुभाष सुधा और कुरूक्षेत्र जिला अध्यक्ष रवि बतान की उपस्थिति में भाजपा का दामन थामा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दूसरी पार्टी को छोड़कर आए सभी नेताओं का स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल किया

करनाल विधानसभा के गांव रतनगढ़ के सरपंच मंजीत जो कि पिछले 22 वर्षों से कांग्रेस में थे आज कांग्रेस को छोड़कर भाजपा मे शामिल हो गये। इनके अलावा 2001 से कांग्रेस में ओबीसी मोर्चा ग्रामीण जिला अध्यक्ष रहे मित्रपाल ने भी कांग्रेस छोड़ भाजपा ज्वाइन की है। करनाल शिव कालोनी से पूर्व पार्षद गजे सिंह सैनी, जननायक जनता पार्टी, इनैलो के पाला राम धनखड, बलबीर सिंह बोहला खालसा, रणधीर सिंह आढती घरोंडा, जौनी प्रजापति आढती करनाल, पाले राम धनखड़, नरेश सैनी भी अपने सभी साथियों सहित भाजपा मे शामिल हो गए। भाजपा में आस्था जताने वाले सभी नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर वे भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में वे तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में पूरी मेहनत करेंगे।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा गत 10 साल में किए गए कार्यों का एवं प्रदेश की सरकार द्वारा किये विकास कार्यों का समाज के सभी वर्गों और गरीबों और कमजोर तबके के लोगों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की जनता बड़े जनादेश के साथ मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रही है।

नायब सैनी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेसी शासनकाल में देश में विकास धीमा हो गया था। उन्होंने कहा कि देश की जनता को विश्वास है कि मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाईयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों एवं करनाल में होने वाले विधानसभा के उपचुनाव में कमल खिलाने का मन बनाया हुआ है।

# देश में बदलाव चाहती है जनताः दुष्यंत

**मांग**

8 विशाल रोड शो के साथ जेजेपी प्रत्याशी राव बहादुर सिंह का नामांकन भरवाने पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जेजेपी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि देश में भाजपा का ग्राफ दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता बदलाव चाहती है और यह परिवर्तन क्षेत्रीय दलों की ताकत को बढ़ाएगा। वे वीरवार को महेंद्रगढ़ में स्थानीय जेजेपी प्रत्याशी पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह का नामांकन पत्र भरवाने के उपरांत पत्रकारों से रूबरू थे। राव बहादुर सिंह ने विशाल रोड शो के बाद दुष्यंत चौटाला की मौजूदगी में अपना नामांकन भरा। इस दौरान दुष्यंत चौटाला ने कांग्रेस और भाजपा उम्मीदवारों की पोल खोलते हुए जेजेपी प्रत्याशी राव बहादुर सिंह के लिए जनता से वोट की अपील की।पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जो बीजेपी लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा दे रही थी, उस नारे को तो पिछले एक सप्ताह से बीजेपी नेताओं ने ही बोलना छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह नारा वर्ष 1977 में कांग्रेस द्वारा दिए गए ह्यइंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिराह्ण नारे की तरह साबित होगा क्योंकि उस समय इंदिरा भी हारी और कांग्रेस को भी ले बैठी थी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अगर भाजपा इतनी ही मजबूत होती तो वो आज मध्य प्रदेश, गुजरात में उम्मीदवारों पर दबाव बनाकर नामांकन वापस करवाने जैसे औच्छे कदम नहीं उठाती और यह भाजपा की घबराहट को दशार्ता है।

जेजेपी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने कहा कि साल 2019 में हरियाणा से चुनकर जो सांसद गए थे, उन्होंने कभी हरियाणा के हित में आवाज नहीं उठाई, इससे केंद्र सरकार तक प्रदेश की आवाज नहीं पहुंची। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि भाजपा सांसदों की सोच हरियाणा की उन्नति के लिए नहीं दिखी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की जनता के पास अवसर है कि वे ऐसे सांसद चुने जो हरियाणा की आवाज संसद में उठा सके। दुष्यंत चौटाला ने यह भी कहा कि 10 साल से भिवानी-महेंद्रगढ़ में भाजपा के सांसद है, लेकिन उन्होंने कभी क्षेत्र की आवाज संसद में बुलंद नहीं की।

# भगोड़ा घोषित करने के खिलाफ बुद्धिराजा की याचिका पर अगली सुनवाई 7 को

**सुनवाई**

8 दिव्यांशु बुद्धिराजा करनाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी है। मनोहर करनाल से भाजपा प्रत्याशी हैं




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
हरियाणा के मुख्यमंत्री पद पर रहते मनोहर लाल के खिलाफ बेरोजगारी के मुद्दे पर प्रदर्शन को लेकर दर्ज मुकदमे में पंचकुला की अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित करने को चुनौती देने वाली हरियाणा युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांधु बुद्धिराजा को याचिका पर गुरुवार को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई 7मई को तय की है।

दिव्यांशु बुद्धिराजा करनाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी है। मनोहर लाल अब पूर्व मुख्यमंत्री है और करनाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी है।

दिव्यांशु बुद्धिराजा पर 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के खिलाफ बेरोजगारी को लेकर फ्लैक्स बोर्ड लगाने पर मामला दर्ज किया गया था।पंचकूला की अदालत ने मामले में पेश होने के लिए कई बार बुद्धिराजा को सम्मन जारी किए थे, लेकिन वह पेश नहीं हुए। इसके चलते बुद्धिराजा को पंचकूला की अदालत ने भगोड़ा घोषित किया था। भगोड़ा घोषित करने को बुद्धिराजा ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

हाईकोर्ट में दिव्यांश बुद्धिराजा के वकील की ओर से कहा गया कि बुद्धिराजा पंचकूला की अदालत में समर्पण कर देंगे।

# हरियाणा में दो करोड़ पार हुए मतदाता

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** लोकसभा चुनाव में हरियाणा राज्य के दो करोड़, 41 हजार 353 मतदाता उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करेंगे। इन जिनमें एक करोड़ छह लाख 34 हजार 532 पुरुष, 94 लाख छह हजार 357 महिला तथा 464 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। गुडगांव लोकसभा में मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि गुडगांव लोकसभा में इस बार 25 लाख 66 हजार 159 मतदाता वोट डालेंगे। इसी तरह फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में 24 लाख 24 हजार 281, अंबाला लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख 92 हजार 252, कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में 17 लाख 92 हजार 160, सिरसा लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख 34 हजार 614, हिसार लोकसभा क्षेत्र में 17 लाख 88 हजार 710, करनाल लोकसभा क्षेत्र में 21 लाख 439, सोनीपत लोकसभा सीट के लिए 17 लाख 64 हजार 954, रोहतक लोकसभा सीट के लिए 18 लाख 86 हजार 796 और भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख 90 हजार 988 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# जजपा के राष्ट्रीय महासचिव हर्ष कुमार ने पार्टी से इस्तीफा दिया

**झटका**

8 फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप का समर्थन करने की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में जननायक जनता पार्टी (जजपा) को बड़ा झटका लगा। गुरुवार को पूर्व मंत्री व जजपा के राष्ट्रीय महासचिव हर्ष कुमार ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी छोड़ने का ऐलान किया। साथ ही उन्होंने चुनाव में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप का समर्थन करने की घोषणा की। हालांकि वे अभी कांग्रेस पार्टी में शामिल नहीं हो रहे। उनके साथ जजपा के नूंह जिला अध्यक्ष रहे व पार्टी से चुनाव लड़ चुके इकबाल जेलदार ने भी पार्टी छोड़ दी है।

पूर्व मंत्री व जजपा के राष्ट्रीय महासचिव हर्ष कुमार ने गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ मीटिंग की। इसमें उन्होंने वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा के बाद जजपा को छोड़ने का फैसला लिया। इस बैठक के बाद होडल में पत्रकारों से बातचीत में हर्ष कुमार ने कहा कि जजपा में दिग्विजय चौटाला और पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की कार्यशैली उन्हें पसंद नहीं है। उनसे हम जैसों का मन मेल नहीं खाता। उन्होंने काफी समय पहले ही जजपा की गतिविधियों से दूरी बना ली थी।हर्ष कुमार ने कहा कि अब जनभावना के अनुरूप फैसला लेकर ही उन्होंने फरीदाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ व ईमानदार उम्मीदवार महेंद्र प्रताप को टिकट देकर कांग्रेस ने अच्छा फैसला लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कंपनी मैनेजर को बंधक बना, जबरन वसूली के मामले में चार गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने ऑटो मोबाइल कंपनी के मैनेजर को अगवा कर मारपीट करने, उसकी नग्न वीडियो बनाकर जबरन वसूली और जान से मारने की धमकी देने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किय है। इनमें भाणा निवासी अमित कुमार, पारता निवासी संदीप, ठरवा निवासी अनिल उर्फ कांडा और रावतखेड़ा निवासी देवासीस शामिल है।

पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में अर्बन एस्टेट थाना में एक ऑटो कंपनी में तैनात मैनेजर ने अगवा कर मारपीट करने, उसकी नग्न वीडियो बनाकर जबरन वसूली और जान से मारने की धमकी देने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि एक सप्ताह पहले सोशल मीडिया ऐप पर एक महिला योगिता रानी का मैसेज आया था। एक-दो दिन उससे बात हुई थी। उसे फ्रॉड लगा तो उसकी आईडी को ब्लॉक कर दिया था। फिर दूसरी ऐप से मैसेज आने लगे। महिला ने एक-दो बार रुपए मांगे और कहा कि घर की कोई समस्या है। उसने अपना पता सेक्टर-17 व उकलाना का बताया था। हाल ही में 25 अप्रैल की शाम 8 बजे मिलने के लिए टाउन पार्क के पास बुलाया जहां योगिता लेने आई थी। उसने अपने माता-पिता की बीमारी के बारे में बताया था। उसके साथ कार में बैठकर कल्याण ज्वेलर्स के समीप एक गली में लेकर चली गई। घर से कुछ दूरी पर कार खड़ी करके पैदल लेकर एक कमरे के अंदर ले गई थी। शिकायत के अनुसार वहां कुछ देर बाद दो लोगों ने आकर उससे मारपीट करनी शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी फोन व कार की चाबी छीनकर शिकायतकर्ता को कार में बैठाकर दूसरी जगह लेकर गए और मारपीट कर बार-बार आग लगाने व गोली मारने की कहते रहे। आरोपी उसे गुजवि के पास पंप पर कार छोड़कर वहां से फरार हो गए। ऑटो कंपनी मैनेजर ने आरोप लगाया कि उसकी कार में तीन लाख रुपए थे और आरोपियों ने उसकी नग्न वीडियो बनाकर दुष्कर्म केस में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से पूछताछ के लिए उन्हें दो दिन के रिमांड पर भेज दिया गया।

### पार्टी में कहासुनी पर दोस्त ने फाइनेंसर को मारी गोली

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** हांसी पुलिस जिला के गांव सिसाय कालीरावण गांव में फाइनेंस का काम करते करने वाले दो दोस्तों के बीच हुई मामूली कहासुनी के चलते एक दोस्त ने दूसरे दोस्त पर गोली चलाई दी। गोली लगने से घायल सिसाय कालीरावण निवासी रमन हिसार के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस ने घायल रमन के बयान पर सिसाय बोलान निवासी जयदीप के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में सिसाय कालीरावण निवासी 29 वर्षीय रमन ने गुरुवार को बताया कि वह सिसाय बोलान निवासी विक्की के साथ हांसी में फाइनेंस का काम करता है। उन्होंने हांसी बस स्टेंड के पीछे गली में अपना ऑफिस बनाया हुआ है। सिसाय बोलान निवासी जयदीप भी हमारे साथ कार्य करता है। रमन ने बताया कि जयदीप के घर लड़की पैदा हुई थी। लड़की पैदा होने पर जयदीप ने हमें पार्टी दी जिसमें रमन के अलावा जयदीप व सिसाय बोलान निवासी विजय ने विक्की के ऑफिस में बैठकर बीयर पी। उसके बाद हम तीनों रात करीब 10 :30 बजे विजय की कार में सवार होकर गांव के लिए चल पड़े थे। जब गांव के नजदीक पहुंचे तो वहां गाड़ी को रोककर बची हुई बीयर पीने लगे। इसी दौरान जयदीप ने अपनी जेब से पिस्तोल निकाला और हमें कहा कि आपको कुछ दिखाता हूं। इस पर हमने उसे कहा कि इसको वापस अपनी जेब में रखो। इस पर जयदीप कहने लगा कि क्यों इसे जेब में क्यों रखूं और इसी बात को लेकर हमारी आपस में तू-तूं मैं-मैं हो गई। रमन का कहना है कि इसी तू-तूं मैं-मैं के चलते जयदीप ने अपने हाथ में लिए हुए पिस्तोल से उस पर गोली चला दी। पिस्तोल से निकली गोली उसके पेट में आ लगी और उसके बाद वह बेहोश हो गया।

# कांग्रेस की गांरटियां बदलेंगी इस देश के हालातः सैलजा

**दावा**

8 बेरोजगार युवा भटक रहा है, सरकार अपने दायित्व से भाग रही है : उम्मीदवार कुमारी सैाजा न

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा:** सिरसा संसदीय सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा कि जब अन्नदाता कमजोर होता है तो देश भी कमजोर होता है। बेरोजगार युवा भटक रहा है, सरकार अपने दायित्व से भाग रही है। कांग्रेस की गांरटियां इस देश के हालात को बदलेगी। यह बात उन्होंने गुरुवार को ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांवों कादौरा कर अपने समर्थन में लोगों से वोट की अपील करते हुए कही। गांव अरनियांवाली में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोगों को न्याय दिलानेऔर संविधान की रक्षा की आखिर लड़ाई लड़ रही है,देश को धर्म और जाति में बांटने की साजिश कामयाब नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस सरकार केकार्यकाल में किसान, गरीब, मजदूर, युवा, व्यापारीऔर कर्मचारी सभी दुखी है। सरकार ने युवाओं कीध्यान नहीं दिया, बेरोजगार युवा भटक रहा है, युवानशे की गिरफ्त में आ रहा है उसे नशे से बाहर निकालने की जिम्मेदारी सरकार की है पर सरकारअपनी इस जिम्मेदारी से भाग रहा है। उन्होंने कहा किजब अन्नदाता कमजोर होता है तो देश कमजोर होता है,किसान न्याय की जंग लड़ रहा है उसे उसका हक देनेके बजाए उस पर हत्याचार किया जा रहा है, कांग्रेसने किसानों से वायदा किया है कि सरकार बनने पर एमएसपी लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सिरसा की धरती से ही उनका राजनीतिक जीवन शुरू हुआ था पहला बार 1988 में सिरसा आकर चुनाव लड़ा था।

# वरुण के नामांकन दाखिले में हुड्डा ने दोहराए वादे

**पर्चा दाखिल**

8 कांग्रेस की सरकार बनने पर अंबाला में उद्योग और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए आईएमटी का निर्माण किया जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**
अंबाला लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वरुण मुलाना का नामांकन दाखिल कराने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे चौधरी उदयभान ने गुरुवार को बड़ा चुनावी संदेश दिया। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर अंबाला में उद्योग और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए आईएमटी का निर्माण किया जाएगा। नामांकन से पहले आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यह सिर्फ लोकसभा चुनाव नहीं है बल्कि देश के संविधान को बचाने की लड़ाई है। इसीलिए विपक्षी दलों ने एकजुट होकर इंडिया गठबंधन बनाया है। हरियाणा में यह गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहा है और 36 बिरादरी बीजेपी को मात देकर इंडिया गठबंधन को जिताने जा रही है। यह जीत केंद्र के साथ हरियाणा में भी कांग्रेस सरकार की नींव रखेगी। कांग्रेस सरकार बनने पर केंद्र में 30 लाख तो हरियाणा में 2 लाख से ज्यादा युवाओं को बिना पेपर लीक योग्यातानुसार पक्की सरकारी नौकरी मिलेगी। साथ ही किसानों को एमएसपी की गारंटी और कर्ज से मुक्ति दी जाएगी। प्रदेश के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम और बुजुर्गों को 6000 बुढ़ापा पेंशन मिलेगी। प्रदेश में 300 युनिट मुफ्त बिजली और 500 रुपये में गैस सिलेंडर देना भी कांग्रेस का वादा है। कांग्रेस के घोषणापत्र में महिलाओं को नौकरियों में 50फीसदी आरक्षण और सालाना 1 लाख रुपया देने का भी वादा किया गया है। चौधरी उदयभान ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने बीजेपी के विरुद्ध लड़ने के लिए घोषणापत्र के रूप में सबसे बड़ा हथियार हमें सौंपा है। जहां-जहां कांग्रेस का घोषणापत्र पहुंचेगा, वहां से बीजेपी का सफाया होता जाएगा। यह घोषणापत्र गांधी, नेहरू और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सपने को पूरा करने वाला दस्तावेज है। क्योंकि कांग्रेस की 25 गारंटी हर वर्ग के लिए भागीदारी व न्याय सुनिश्चित करती हैं। उदयभान ने कहा कि वरुण मुलाना के रूप में पार्टी ने अंबाला से एक बेहद ही जुझारू, शिक्षित और संघर्षशील युवा को चुनाव में उतारा है। विधायक के तौर पर उनका प्रदर्शन इतना शानदार रहा है। विपक्ष में होते हुए भी उन्हें सर्वश्रेष्ठ विधायक चुना गया है। अगर ऐसा उम्मीदवार लोकसभा में अंबाला का प्रतिनिधित्व करेगा तो निश्चित ही संसद में भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा। इस मौके पर वरुण मुलाना ने हाथ बदलेगा हालात और लड़ेंगे-जीतेंगे नारे के साथ समर्थकों का उत्साह बढ़ाया और उनका आभार व्यक्त किया।

# अजय यादव गुरुग्राम से बाहर करेंगे पार्टी प्रत्याशियों के लिए प्रचार



**नाराजगी**

8 अगर किसी फिल्म अभिनेता को ही टिकट देना है तो ऋतिक रोशन या रणबीर हुड्डा को ही टिकट दे दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/अंकुश जैन**
**गुरुग्राम** लोकसभा सीट से कांग्रेस टिकट न मिलने पर पार्टी के ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव ने अपनी नाराजगी संकेत में प्रकट कर दी है।अजय यादव गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से बाहर पार्टी प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगे।हालांकि यादव के समर्थको में टिकट न दिए जाने पर नाराजगी है।

कांग्रेस ने गुरुग्राम लोकसभा सीट से पूर्व फिल्म अभिनेता राजबब्बर को टिकट दिया है।अजय यादव ने राजबब्ब्र का नाम चर्चा में आने पर विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि अगर किसी फिल्म अभिनेता को ही टिकट देना है तो ऋतिक रोशन या रणबीर हुड्डा को ही टिकट दे दिया जाए।लेकिन पार्टी ने राजबब्बर को ही प्रत्याशी घोषित किया।

गुरुग्राम लोकसभा सीट से कैप्टन अजय यादव का टिकट कटने के बाद पहली बार उनके कार्यालय में कार्यकर्ताओं की मीटिंग बुलाई गई। इस मीटिंग में कैप्टन अजय यादव मौजूद नहीं थे। कार्यकताओं के बीच कैप्टन अजय यादव के बेटे और मौजूदा विधायक चिरंजीव राव पहुंचे थे। पार्टी कार्यकर्ताओं में नाराजगी साफ देखने को मिली। हालांकि विधायक चिरंजीव राव ने कहा कि टिकट कटने की कोई भी नाराजगी नहीं है। यह फैसला कांग्रेस आलाकमान ने किया है तो कुछ सोच समझकर ही लिया होगा। अब कैप्टन अजय यादव एकदम तनाव मुक्त हो चुके हैं और ऐसे समय में वह अन्य राज्यों में जाकर कांग्रेस के लिए प्रचार का कार्य करेंगे। अगर यहां पर टिकट मिलती भी तो केवल यहीं तक सीमित हो जाते। राज बब्बर को टिकट मिलने पर चिरंजीव राव ने कहा कि यह तो जनता की खुशनसीबी है कि उन्हें राज बब्बर जैसा नेता मिलेगा। जनता के लिए काफी अच्छा अनुभव होगा। क्योंकि मौजूदा सांसद राव इंद्रजीत सिंह जीतने के बाद कभी अपने लोकसभा क्षेत्र में नहीं आते हैं। अगर राज बब्बर जीतेंगे तो वह जमीनी स्तर पर कार्य करेंगे। कैप्टन अजय यादव के राजनीति से सन्यास लेने वाले सवाल पर विधायक चिरंजीव राव ने कहा कि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है, वह अभी संन्यास नहीं लेंगे। बल्कि आगे चलकर भी कांग्रेस के लिए मेहनत करेंगे। जहां पर भी पार्टी को उनकी जरूरत होगी वहां पर जाकर कमी को पूरा करेंगे। अभी सन्यास लेने का कोई सवाल ही नहीं उठता होता है फिलहाल कुछ भी कहा जाए मगर पार्टी कार्यकताओं के बीच में काफी नाराजगी है। यही कारण था कि मीटिंग बुलाई गई थी, ताकि पार्टी कार्यकर्ताओं को समझाया जा सके कि यह फैसला कांग्रेस के उच्च पदाधिकारियों का है। इसमें कोई कुछ भी नहीं कर सकता है। पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि टिकट कटना बिल्कुल भी उचित नहीं है। हालांकि, अब इसमें किया भी किया जा सकता है।

# बसपा ने पूर्व प्रोफेसर ऋतु सिंह को चंडीगढ़ से प्रत्याशी घोषित किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:**चंडीगढ़ लोकसभा सीट से बसपा ने गुरुवार को उम्मीदवार की घोषणा की है। बसपा ने दिल्ली की पूर्व प्रोफेसर डॉक्टर रितु सिंह को उम्मीदवार घोषित किया है। बहुजन समाज पार्टी के पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के स्टेट कोऑर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल और स्टेट कोऑर्डिनेटर विपुल कुमार ने डॉक्टर रितु सिंह के नाम की घोषणा की। इस अवसर पर अजीत सिंह बेहनी चंडीगढ़ संयोजक, एस राजिंदर सिंह नन्हेरिया स्टेट जनरल सेक्रेटरी और चंडीगढ़ प्रभारी, एडवोकेट सुदेश खुरचा संयोजक चंडीगढ़, वरयाम सिंह, स्टेट प्रेसिडेंट चंडीगढ़, श्रीमती निर्मला बौद्ध अध्यक्ष महिला विंग चंडीगढ़,, सुरिंदर सिंह खुदा अध्यक्ष बामसेफ, सुखदेव सिंह सोनू पूर्व अध्यक्ष चंडीगढ़ राज्य और बृजपाल पूर्व लोकसभा कोऑर्डिनेटर चंडीगढ़ भी उपस्थित थे। रणधीर सिंह बेनीवाल ने इस मौके पर कहा कि बीएसपी "बहुजन समाज" के "सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति" में विश्वास करती है। बहुजन समाज, बहुजनों को अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), और अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी) के रूप में दशार्ता है। बहुजन अधिकारों के समर्थक बीआर अंबेडकर उनकी महत्वपूर्ण वैचारिक प्रेरणा हैं।

ACTION INDIA
करनाल, 03 मई 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com

## न्यूज फ्लैश

### केंद्रीय अर्धसैनिक बल संगठन कुरुक्षेत्र ने अपनी मांगों को राज्यमंत्री सुभाष सुधा के समय रखा



दलबीर मलिक

**कुरुक्ष:** आज केंद्रीय अर्धसैनिक बल संगठन कुरुक्षेत्र के प्रधान गुरदेव सिंह सैनी, उप प्रधान राजकुमार शर्मा , सचिव रोशन लाल, इंस्पेक्टर विमल शर्मा, आइटीबीपी, हवलदार जसवीर सिंह, हुकुमचंद ,महेंद्र सिंह और बलवान सिंह व संगठन के अन्य सदस्यों ने माननीय विधायक थानेसर सुभाष सुधा राज्य मंत्री हरियाणा से मिले और अपनी मांगों को उनके समक्ष रखा और मंत्री जी ने केंद्रीय अर्धसैनिक बल संगठन कुरुक्षेत्र के कार्यालय के लिए स्थान उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान बीएसएफ इंस्पेक्टर बनवारी लाल अकाउंट ऑफिसर, ढअऊदिल्ली से सुपर नेशन रिटायरमेंट को भी मंत्री जी ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने आगे भी सगंठन प्रधान गुरदेव सिंह सैनी को आश्वासन दिलाया की अर्द सैनिक बल की जो भी मांगे हैं उन पर हम विचार करेंगे और जल्द ही उनका समाधान भी करेंगे' उन्होंने सेवाऐ जवानों और विधवाओं के मामलों पर भी चर्चा की और उनकी सभी समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाएगा।केंद्रीय अर्धसैनिक बल संगठन जिला ईकाई कुरुक्षेत्र ने राज्यमंत्री सुभाष सुधा का आभार जताया।

### समता पार्टी के प्रत्यशी नरेश जोगी ने भरा नामांकान



दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** समता पार्टी के प्रत्यशी नरेश जोगी ने कुरूक्षेत्र लोकसभा से अपनी प्रबल दावेदारी दिखाते हुए अपना नामांकान भरा ।नामांकन से पहले जनसभा में भारी सांख्य में लोगो ने समता पार्टी का दामन थामा और नरेश जोगी को लोकसभा में जिताने का वादा किया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार धीमान ने कहा कि हमारी टीम प्रबलता से सभी 9 विधान सभाओं में सक्रिय है । लोकसभा में हमारी जीत निश्चित होगी। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील चित्रा ने बताया कि जिस प्रकार जनता का प्यार और साथ मिल रहा है, समता पार्टी अपने 12 सूत्रीय विश्वास पत्र पर प्रबलता से काम करेगी। कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्यशी नरेश कुमार जोगी ने लोगो का धन्यवाद किया और उनसे वोट की अपील की। इस अवसर पर संजीव भारद्वाज राष्ट्रप्रभारी, कर्मवीर ग्रामीण प्रदेश अध्यक्ष , रंजीत, बलबीर कुंडू, गुलाब, धर्मपाल भट्टी, राजेश, भूषण,सागर, संतोष प्रधान जोगी समाज, सोहनलाल, रामप्रसाद आदि सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बहबलपुर में गुरु तेग बहादुर प्रकाश उत्सव मनाया

**याद किया**

8 ााई मती दास जी भाई सती दास जी भाई दयाला जी को गुरु तेग बहादुर जी के सामने शहीद किया गया





टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** गाँव बहबलपुर में बच्चो को गुरु तेग बहादुर की शहीदी हिन्दू धर्म बचाने के लिए ज्ञान दिया गया बच्चो को कथावाचक हरप्रीत सिंह औरंगजेब ने सन्- 1658 से 1707 तक हिन्दुस्तान पर राज किया। शासन पर कब्जा पाने के लिए उसने अपने पिता शाहजहां को गिरफतार कर लिया व अपने भाईयों को मरवा डाला। वह पूरे हिन्दुस्तान से हिन्दु धर्म को मिटाकर इस्लाम फैलाना चाहता था। उसने हिन्दुस्तान में कई जगहों जैसे मथुरा, काशी, गुजरात, बनारस, बंगाल, कर्नाटक, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तामिलनाडू इत्यादि में मन्दिरों को तुड़वाया व हिन्दुओं पर अधिक कर लगाये। उसने अपने अधिकारियों को हुकम दिया था कि हिन्दुओं के माथे से तिलक मिटा दिए जाएं और उनके जनेऊ उतार कर उन्हें जबरदस्ती मुस्लमान बना दिया जाए।

बादशाह का आदेश था कि हर रोज सवा मन जनेउ (तकरीबन 46 किलो) हिन्दुओं के गले से उतारकर (अर्थात उनका धर्म परिवर्तन करके या उन्हें मारकर उसके सामने पेश किए जाएं। परिणाम स्वरूम अनेक हिन्दुओं ने इस्लाम कबूल कर लिया। जिन्होंने विरोध किया उन्हें अपनी जान गवानी पड़ी।

हिन्दु जाति के मुखिया बहुत चिंता में थे। इस जुल्म से मुक्त पाने के लिए उन्होंने अमरनाथ की गुफा में जाकर भगवान शंकर से प्रार्थना की। कई दिनों की पूजा के पश्चात वहां आकाशवाणी हुई- अपने धर्म को बचाने के लिए सिक्खों के नाम गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी से फरियाद करो। वह ही तुम्हारी रक्षा करेंगे। इसके पश्चात 500 कशमीरी पंडितों का गुरु जी के दरबार में हाजिरी देने आनंदपुर साहिब (पंजाब) गया। उनके मुखिया पंडित किरपा राम ने गुरु जी से फरियाद की '

गुरु जी ने ध्यान से पंडितों की दुख भरी गाथा सुनी अपने पुत्र बालक गोबिन्द राय से विचार विमर्श के पश्चात उदास बैठे पड़ितों से कहा, "जाओ, शेर अफगान से कहो कि यह पहले गुरु तेग बहादुर को इस्लाम कबूल करने के लिए मनाये, फिर हम सभी मुस्लमान बन जायेगे। दुखी और उदास पडितों की जान में जान आई । जब यह संदेश बादशाह औरंगजेब तक पहुंचा तो उसने सोचा कि अब उसका काम बहुत आसान हो गया है, क्योंकि एक व्यक्ति के मुस्लमान बनने से पूरा देश इस्लाम कुबूल कर लेगा उसका हिन्दुस्तान से हिन्दु धर्म को मिटाने का सपना साकार हो जाएगा। बादशाह ने हुक्म जारी कर दिया कि गुरु तेग बहादुर को गिरफ्तार कर फौरन दिल्ली लाया जाए।

भाई मती दास जी भाई सती दास जी भाई दयाला जी को गुरु तेग बहादुर जी के सामने शहीद किया गया गुरु तेग बहादुर जी नहीं डोले और 11 नवंबर सन 1675 को गुरु तेग बहादुर जी को चांदनी चौक में लोगो की भीड़ के सामने एक वृक्ष के नीचे शहीद कर दिया गया।

# 'चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए सहयोग जरूरी'



**बैठक**

8 शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए गठित की गई कमेटियों के सदस्य पूरी निगरानी रखेंगे

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि लोक सभा आम चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए बनाई गई सभी टीमों, कमेटियों व सभी राजनीतिक दलों का सहयोग जरूरी है। इन चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए गठित की गई कमेटियों के सदस्य पूरी निगरानी रखेंगे और किसी को भी आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना नहीं करने देंगे।अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा वीरवार को एडीसी कार्यालय में लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर एमसीएमसी कमेटी के अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रही थी। इससे पहले एमसीएमसी कमेटी के सदस्य सचिव एवं डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह ने एडीसी डा. वैशाली शर्मा को विस्तृत रूप से फीडबैक रिपोर्ट दी है। एडीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाने में सभी अधिकारी व चुनावों को लेकर बनाई गई टीमों के सदस्य पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता से सहयोग करें। लोक सभा आम चुनाव में खडे सभी प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के खर्चों पर नजर रखनी है। टीमों को आपसी तालमेल के साथ एक-एक खर्चे का हिसाब शैडो रजिस्टर में दर्ज करना है और नियमित रूप से रजिस्टर के खर्चे का मिलान प्रत्याशियों के रजिस्टर से करना होगा।एडीसी ने कहा कि एमसीएमसी कमेटी के नियमों और कानून के बारे में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दे दी गई है।

## 15 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया



**समालखा:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हथवाला में 12वीं कक्षा में 53 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें से 15 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। 15 में से 14 लड़कियों ने मेरिट और एक लड़के ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। इसी खुशी में बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए गांव की सरपंच प्राची, ब्लॉक समिति मेंबर सोनिया , रामदिया त्यागी व अनिल त्यागी और स्कूल वॉइस प्रिंसिपल राजेंद्र रोहिल्ला ,व स्कूल का सभी शिक्षकों के स्टाफ ने बच्चों को सम्मानित किया।

# अंबाला लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी वरुण ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**एकजुट**

8 जहां कांग्रेस ने अपनी ताकत दर्शाई। रैली के दौरान कांग्रेस के दोनों गुट भी एकजुट दिखाई दिए



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** अंबाला लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी वरुण मुलाना ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान मौजूद रहे। इससे पहले एक रैली का आयोजन किया गया जहां कांग्रेस ने अपनी ताकत दर्शाई। रैली के दौरान कांग्रेस के दोनों गुट भी एकजुट दिखाई दिए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा व उदयभान वरुण मुलाना का नामांकन करवाने भी पहुंचे।

इस दौरान भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मीडिया से बात करते हुए वरुण मुलाना की जीत का दावा किया और भाजपा के 400 पार के नारे पर कहा ये जो मर्जी कहते रहे। हुड्डा ने कांग्रेस का सभी 10 सीटों पर जीत का दावा किया। वहीं मनोहर लाल खट्टर के ब्यान इस बार बापू बेटा को चंडीगढ़ नही जाने देंगे पर हुड्डा ने कहा जिन बातों के कोई मायने नही होते उस पर मैं बोला नही करता। ये इनकी फ्रस्ट्रेशन की भावना है।

इस मौके पर वरुण चौधरी ने कहा कि हमने प्रण लिया है कि हम संविधान को बचाएंगे। चाहे इसके लिए जान की बलि भी क्यों न देनी पड़ जाए। हमने अपने देश के संविधान को बचाना है। वरुण ने कहा कि ति हो गई जुमलाबाजों की, अति हो गई आवाज दबाने की। कहीं न कहीं सभी वर्गों की आवाज को लाठियों से दबाया जा रहा है। इस अवसर पर देवेंद्र बजाज सहित अनेका कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। देवेंद्र बजाज ने कहा कि कांग्रेस सभी सीटों पर भारी मतों से विजयी होगी।

इस दौरान वरुण मुलाना संविधान की किताब लेकर नामांकन करने पहुंचे। वरुण ने कहा उन्हें पूरा समर्थन मिल रहा है। आज वो संविधान की किताब लेकर पहुंचे है क्योंकि संविधान खतरे में हैं उसे बचाना जरूरी है।

# कांग्रेस का चेहरा रहे संजय छौक्कर अब भाजपा के लिए मांग रहे वोट

**वोट की अपील**

8 संजय छौक्कर की अपनी छवि हल्के में मजबूत है। विधानसभा में करीबन सवा दो लाख मतदाता हैं

टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह)

समालखा विधानसभा क्षेत्र में पिछले 20 साल से कांग्रेस का चेहरा रहे संजय छौक्कर पिछले साल 1 नवम्बर को भाजपा में शामिल हुए थे, लेकिन जिसके बाद से हल्के में पार्टी को मजबूती मिली है। संजय छौक्कर की अपनी छवि हल्के में मजबूत है। समालखा विधानसभा गुर्जर बाहुल्य क्षेत्र है और विधानसभा में करीबन सवा दो लाख मतदाता हैं।

संजय छौक्कर प्रदेश कांग्रेस के युवा प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं। साल 2009 में उन्होंने विधानसभा चुनाव कांग्रेस की टिकट पर लड़ा था जिसमें वे हार गए थे। उस वक्त उनके चुनाव प्रचार के लिए राहुल गांधी हल्के में पहुंचे थे। भाजपा ज्वाइन करने से पहले वह कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता के तौर पर काम कर रहे थे। गत वर्ष आदमपुर विधानसभा के उप चुनाव के दौरान भाजपा ने शामिल हुए

संजय छौक्कर समालखा में पूर्व सीएम मनोहर लाल की जनसभा करवाने में सफल रहे हैं जिसमें काफी संख्या में भीड़ जुटाने में भी वे कामयाब रहे हैं।

*राजनीतिक असर*

भाजपा में शामिल हुए संजय छौक्कर का संबंध एक राजनीतिक परिवार से हैं। उनके चाचा कट्टार सिंह छौक्कर हरियाणा सरकार में वित्त मंत्री रह चुके हैं जिस कारण से हल्के में उनका जनाधार काफी बड़ा है। लोकसभा चुनावों में भाजपा को इससे काफी मजबूती मिलने की संभावना है। भाजपा की स्थिति यहां से खासी मजबूत नहीं रही है। देश में मोदी लहर के बावजूद समालखा में भाजपा को लगातार दो बार पराजय का सामना करना पड़ा है,लेकिन संजय छौक्कर के पार्टी में शामिल होने से इसका असर देखने को मिलेगा। संजय छौक्कर की गिनती पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के करीबियों में भी शुमार है, ऐसे में चुनावी फायदा मिलना स्वाभाविक है। समालखा विधानसभा हल्के में ओर भी कईं अन्य नेता सक्रिय हैं जो अपनी-अपनी ढपली और अपना-अपना राग अलापते रहते हैं। गत दिनों समालखा में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए स्वयं भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस बात को लेकर चिंता जाहिर कर चुके हैं।

# इथेनॉल फैक्टरी के बॉयलरों में आग लगने से मचा हड़कंप

**आग पर काबू**

8 फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां मंगवाई जा चुकी हैं। वहीं, इथेनॉल के दोनों बॉयलर 2.5 लाख लीटर तेल से भरे हुए थे



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** अंबाला में इथेनॉल फैक्टरी के बॉयलरों में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग पर काबू पाने के लिए अभी तक फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां मंगवाई जा चुकी हैं। वहीं, इथेनॉल के दोनों बॉयलर 2.5 लाख लीटर तेल से भरे हुए थे। हालांकि आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और आग बुझाने और वहां मौजूद लोगों को उक्त स्थान से बाहर निकालने में जुटती नजर आई। अंबाला के गांव जटवाड़ में बड़ा हादसा हो गया। गांव में स्थित इथेनॉल फैक्टरी के बॉयलरों में आग लग गई। जानकारी के अनुसार दोनों टैंकों में ढाई लाख लीटर इथेनॉल तेल भरा हुआ था। अभी तक आग लगने का कारण अत्यधिक तापमान बताया जा रहा है। आग पर काबू पाने के लिए अभी तक फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां मंगवाई जा चुकी हैं।

## शिविर लगाकर 3 मई को 20 लोगों के किए जाएंगे फ्री नेत्र ऑपरेशन

**हिसार :** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में 3 मई को आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन का निशुल्क शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में जरूरतमंद लोगों की आंखों के ऑपरेशन फ्री किए जाएंगे। 3 मई को प्रातः दिव्यांग केंद्र में पहुंचकर निशुल्क पंजीकरण करवाया जा सकता है। नेत्र ऑपरेशन से पहले स्वास्थ्य जांच भी निशुल्क की जाएगी। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि हिसार के बस स्टैंड के पास न्यू ऋषि नगर में स्थापित दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में होने वाले फ्री नेत्र ऑपरेशन में बहुत से लोगों का सहयोग रहता है।

# निदेशक ने प्रशिक्षण शिविर का किया औचक निरीक्ष□



**मार्गदर्शन**

8 कार्यरत शिक्षकों के२६ चल रहे चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का औचक निरीक्षण किया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद :** निदेशक मौलिक शिक्षा विभाग डा. रिपु दमन सिंह ढिल्लों ने निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत खंड शिक्षा कार्यालय के सभागार में सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के२६ चल रहे चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का औचक निरीक्षण किया। शिक्षकों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षक राजकीय विद्यालयों को उच्चतम गुणवत्ता का एक ब्रांड बनाने का प्रयत्न करें ताकि समाज में शिक्षक का पुराना रुतबा फिर से प्राप्त हो। उन्होंने रॉकेट का उदाहरण देते हुए शिक्षकों को अपनी ऊर्जा का बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए भरपूर प्रयोग किए जाने के लिए कहा। उन्होंने विभाग में भविष्य में लागू होने वाली नवाचारी परियोजनाओं जैसे कक्षा पहली से 12वीं कक्षा तक के अध्यापकों के लिए रिपोजिटरी बनाना, स्टार टीचर्स को विभाग की वेबसाइट पर प्रदर्शित करना, निपुण पत्रिका का संचालन, अध्यापकों व शिक्षार्थियों के थर्ड पार्टी असैसमेंट, कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों की उनकी विशेष विषय में रुचि अनुसार मार्गदर्शन पर विस्तार से चर्चा की।

इसके पश्चात उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित के.आर.पी. दीप्ती, आशा, भावना, लालिमा, कविता, अनु, नोडल कोमल एवं अन्य प्रतिभागियों से निपुण मिशन के प्रशिक्षकों के धरातल पर क्रियान्वयन बारे फीडबैक लिया। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन के लिए डायरैक्टर रिपु दमन सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी डा. आहूजा के प्रयासों की सराहना की। उनके साथ आए डा. प्रमोद शर्मा, राज्य एफ.एल.एन. प्रभारी ने शिक्षकों को स्वाध्याय के लिए प्रेरित करते हुए पुस्तकालय का अधिकाधिक प्रयोग करने तथा अपने नवाचारों का प्रयोग करने पर बल दिया।

# जिले में टॉपर होने वाले बच्चों के सम्मान में रोड शो का आयोजन



**सम्मान**

8 इसी विद्यालय की छात्रा सीमा देवी ने 481 /500अंक लेकर वाणिज्य संख्या में पहला स्थान प्राप्त किया

टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह)

समालखा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा संचालित बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें जौरासी रोड गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम जिले में टॉपर होने वाले बच्चों के सम्मान मे रोड शो का आयोजन किया गया जिसमें विज्ञान संकाय की छात्रा तमन्ना ने 488 /500 अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी विद्यालय की छात्रा सीमा देवी ने 481 /500अंक लेकर वाणिज्य संख्या में पहला स्थान प्राप्त किया। स्कूल मे बच्चों को खुली जीप में बैठाकर प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा प्राध्यापक जितेंद्र उत्तम, उप्राचार्य रमेश वत्स स्कूल मुख्याध्यापिका अनीता धीमान ने इस जुलूस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चों के सम्मान में विभिन्न गांव में रोड शो के पहुंचने पर लोगों ने बच्चों व अध्यापकों को फूल माला पहनाकर व पुष्पो की वर्षा की गई और मिठाई खिलाकर मुंह मिठा करवाया गया । जुलूस स्कूल से चलकर जौरासी रोड होते हुए गांव जौरासी पहुंचा जहां पर गांव वासियों के अलावा गांव में प्राइवेट स्कूल के प्राचार्य राकेश , रिटायर्ड प्रिंसिपल राम कुमार शर्मा , सरकारी विद्यालय में सेवा दे रहे राकेश , रमेश जांगड़ा व गांव की महिलाओं व बुजुर्गों ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। गांव गढ़ी छाजू पहुंचने पर जय भगवान व अन्य ग्राम वासियों ने बच्चों का स्वागत किया। उसके बाद जुलूस मालपुर गांव पहुंचने पर भारी संख्या में ग्राम वासियों व रमेश व पवन आदि ने बच्चों को घर ले जाकर फूलमाला पहनाकर व जलपान करवाकर व ओम प्रकाश व उनकी पत्नी ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। उसके बाद ताजपुर गांव में सभी ग्राम वासियों ने बच्चों का स्वागत किया बच्चों ने डीजे पर नाच कर अपनी खुशी जाहिर की। उसके बाद बिहौली गांव में सुरेंद्र बिजेंदर व अन्य ग्राम वासियों ने बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। उसके बाद मछरोली से होते हुए जुलूस गांव करहंस पहुंचा जहां पर आशादीप हाई स्कूल के प्रबंधक विजेंद्र सहरावत व महेंद्र धीमान ने बच्चों व अध्यापको सहित तिलक लगाकर व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। विद्यालय में आकर बच्चों ने एक दूसरे से बधाई दी स्कूल में मानो दीपावली जैसा माहौल बन गया था। सभी अध्यापकों व प्राचार्य जितेंद्र उत्तम ,उप्राचार्य रमेश वत्स , प्राध्यापक विवेक, रवि, अनु , सोनिया ,मीनू ,रजनी ,सोहनलाल,मनीषा ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

# कन्या स्कूल लाडवा का 12वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**बधाई**

8 स्कूल के प्रिंसिपल रामपाल सरोहा ने सफलता के लिए दी छात्राओं को बधाई



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/लाडवा:** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा के प्रांगण में खुशी का माहौल छाया रहा। 30 अप्रैल को कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम बोर्ड द्वारा घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा । विद्यालय में 24 छात्राओं ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्राओ सुमन देवी सुपत्री कर्मवीर ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान ,खुशी सपुत्री श्यामलाल 92 प्रतिशत द्वितीय स्थान, त्रिशा सुपुत्री विनोद कुमार ने 91.2% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य रामपाल सरोहा ने छात्राओं और अभिभावकों को फूलमालाए पहना कर व मिठाई खिलाकर अभिनंदन और स्वागत किया । इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सदस्य ,छात्राएं, अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने ढ़ोल की थाप पर झूम कर खुशी मनाई। प्रधानाचार्य रामपाल सरोहा ने छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।


## न्यूज फ्लैश

### एसके फाइनेंस लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** वर्ष 1994 में स्थापित एसके फाइनेंस लिमिटेड (कंपनी) वाहन फाइनेंसिंग सेगमेंट और एमएसएमई फाइनेंसिंग सेगमेंट में अपनी समकक्ष कंपनियों के मुकाबले सबसे तेजी से बढ़ने वाली कंपनी है, जिसका विश्लेषण वित्तीय वर्ष 2021 और वित्तीय वर्ष 2023 के बीच की अवधि के लिए संबंधित सेगमेंट में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों (एयूएम) सीएजीआर के आधार पर किया गया है (स्रोत– क्रिसिल रिपोर्ट)। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी की योजना ?2,200 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों (प्रत्येक का अंकित मूल्य 1 रुपये) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिए धन जुटाने की है। कंपनी के प्रमोटर राजेंद्र कुमार सेतिया, यश सेतिया और राजेंद्र कुमार सेतिया एचयूएफ हैं।आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 1 रुपये प्रत्येक इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य के साथ 500 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और विक्रेता शेयरधारक की ओर से 1700 करोड़ रुपये तक के शेयरों का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है। बिक्री के लिए प्रस्ताव में राजेंद्र कुमार सेतिया द्वारा 180 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर, राजेंद्र कुमार सेतिया एचयूएफ (प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर) द्वारा 20 करोड़ रुपये तक, इवॉल्वेंस कोइन्वेस्ट फर्स्ट द्वारा 75 करोड़ रुपये तक, इवॉल्वेंस इंडिया फंड थ्री लिमिटेड द्वारा 25 करोड़ रुपये तक, नॉरवेस्ट वेंचर पार्टनर्स एक्स – मॉरीशस द्वारा 700 करोड़ रुपये तक और टीपीजी ग्रोथ फोर्थ एसएफ पीटीई लिमिटेड द्वारा 700 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं (निवेशक विक्रय शेयरधारक)।

### एयरबीएनबी ने लॉन्च किया आइकॉन्स

**फरीदाबाद।** एयरबीएनबी लोगों के लिए नए तरह का अनुभव आइकॉन्स पेश कर रहा है। इसके तहत दुनिया के मशहूर संगीतकार, फिल्म व टेलीविजन कलाकार और खिलाड़ी आदि मेहमानों का अलग अंदाज में स्वागत करेंगे। आइकॉन्स आपको एक ऐसी दुनिया में ले जाएंगे, जिसके बारे में अबतक आप केवल सोचा करते थे। आप चाहें फेरारी संग्रहालय में सोएं या प्रिंस के पर्पल रेन हाउस में रहें या फिर बॉलीवुड आइकॉन जाह्नवी कपूर के समुद्र तट के समीप वाले घर में एक दिन बिताएं। आज, हम पूरे साल दुनिया भर में शानदार अनुभवों के साथ, एयरबीएनबी पर पहले 11 आइकॉन्स को पेश कर रहे हैं। एयरबीएनबी के भारत, दक्षिण पूर्व एशिया, हांगकांग और ताइवान के जनरल मैनेजर अमनप्रीत बजाज ने कहा, आइकॉन्स ऐसे अनुभवों को जीवंत करते हैं जो जादुई और वास्तव में कल्पना से परे होते हैं। आइकॉन्स लॉन्च के हिस्से के रूप में, हम इस विशेष अभियान के लिए जाह्नवी कपूर के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं, जो जाह्नवी के समुद्र तट के समीप वाले घर की एक अभूतपूर्व झलक पेश करेगा। जाह्नवी कपूर ने इस मौके पर कहा, मेरे सबसे प्यारी यादें चेन्नई स्थित हमारे घर में परिवार के साथ बिताई गर्मियों की हैं। यह जगह हमेशा एक आरामदायक जगह की तरह महसूस होती है, और मैं इस खास एहसास को अपने प्रशंसकों के साथ साझा करना चाहती हूं, यही वजह है कि मैं पहली बार एयरबीएनबी के जरिए अपने घर के दरवाजे खोल रही हूं।



मुझे अपने परिवार की परंपराओं को एयरबीएनबी मेहमानों के साथ साझा करने में खुशी हो रही है, जिन्हें कपूर परिवार की तरह आराम करने, पूल के पास जाने, हमारे कुछ पसंदीदा भोजन का आनंद लेने, योग का अभ्यास करने, मेरी मां के प्राकृतिक त्वचा देखभाल नुस्खों को आजमाने का मौका मिलेगा और सबसे महत्वपूर्ण बात, विशेष यादें बनाने का मौका मिलेगा।

# कांग्रेस झूठी घोषणाएं करती है, हम संकल्प के साथ विकास करते हैं: सीएम नायब सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सैनी गुरुवार सुबह सूर्य मंदिर के 22वें स्थापना दिवस समारोह में करनाल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भगवान सूर्य की पूजा अर्चना कर मानवता के कल्याण की कामना की। छठ पर्व सेवा समिति मंडल के प्रधान सुरेश कुमार यादव व अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने मुख्यमंत्री का फूल मालाओं से स्वागत किया और स्मृति चिह्न के रूप में भगवान सूर्य का स्वरूप भेंट किया। सीएम ने सेवा समिति मंडल द्वारा रखी गई मांगों को चुनावों के बाद पूरा कराने का आश्वासन दिया। मंडल की धर्मशाला में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई, वहीं कांग्रेस को भी जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ घोषणा पत्र जारी किए हैं, किसी भी घोषणा को पूरा नहीं किया। कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार का बोलबाला था, जिस कारण लोगों को प्रताडना झेलनी पड़ती थी। सीएम ने कहा कि 10 सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने जो वादे किए, उन्हें संकल्प के साथ पूरा किया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि देश और प्रदेश को विकसित बनाने के लिए एक बार फिर मोदी सरकार को चुनें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। लोगों को ऑनलाइन तरीके से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का प्रयास रहा है कि केंद्र और प्रदेश की योजनाओं का लाभ आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति तक मिले।

**अपील**

8 देश और प्रदेश को विकसित बनाने के लिए फिर से चुनें मोदी सरकार

8 सूर्य मंदिर के 22वें स्थापना दिवस समारोह में की शिरकत

## कांग्रेस नेताओं के मुंह से भ्रष्टाचार की बू आती है : नायब सैनी

**समारोह** के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए नायब सैनी पूर्व सीएम हुड्डा के बयान पूछे गए सवाल पर तंज कसते हुए कहा कि हुड्डा साहब मान रहे हैं कि कांग्रेस मुकाबला में है तो अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा पिछले चुनावों में भी मान रहे थे और 10 की 10 सीटों पर कांग्रेस साफ हो गई। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास कांग्रेस से खत्म हो चुका है। कांग्रेस के समय में नौकरियां मंत्रियों के चक्कर काटने और पर्ची तथा खर्ची से मिलती थी। कांग्रेस झूठी घोषणाएं करती है, उन घोषणाओं को पूरा कभी नहीं करती। कांग्रेस 24 घंटे बिजली देने के वादे कई बार चुकी, लेकिन 24 घंटे बिजली भाजपा सरकार ने दी।

भूपेंद्र हुड्डा के पोर्टल बंद करने के सवाल पर बोलते हुए नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं के मुंह से भ्रष्टाचार की बू आती है। कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार को जन्म देने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि आज आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड, बीपीएल कार्ड घर बैठे बन रहे हैं। डबल इंजन सरकार सभी सुविधाएं प्रदेशवासियों को दे रही है।

सीएम ने कहा कि मोदी सरकार में गरीब, किसान, कर्मचारी और महिला कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं लागू की गई, जिनका पूरा लाभ हर व्यक्ति को मिला है। युवाओं को रोजगार दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिससे देश विकास के पथ पर अग्रसर हुआ। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास करती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, पूर्व मीडिया कॉरडीनेटर मुख्यमंत्री हरियाणा जगमोहन आनंद, पूर्व मेयर नगर निगम रेणू बाला, अमरेंद्र सिंह, पूर्व पार्षद भगवान दास अघी, जिला मीडिया प्रमुख डा. अशोक कुमार, मंडल अध्यक्ष अमर ठक्कर, एडवोकेट विजय पाल सहित अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नायब सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से जिस तरह से देश और प्रदेश का विकास हो रहा है, वह जारी रहेगा और भाजपा सरकार में विकास की गति नहीं रूकेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश की सेवा की अब सांसद बनकर भी वह जनता की सेवा करेंगे। सीएम ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा के चुनाव का दौर चल रहा है। हरियाणा में 25 मई को मतदान होगा। उन्होंने कहा कि 25 मई को दो मशीनों में कमल के फूल का बटन दबाकर एक कमल को लोकसभा में दिल्ली भेजना है और दूसरे कमल को चंडीगढ़ भेजना है।

## चौथे दिन लोकसभा के लिए एक प्रत्याशी ने भरा नामांकन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन करनाल लोकसभा के लिए 1 निर्दलीय प्रत्याशी मनोज बंसल ने नामांकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह की ओर से एआरओ एवं अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने नामांकन लिए।

उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नामांकन भरने का कार्य 29 अप्रैल से आरम्भ हो गया था। नामांकन की यह प्रक्रिया 6 मई तक जारी रहेगी।

इस प्रक्रिया के चौथे दिन करनाल लोकसभा क्षेत्र के लिए 1 उम्मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल किया। लोकसभा चुनाव के लिए अभी तक कुल 5 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। नामांकन लघु सचिवालय के प्रथम तल पर उपायुक्त कोर्ट में सुबह 11 बजे से बाद दोपहर 3 बजे तक लिए जा रहे हैं। चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने वाले प्रत्याशी सहित केवल 4 व्यक्तियों को ही कार्यालय में आने की अनुमति है।

**करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए किसी भी उम्मीदवार ने नहीं भरा नामांकन पत्र :** करनाल विधानसभा उपचुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने के चौथे दिन किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया।

## करनाल में 7 लाख 53 हजार 95 मीट्रिक टन गेहूं की आवक : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके है।

गत दिवस तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 7 लाख 53 हजार 95 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया।

# सतपाल के साथ विधायक, मेयर व पाषर्दों ने की वोटों की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** सोनीपत से लोकसभा प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी के लिए सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान व समस्त पाषर्दों ने मतदाताओं से वोट की अपील की। मतदाताओं ने आश्वासन देते हुए कहा कि हाथ के निशान पर वोट डालकर सतपाल ब्रह्मचारी को भारी बहुमत से विजयी करवाएंगे।



लोकसभा प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने कामी रोड स्थित सब्जी मंडी में मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज बीजेपी सरकार से सबसे ज्याद दुखी व्यापारी वर्ग है। व्यापारी को बीजेपी व्यापार नहीं करने दे रही। कभी कोई टैक्स तो कभी कोई टैक्स लगाकर व्यापारी के व्यापार पर चोट मारने का काम कर रही है। जब तक व्यापारियों को प्रदेश व देश मे अनुकुल माहौल नहीं मिलेगा तब तक कैसे व्यापारी व्यापार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सोनीपत लोकसभावासियों के लिए 24 घंटे सेवा में हाजिर रहूंगा। दस साल के कुशासन को यदि हम मिटाना चाहते है तो 25 मई को हाथ के निशान पर बटन दबाकर अपना आशीर्वाद उन्हें दे। उन्होंने कहा कि सोनीपत लोकसभा का प्रत्येक वर्ग खुशहाल रखना ही उनका मुख्य ध्येय है। जिसकी लिए उन्होंने अपना जीवन समाज सेवा को समर्पित किया है। इसके बाद विधायक सुरेंद्र पंवार ने कांग्रेसजनों के साथ नई अनाज मंडी व वार्ड-19 में डोर टू डोर पहुंचकर जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों से वोट की अपील की। सभी मतदाताओं ने 25 मई के हाथ के निशान पर बटन दबान का आश्वासन दिया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि लोकसभा की जीत भी विधानसभा का रास्ता तय करेगी। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सभी लोकसभावासी एकजुट होकर सतपाल ब्रह्मचारी को विजयी बनाएंगे। इस दौरान सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, सुरेंद्र छिक्कारा, सुरेश त्यागी, पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद नीतू दहिया, पार्षद सूर्या दहिया, पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, ललित खत्री प्रधान, मनीष सैनी, राजेश दहिया, अनुज जैन, रणदीप दहिया, अनिल नागर, शीला आंतिल, रेखा राणा, प्रोमिला मलिक, ऋतु, कमल हसीजा, देवेंद्र, धर्मवीर, हरेंद्र राठी, दलेल सिंह, ऋतूराज प्रधान, बंसी कूंडु, डॉ नरेंद्र गोस्वामी, प्रेम धमीजा, कृष्ण मलिक सहित बड़ी तादाद में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**समर्थन**

8 आश्वासन देते हुए कहा कि हाथ के निशान पर वोट डालकर सतपाल ब्रह्मचारी को भारी बहुमत से विजयी करवाएंगे

## वी ने इंटरनेशनल यात्रा के लिए पेश किए पोस्टपेड रोमिंग पैक



**गुरुग्राम।** पिछले कुछ सालों के दौरान अजरबैजान घूमने जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हाल ही में हुए एक अध्ययन के मुताबिक अजरबैजान जाने वाले पर्यटकों की संख्या दोगुनी होकर 2023 में 120,000 के आंकड़े पर पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में 100 फीसदी अधिक है। स आकर्षक गंतव्य पर घूमने जाने वाले पर्यटकों के लिए प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता वी लेकर आए हैं अजरबैजान और 12 अन्य अफ्रीकी देशों के लिए नए इंटरनेशनल रोमिंग पैक। अजरबैजान और अफ्रीकी देशों जैसे कैमरून, सूडान, रवांडा, आइवरी कोस्ट, लाइबेरिया, (इक्वाटोरियल) गिनीया, स्वाजिलैण्ड, साउथ सूडा, युगांडा, जाम्बिया और गिनिया बिसाउ की यात्रा करने वाले वी के पोस्टपेड उपभोक्ता अब मात्र रु 749 से शुरू होने वाले इंटरनेशनल रोमिंग पैक के साथ सहज कनेक्टिविटी का लाभ उठा सकते हैं। वी अपने पोस्टपेड उपभोक्ताओं के लिए इंटरनेशनल रोमिंग पैक के कई विकल्प लाए गए हैं जैसे 24 घंटे का पैक, 10 दिन का पैक, 14 दिन का पैक और 30 दिन का पैक।

इनके साथ वे विदेश यात्रा के दौरान भी अपने प्रियजनों के साथ जुड़े रह सकते हैं। साथ ही वी का ह्यऑलवेज ऑनह्व फीचर उन्हें किसी भी पैक की एक्सपायरी के बाद उन्हें उंचे इंटरनेशनल रोमिंग शुल्क से सुरक्षित रखता है।

वी हर यात्री की जरूरत के अनुसार सर्वश्रेष्ठ इंटरनेशनल रोमिंग पैक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इन अतिरिक्त देशों के साथ वी के उपभोक्ता अब दुनिया भर के 117 देशों में उचित कीमतों पर सहज इंटरनेशनल रोमिंग पैक्स का लाभ उठा सकते हैं।

# 'चुनाव प्रचार में ऊर्जा के अतिरिक्त प्रबंधन कौशल का करें उपयोग'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में लोकसभा चुनाव के लिए समीक्षा बैठक लोकसभा चुनाव प्रभारी यमुनानगर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा की अध्यक्षता एवं चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक घरोंडा विधायक हरविंद्र कल्याण की मौजूदगी में सम्पन्न हुई।



बैठक में घनश्याम दास अरोड़ा ने लोक सभा चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों का आह्वान किया कि वे चुनाव प्रचार के कार्य में न केवल ऊर्जा बल्कि अपने प्रबंधन कौशल का भी सटीक उपयोग करें। समाज का कोई वर्ग और संसदीय क्षेत्र का कोई हिस्सा ऐसा न रहे, जहाँ पार्टी के कार्यकर्ता और नेता पूर्व मुख्यमंत्री करनाल लोक सभा प्रत्याशी मनोहर लाल एवं विधानसभा उप चुनाव प्रत्याशी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए वोट माँगने न पहुँचे।

# 'सिरसा की सिख बाहुल सीटों का ब्लूप्रिंट तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी सरदार गुरप्रीत सिंह ने बताया कि देशभर का सिख समाज प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार फिर प्रधानमन्त्री बनाने के लिए बढ़-चढकर कमल का बटन दबाकर 400 पार के संकल्प को पुरा करने में मदद करेगा। हरियाणा की करनाल, कुरुक्षेत्र, अम्बाला व सिरसा की सिख बाहुल सीटों का ब्लूप्रींट तैयार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने सिखों की भावना को समझकर करतारपुर कोरिडोर बनवाया है। यह कोरिडोर बनना सिख समाज के लिए भगवान राम मन्दिर की तरह खुशी देने वाला है, छोटे साहिबजादों की याद में वीरबाल दिवस की घोषणा के साथ-साथ साढे पाँच सौ साला व साढे तीन सौ साला समागम मनाकर नरेन्द्र मोदी ने सिख समाज का दिल जीत लिया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सिखों के हर बड़े आयोजन में सिर पर खण्डे वाले निशान का पटका पहनकर सिख गुरुओं की शरण में दण्डवत सिर झुकाने वाले पहले प्रधानमन्त्री हैं। सिख जत्थेदारों से मिलकर अगली रूपरेखा तैयार की जाएगी।



इस अवसर पर भाजपा हरियाणा के विकसित भारत विकसित हरियाणा के सम्पर्क प्रमुख रघुमल भट्ट वाल्मीकि, राजसिंह गोदारा, आरडी अरोड़ा व पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**रोडमैप**

8 पटका पहनकर सिख गुरुओं की शरण में दण्डवत सिर झुकाने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं

# भाजपा अप्रत्याशित जीत की ओर अग्रसर: धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं दिल्ली प्रदेश प्रभारी औमप्रकाश धनखड़ ने वीरवार को पश्चिमी दिल्ली सीट से पार्टी प्रत्याशी कमलजीत सहरावत का नामांकन कराया। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ,दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, संगठन महामंत्री पवन राणा सहित जोश व उत्साह के साथ उमड़े जनसैलाब के जय श्रीराम के गगनभेदी नारों के बीच कमलजीत सहरावत ने अपना नामांकन दाखिल किया ।



धनखड़ ने कहा कि पहले दो चरणों के मतदान की रिपोर्ट भाजपा कार्यकर्ताओ का उत्साह बढ़ाने वाली है। मोदी जी के सशक्त नेतृत्व में भाजपा अप्रत्याशित जीत की ओर अग्रसर है। देश की समझदार जनता जनार्दन ने इंडी गठबंधन के दुष्प्रचार की हवा निकाल दी है। अफवाह ज्यादा देर नहीं टिकती। कांग्रेस लोगों को धर्म और जाति के नाम पर आपस में लड़ाकर देश के टुकड़े टुकड़े करना चाहती है। भाजपा किसी भी कीमत पर कांग्रेस की इस बुरी मंशा को कभी पूरा नहीं होने देगी। पीएम मोदी ने बार बार दोहराया है कि आरक्षण को खत्म नही किया जा सकता और न ही बाबा साहेब का संविधान बदला जा सकता है। कांग्रेस अफवाह फैलाकर समाज को आरक्षण के नाम पर आपस में लड़ाना चाहती है। धर्म के नाम पर भावनाएं भड़का रही है। इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा चुनाव के दौरान संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने जैसी अफवाह फैलाई जा रही हैं। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस ऐसी अफवाह फैलाकर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान कर रही है। हमारा संकल्प पत्र और पार्टी की नीति है कि सबका साथ - सबका विकास और सबका विश्वास। भाजपा देश को धर्म और जाति के आधार पर बांटने वालों के मंसूबे कभी पूरे नहीं होने देगी। दिल्ली प्रभारी धनखड़ ने पार्टी प्रत्याशी कमलजीत सहरावत को पश्चिमी दिल्ली से ऐतिहासिक जीत की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली के मतदाताओं को अपने लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अडिग भरोसा है । समान नागरिक सहिता का कानून बनाने में दिल्ली की शत प्रतिशत भागीदारी होनी चाहिए। भाजपा की मोदी सरकार ने धारा 370 हटाई थी जब भी उसमे दिल्ली की शत प्रतिशत भागीदारी थी।

राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि देश की जनता के साथ दिल्ली के लोग भी लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जनमत के साथ मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुके हैं। दिल्ली प्रदेश की सातों सीटों पर भाजपा बड़े बहुमत के साथ जीत रही है। दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के भ्रष्ट गठबंधन को सिरे से नकार दिया है। दिल्ली के समझदार मतदाता मोदी के कुशल व सशक्त नेतृत्व में देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता हुआ देखना चाहते हैं।

**दावा**

8 पहले और दूसरे चरण के मतदान की रिपोर्ट उम्मीदों से भी बढ़कर, कार्यकर्ता उत्साहित

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत: मुरथल** थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संजीत निवासी खडवाली रोहतक का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने गत 6 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह उसकी नाबालिग लड़क ये को बहला- फुसलाकर उसके साथ संजीत ने दुष्कर्म किया। किसी ने कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

## पड़ोसी पर डंडे से पिटाई व मोबाइल नकदी छीनने का आरोप

**सोनीपत:** सदर थाना क्षेत्र के गांव ठरू में ग्रामीण को अपने सो रहे पड़ोसी को खाना खाने के लिए उठान्ह्मा महंगा पड़ गया। आरोप है कि पड़ोसी ने ग्रामीण क्टी डंडे से पिटाई कर दी। पीड़ित ने मोबाइल व नकदी छीनकर ले जाने का आरोप लगाया है। ुलिस ने सूखीलहाल ा मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव ठरू निवासी रामप्रसाद ने बताया कि वह मंगलवार रात को अपने पड़ोसी के घर पर उसे खा न्ह्मा खाने के लिए पूछने गए थे। उस समय उनका पड़ोसी सो रहा था। उन्होंने उसे नींद से जगाया तो वह गुस्सा हो गया। ाने डंडे से उसके चेहरे पर वार कर घायल कर दिया।

# 'योग की डोज, रखेगी स्वस्थ हर रोज'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत फव्वारा पार्क योग कक्षा में योग गुरु दिनेश गुलाटी ने योग का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि सुबह प्रकृति के सानिध्य में योग करने से व्यक्ति ताउम्र स्वस्थ रह सकता है। योग स्वास्थ्य के लिए वरदान है। योग द्वारा स्वास्थ्य को नियंत्रित और विस्तार किया जाता है। इसी योग और नियंत्रित स्वास्थ्य का संयोजन दिमाग और शरीर को शक्तिशाली बनाता है।



उन्होंने विभिन्न प्रकार के योग क्रियाएं और तरह-तरह के आसान त्रिकोणासन, वीरभद्रासन, पंछी आसान, और साथ ही प्राणायाम का अभ्यास करवाया। योग शिक्षिका नीलम बटला ने साधनों को हास्य आसान और सिंह गर्जना का अभ्यास करवाया शिक्षिका वीना धीर और एनएफ चौधरी यहां मौजूद रही। दिनेश गुलाटी ने योग के एक महत्वपूर्ण अंग ध्यान अर्थात मेडिटेशन करवाते हुए कहा कि ध्यान और योग दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। लगातार ध्यान लगाने से मन शांत और शरीर से होता है। ध्यान से हम अपने इंद्रियों को नियंत्रित और तनाव को दूर कर सकते हैं। ध्यान हमारे हार्मोनल संतुलन को बनाए रखता है और शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार करता है। ध्यान द्वारा शरीर ऐसी अवस्था में पहुंच जाता है, जहां हम स्वयं को बहुत हल्का और विचारों से मुक्त अनुभव करते हैं। अन्य उपस्थित साधकों में कविता, निर्मला, विशाखा, रजनी, मीनू, पूजा, राहुल, गौरव, अजय, रमेश चावला मौजूद रहे।

## संपादकीय

# आम चुनाव और मुस्लिम तुष्टीकरण

**आम** चुनाव के मतदान के दो चरण समाप्त हो जाने के बाद सभी राजनीतिक दलों को जनता के मध्य अपनी स्थिति की वास्तविकता का कुछ सीमा तक पता चल गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की सम्भावना वाली भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए विपक्ष ने एक बार फिर मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल खेलना प्रारम्भ कर दिया है। तथाकथित इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता लगातार भड़काऊ और नफरत भरी बयानबाजी कर रहे हैं, जिसमें अब वोट जिहाद और तालिबान भी आ गया है। दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ आतंकी फंडिंग मामले में सजा काट रहे यासीन मलिक का फोटो लगाया गया है। पोस्टर में यासीन मलिक की रिहाई के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई है। हालांकि जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने यह पोस्टर हटा दिया। आतंकी यासीन मलिक कुख्यात अलगवावादी है जिससे 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुलाकात की थी। अब मलिक आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और अभी उस पर कई और मुकदमे चल रहे हैं। कांग्रेस केरल में प्रतिबंधित पीएफआई जैसे संगठनों का सहयोग ले रही रही है और सनातन विरोधी बयानों पर चुप्पी साधे हुए है। मुस्लिम तुष्टीकरण का यह खुला खेल कांग्रेस ही नहीं अपितु भारत की सभी वामपंथी और अधिकांश क्षेत्रीय पार्टियां जमकर खेल रही हैं फिर चाहे वो उत्तर प्रदेश हो बिहार हो या पश्चिम बंगाल। विगत 10 वर्ष और अटल जी के कार्यकाल को छोड़ दें तो केंद्र तथा राज्यों में कांग्रेस व उसके गर्भ से निकले दलों व नेताओं ने ही सत्ता पर एकछत्र राज किया। ये सभी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भाजपा को हराने की बात करने वालों तथा कट्टरपंथियों का समर्थन कर मतदान को मजहब के आधार पर प्रभावित किया करते थे। भाजपा द्वारा धर्मनिरपेक्षता की सच्ची रेखा खींचने के बाद इन दलों के नेताओं के सामने अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने का संकट खड़ा हो गया है और ये वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अभी तक सपा, बसपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दल अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी जैसे माफिया को अपने राजनीतिक लाभ के लिए पाला पोसा करते थे अब उनके लिए फातिहा पढ़ रहे हैं और धूर्तता के साथ उन्हें गरीबों का मसीहा बताकर मुसलमानों का वोट मांग रहे हैं । पहले ये माफिया बूथ लूटकर व मतदान के समय बम, गोलियां दागकर वोट जिहाद किया करते थे अब उनके नेता व गुर्गे इनको शहीद बताकर मुस्लिम समाज को भड़का रहे हैं। उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद में कायमगंज के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व विदेशमंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी सपा नेता मारिया आलम खां ने वोट जिहाद का नारा देकर समाजवादियों की मुश्किल बढ़ा दी है। मारिया आलम खां ने कहा कि हर महिला और हर पुरुष वोट जिहाद करके संविधान बचाने की इस जंग को लड़ेगा। प्रदेश में वोट जिहाद शब्द को लेकर राजनीतिक बयानबाजी अब काफी तल्ख हो गई है। सपा-कांग्रेस गठबंधन हो जाने के कारण इस बार सलमान खुर्शीद का परिवार चुनावी मैदान से भले ही दूर हो गया हो किंतु अपने सहयोगी दलों के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार कर रहा है।

# कोरोना वैक्सीन पर राजनीति ठीक नहीं

रोहित माहेश्वरी

"इन डोजेज में 1 अरब 70 करोड़ डोजेज कॉविशील्ड के लगे हैं। वहीं, दुनिया में एस्ट्रेजनेका के 2 अरब 50 करोड़ से ज्यादा डोजेज लगाए गए हैं। लेकिन 2021 में ही यूरोपियन मेडिसिन एजेंसी ने 222 लोगों में एस्ट्रेजनेका की वजह से ब्लड क्लोटिंग की बात कही थी। मसलन उस वक्त लाख में 1 को खतरा था। वो भी यूरोपीय देशों में। भारत की जानकारी में भी ब्लड क्लोटिंग की बात थी और नजर और निगरानी इस पर रखी गई, लेकिन फायदा का आंकड़ा बहुत बड़ा था और नुकसान नगण्य है। यह भी तार्किक है कि कोई दवा अथवा वैक्सीन यदि असर करती है तो उसके साइड इफेक्ट भी निश्चित रूप से होते हैं। कुछ विशेषज्ञ वैक्सीन के दुष्प्रभावों के आरोपों के मूल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रही वैक्सीन राजनीति को भी बताते हैं"

**कोरोना** महामारी से दुनिया भर में लाखों लोगों की मौत हुई। कोविड से बचाव के लिए कई देशों की सरकारों की तरफ से आनन फानन में लोगों के लिए वैक्सीन की व्यवस्था की गयी। दुनिया की कई कंपनियों ने कोविड वैक्सीन बनाया था। उन्हीं में से एक कंपनी एस्ट्राजेनेका थी। एस्ट्राजेनेका जिसने कोविशील्ड नामक कोरोना वैक्सीन का निर्माण किया था ने स्वीकार किया है कि उसके द्वारा बनाए गए वैक्सीन से लोगों को कुछ साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। कंपनी ने कहा है कि इससे खून के थक्के जमने की संभावना है। भारत में 1 अरब 70 करोड़ डोजेज कोविशील्ड के लगाए गए थे। लेकिन चिकित्सकों ने इसे घबराहट का मुद्दा न मानने की सलाह दी है। ब्रिटेन की कंपनी एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के बनाए टीके को भारत में कोविशील्ड के नाम से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने बेचा और वितरित किया। चूंकि इतने लंबे अंतराल के बाद ब्रिटिश मीडिया के जरिए यह खुलासा हुआ है कि एस्ट्राजेनेका के टीके से खून में थक्के जम सकते हैं और व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ सकता है। कंपनी ने अदालत में यह स्वीकार भी किया है, लेकिन इसे दुर्लभ प्रभाव भी माना है। कोविशील्ड वैक्सीन के प्रभाव और इसके जोखिमों को लेकर लंदन से आई खबर के बाद भारत में बवाल मच गया है। अब इस मामले पर सियासत भी तेज हो गई है। इस बीच कांग्रेस अधक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सपा प्रमुख अखिलेष यादव ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। अखिलेश ने कहा कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से चंदा लेकर उसे परमिशन दी गई, मामले की हाई लेवल जांच होनी चाहिए। गौरतलब है कि कोरोना काल में भी वैक्सीन का लेकर खूब राजनीति हुई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट 2021 में आई थी, जिसका निष्कर्ष था कि कोरोना टीके से 10,000 में से मात्र एक व्यक्ति ही साइड इफेक्ट का शिकार होता है। खबर इसलिए चिंतित करती है, क्योंकि भारत में सर्वाधिक 175 करोड़ खुराकें कोविशील्ड टीके की दी गई थीं और 36.39 करोड़ खुराकें कोवैक्सीन टीके की दी गईं। इस टीके के निर्माण में भारत सरकार की भी हिस्सेदारी है। बहरहाल ब्रिटेन में कोरोना टीके के दुष्प्रभावों के मद्देनजर 163 लोगों को मुआवजा दिया गया। उनमें से 158 लोगों



ने एस्ट्राजेनेका का टीका लगवाया था। कोरोना-काल में टीकाकरण ने दुनिया में 60 लाख से अधिक बीमारों को नई जिंदगी दी और भारत में करीब 34 लाख संक्रमितों को नई सांस दी थी। भारत जैसे घनी और संकरी आबादी वाले देश में यह डाटा बेहद महत्वपूर्ण और मानवीय माना जा सकता है। भारत में 220 करोड़ से ज्यादा खुराकें दी गईं। उनमें से 254 लोगों पर ही टीके के दुष्प्रभाव सामने आए, लिहाजा भारत में टीके का उलटा असर 0.00001 फीसदी ही रहा। चिकित्सकों का भी कहना है कि टीके से औसतन 10 लाख लोगों में से जानलेवा जोखिम मात्र एक व्यक्ति को ही देखा गया, जबकि टीके ने महामारी की घातकता 80-90 फीसदी तक कम की। रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाई। दरअसल थक्का जमने की बीमारी को मेडिकल भाषा में टीटीएस सिंड्रोम कहते हैं, जो करीब 100 साल पुराना है। दिल का अचानक दौरा पडना, अचानक अचेत होकर जमीन पर गिर जाना, हार्ट अटैक से मौत हो जाना आदि कोरोना टीका लगाने से पहले भी मौजूद थे। यदि 2022 में, कोरोना के चरम के ऐन बाद, हार्ट अटैक से 32,410 अचानक मौतें हुईं, तो 2019 से पहले भी 24-25,000 ऐसी ही मौतें हुई थीं। चिकित्सकों का सवाल है कि वे मौतें क्यों हुई? तब तो कोरोना महामारी नहीं थी? लिहाजा शोधरत चिकित्सकों की स्थापना है कि ऐसा कोई वैज्ञानिक और क्लीनिकल साक्ष्य नहीं है, जो कोरोना टीके का सीधा संबंध मौत के साथ साबित करता हो। ब्रिटिश अदालत में 51 केस एस्ट्राजेनेका के खिलाफ दर्ज किए गए। मुख्य रूप से जेमी स्कॉट अदालत गए और टीके से पीड़ित लोगों ने कंपनी से 1000 करोड़ रुपए तक के मुआवजे मांगे। करीब 20 देशों ने एस्ट्राजेनेका के टीके पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन ये सभी अर्द्धसत्य ही थे।

मीडिया रिपोटर्स के अनुसार भारत में कोविड के टीके का करीब 2 अरब 21 करोड़ डोजेज लोगों को लगाए गए हैं। भारत में 93 प्रतिशत लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया है। कोविड वैक्सीन को मॉनिटर करने वाली ऐप कोविन की डेटा के अनुसार एईएफआई के मामले 0.007 प्रतिशत हैं। इन डोजेज में 1 अरब 70 करोड़ डोजेज कॉविशील्ड के लगे हैं। वहीं, दुनिया में एस्ट्रेजनेका के 2 अरब 50 करोड़ से ज्यादा डोजेज लगाए गए हैं। लेकिन 2021 में ही यूरोपियन मेडिसिन एजेंसी ने 222 लोगों में एस्ट्रेजनेका की वजह से ब्लड क्लोटिंग की बात कही थी। मसलन उस वक्त लाख में 1 को खतरा था। वो भी यूरोपीय देशों में। भारत की जानकारी में भी ब्लड क्लोटिंग की बात थी और नजर और निगरानी इस पर रखी गई, लेकिन फायदा का आंकड़ा बहुत बड़ा था और नुकसान नगण्य है। यह भी तार्किक है कि कोई दवा अथवा वैक्सीन यदि असर करती है तो उसके साइड इफेक्ट भी निश्चित रूप से होते हैं। कुछ विशेषज्ञ वैक्सीन के दुष्प्रभावों के आरोपों के मूल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रही वैक्सीन राजनीति को भी बताते हैं। कुछ अमेरिकी विशेषज्ञ वैक्सीन के दुष्प्रभावों को दूर करने के लिये हफ्ते में दो दिन सिर्फ एक बार खाना खाने की सलाह देते हैं, जिससे ब्लड क्लॉटिंग रोकने में मदद मिल सकती है। किसी भी टीके के रोल आउट के बाद एईएफआई यानी आफ्टर इवेंट्स फॉलोइंग इम्यूनाइजेशन को देखा जाता है। ठीक ऐसा ही भारत सरकार ने कोरोना के टीके लगने के दौरान लंबे वक्त तक मॉनिटरिंग की। पोर्टल बना। कमेटी बनी। समय समय पर इसको देखा गया। अब एस्ट्रेजनेका को लेकर आई खबर के बाद भारत के कोविशील्ड सवालों के घेरे में है, हालांकि जानकारों का मानना है कि इतना लंबा असर नहीं होता है। कोई दिक्कत आती है तो या तो टीके के तुरंत बाद दिखती है या फिर महीने से डेढ़ महीने में असर दिखना शुरू हो जाता है। असर दिखा भी पर एईएफआई का वो फीसद भारत में टीके के बाद 0.007 प्रतिषत है। लिहाजा अब डरने की बात नहीं है। जब दुनिया में कोरोना महामारी फैली थी, तब हाहाकार यही था कि किस तरह मनुष्य को बचाया जाए? लोग संक्रमण, ऑक्सीजन की कमी, सांस की निरंतरता टूटने, फेफड़ों के फेल हो जाने के कारण मर रहे थे। यदि किसी का संक्रमण सामने आया, तो यह निश्चित नहीं था कि वह जिंदा रहेगा या नहीं। भारत में कोरोना वायरस अब भी मौजूद है, क्योंकि एक माह में औसतन 3000 संक्रमित मामले दर्ज किए जा रहे हैं। विश्व में कोरोना महामारी से करीब 70 लाख मौतें हुई, लेकिन आज हम अपेक्षाकृत आश्वस्त हैं। हमने टीकाकरण कराया है या हम संक्रमित हो चुके हैं। दोनों ही स्थितियों में रोग प्रतिरोधक क्षमता हमारे भीतर पर्याप्त है। हमें घबराना नहीं चाहिए, क्योंकि डॉक्टरों के निष्कर्ष हैं कि टीके के दुष्प्रभाव अधिकतम 6 महीने के दौरान सामने आ जाते हैं, जबकि कोरोना खत्म हुए और टीकाकरण का अभियान सम्पन्न हुए 2 साल से अधिक का समय गुजर चुका है। जो होना था, वह हो चुका, शेष अतीत हो गया। लिहाजा बीमार करने वाले लक्षणों से जरूर बचें। चिकित्सा विशेषज्ञ सलाह दे रहे हैं कि जिन्होंने कोरोना की वैक्सीन लगाई है, उन्हें डरने की कोई जरूरत नहीं है। इस मामले में राजनीतिक बयानबाजी और राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है। ये मामला आमजन के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मसला है। आमजन को भी राजनीति और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही खबरों की बजाय चिकित्सा विशेषज्ञों की बात पर विश्वास करना चाहिए।

## कविता

आकृती ऐसी बनाना चाहता हूं।

आकृती ऐसी बनाना चाहता हूं
जो सीधी भी,
सादी भी,
बोल दे सारी मन की व्यथा भी।

फूलों की दीपमाला सी
धूप दीप सी
मंत्रोचार सी।

जिसे चाह ना हो माया की,
खुली हर पीड़ित के लिए
जिसकी बाहें हो।

नयन जिसके आतुर हो
हर पल हर घड़ी
प्रभु दर्शन के लिए।

हर दिल की पीड़ा घोले
आंखों में जिसकी
झलकता प्यार हो।

हंसी में जिसकी
हरसृंगार फूल सा खिलता
रुपहला सारा संसार हो।

आकृती बनाना चाहता हूं
इंद्रधनुषी रंगों सेओत-प्रोत
मानवीय संभावनाओं के

संजीव

# सँवारकांठा से देश के सामने आर्तनाद

राकेश अचल

**देश की** राजनीति को रसातल में ले जाने का जो महायज्ञ देश में 2014 में प्रारम्भ हुआ था ,लगता है अब उसमें पूर्ण आहुति दी जा रही है। सांबरकांठा में दुनिया ने देश के सबसे ताकतवर प्रधानमंत्री का अरण्यरोदन देखा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सर से न कांग्रेस का भूत उतर रहा है और न कांग्रेस के शाहजादे का। वे कांग्रेस और राहुल गांधी के नाम से इतने आतंकित हैं की अब अपनी पार्टी के चुनाव घोषणापत्र और खुद अपनी गारंटियों का जिक्र करना भूल गए हैं।

माननीय प्रधानमंत्री अठारहवीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनावों को हर दिन एक नई दिशा में ले जाने की कोशिश करते नजर आते हैं। चुनावी मुद्दों पर ठीके रहने में वे पूरी तरह नाकाम रहे हैं। मुझे शुरू में लग रहा था की माननीय मोदी जी 2014 में जैसे अच्छे दिन आएंगे का नारा देकर चुनाव जीत गए थे उसी तरह 2024 में भी मोदी गारंटियों के सहारे आसानी से चुनाव जीत जायेंगे ,किन्तु अब लगता है कि मोदी जी के हाथ से कांग्रेस ने उनका अभिमंत्रित रक्षासूत्र छीन लिया है। रक्षा सूत्र कमजोर होने से बिलबिलाये माननीय मोदी जी अब मंगलसूत्र छीनने का भय देश की महिलाओं को दिखाकर अपना वोट बैंक साध रहे हैं। मै माननीय मोदी जी की दृढ इच्छाशक्ति, दूर-दृष्टि और पक्के इरादों का कायल हूँ । हालांकि अतीत में ये तीनों तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी दवारा आपातकाल के समय गढ़े गए नारे थे। इंदिरागांधी पर देश को आपातकाल की अंधी सुरंग में धकेलने का आरोप था । देश की जनता ने उन्हें सत्ता से हटा भी दिया था ,लेकिन वे कभी भी विचलित नहीं दिखीं और ढाई साल बाद ही सत्ता में वापस लौट आयीं। बाद में उन्होंने देश के लिए शहादत भी दी। माननीय मोदी जी को अभी किसी ने सत्ता से बेदखल नहीं किय। वे दूसरा चुनाव भी प्रचंड मतों से जीते ,लेकिन तीसरी बार सत्ता में आने की हड़बड़ी ने उनके सर पर कांग्रेस और राहुल गांधी का भूत ऐसा सवार किया है की उतरने का नाम ही नहीं ले रहा। मुझे अच्छा लगता है कि कम से कम कांग्रेस और राहुल गांधी ने पिछले दस साल में अपनी हैसियत ऐसे भूत की तो बना ही ली जो माननीय प्रधानमंत्री का चैन उड़ाए हुए है। माननीय कांग्रेस और राहुल गांधी के साथ ही इस देश के मुसलमानों को हुआ बनाकर बहुसंख्यक हिन्दू समाज के सामने खड़ा करने की कोशिश कर चुके हैं। बहु सनख्यक हिन्दू मुसलमानों को हौआ बताने से डरे या विचलित हुए ये अभी किसी को पता नहीं है ,लेकिन सत्तारूढ़ दल की घबड़ाहट बता रही है कि दाल में काला जरूर है। भाजपा एक और देश के बीस करोड़ मुसलमानों को आतंकी ,मानती है लेकिन दूसरी और मुसलमानों के लिए भाजपा सरकार द्वारा किये गए कार्यों को गिनाने लगती है। ,माननीय प्रधानमंत्री बीतते रोज अपने गृह प्रदेश गुजरात में थे। लगता है की भाजपा इस बार गुजरात को क्लीन-स्वीप नहींकरने जा रही।

## विचार

# वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक

**विचार** और सिद्धांत व्यक्ति के अंदर की अतः प्रज्ञा होती है। और यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए अंतरात्मा को प्रभावित करती है और इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतःप्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर प्रस्फुटित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति सुकरात हुआ करते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# एक कुर्सीधारी की कहानी

डॉ सुरेश कुमार

**हे भगवान**, ये कुर्सी और सिंहासन के चक्कर में हम कितने चूर-चूर हो गए हैं, न? पहले जब कोई सिंहासन पर बैठता था, तो वह सिंह बन जाता था, और अब कुर्सी पर बैठते ही व्यक्ति को लगता है कि वह तानाशाह बन गया है! पर बात तो यह है कि सिंहासन और कुर्सी में कुछ ज्यादा बड़ा अंतर नहीं है। जैसे ही कोई कुर्सी पर बैठता है, उसकी अहमियत का सिंह बनकर उसके दिल में दहाड़ने लगता है! और इस तंत्र की उत्पत्ति पर क्या कहें! यह अंग्रेजों की देन है, पर कुर्सी का सिंहासनी अस्तित्व हमारे देश में बहुत पहले से है। जब किसी हिन्दुस्तानी को पहली बार किसी सिंहासन जैसी कुर्सी पर बैठने का मौका मिलता है, तो उसके दोस्त और चमचे उसे चीयर कहते हैं। चीयर का अपभ्रंश चेयर हो गया, और अब यह शब्द हिन्दुस्तान की हर गली-मोहल्ले में मिल जाता है! कभी-कभी मुझे लगता है कि हम सभी भगवान के एक ही चुटकुले हैं, और वह है - "कुर्सी पर बैठने के बाद सबका सिर घुम जाता है!" अरे भगवान, यही है हमारी हालत। पहले जब कोई सिंहासन पर बैठता था, तो वह सिंह बन जाता था, और अब कुर्सी पर बैठते ही व्यक्ति को लगता है कि वह तानाशाह बन गया है! पर यह सब कुछ भी नहीं है। जैसे ही कोई कुर्सी पर बैठता है, उसकी अहमियत का सिंह बनकर उसके दिल में दहाड़ने लगता है! पहले बात तो यह है कि अंग्रेजों ने हमें तो कुर्सी का सिंहासनी अस्तित्व दिया, पर क्या हम उनका स्वागत करें? और जब हिन्दुस्तानी को पहली बार किसी सिंहासन जैसी कुर्सी पर बैठने का मौका मिलता है, तो उसे उसके दोस्त चीयर कहते हैं! चीयर का अपभ्रंश चेयर हो गया, और अब यह शब्द हिन्दुस्तान की हर गली-मोहल्ले में मिल जाता है!

मेरा एक मित्र था, उसने एक बड़ी सी कुर्सी पर अपना हक जमाया। पर क्या था! जैसे ही उसने उस पर बैठने का दावा किया, उसके मुँह से टेढ़े शब्द निकलने लगे! उसका टेढ़ा मुँह सीधे होने के बाद उसके शब्द भी सीधे हो गए, पर जब मैंने उसकी कुर्सी की जाँच की, तो मुझे उसके अंदर खटमलों की भीषण सेना का पता चला! और उन खटमलों ने मुझे बहुत कुछ सिखाया, जैसे कि कुसीर्धारी के रक्त में से कितने भयंकर जर्म्स निकलते हैं!

# भाषा व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक

विजय गर्ग

**भाषा** व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है, वैसे ही जैसे रोटी, कपड़ा और मकान। व्यक्ति की पहली भाषा ही उसकी जातीय पहचान और उसकी आंतरिक क्षमता के विस्तार का सशक्त माध्यम होती है। इसलिए व्यक्ति की क्षमता का महत्तम उद्घोष उसकी मातृभाषा में होता है। जाहिर है कि भारत जैसे बहुभाषिक देश में अल्पसंख्यक भाषाओं के संकुचन को स्वीकार करना दरअसल लोगों की मौलिक क्षमता के विस्तार में व्यवधान उत्पन्न करने के समान और राष्ट्र की व्यापक क्षमता के विकास को रोकने जैसा है। हालांकि, भारत में भाषाई अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक की बहस पुरानी है, लेकिन धरातल पर जो नीति बनी, वह सब अंग्रेजी और उसके इर्द-गिर्द घूमती रही। इसलिए नीति-निर्माण, अनुपालन की मानसिकता, शिक्षण, शोध और रोजगार जैसे क्षेत्रों में अंग्रेजी का वर्चस्व बढ़ता गया। भारतीय भाषाओं को द्वितीयक होना पड़ा है। इसका जो नुकसान सामान्य संदर्भों में हुआ, उनका मूल्यांकन होना बाकी ही था कि आज इन्हीं कारणों से डिजिटल संदर्भों में भारतीय भाषाओं और प्रकारांतर से उनके मूल भाषा- भाषियों को जो नुकसान हो रहा है, वह पहले से अधिक भयावह है।

अगर राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में देश की भाषाओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाई गई होती, तो भारतीय भाषाएं अंग्रेजी के संघर्ष में एक बेहतर स्थिति में होतीं और आज कृत्रिम मेधा वाले दौर में उन पर आसन्न नए खतरे अपेक्षाकृत कम होते। ध्यान रहे कि हमारे संविधान निमार्ता इसको लेकर सजग थे और भाषाई अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा के लिए अनुच्छेद 29 (1) के माध्यम से भारत के किसी भी हिस्से में रहने वाले नागरिकों की अपनी विशिष्ट भाषा, लिपि या संस्कृति को संरक्षित करने का अधिकार, अनुच्छेद 29 (2) द्वारा राज्य निधि से सहायता प्राप्त करने वाले किसी भी शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश पाने का अधिकार और अनुच्छेद 30 (1) के माध्यम से भाषा सहित सभी अल्पसंख्यकों को अपनी पसंद के शैक्षणिक संस्थान स्थापित और संचालित करने के अधिकार की व्यवस्था की गई थी। संयुक्त राष्ट्र घोषणा-पत्र के अनुच्छेद 1 (3) के माध्यम से भी आश्वासन दिया गया था।

## न्यूज फ्लैश

### मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय के छात्र ने लेफ्टिनेंट जनरल विकास को रैंक पहनाया



राई । मोतीलाल नेहरू खेलकूद विधालय राई के 1984 बैच के पूर्व छात्र विकास रोहिल्ला सेना में लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर आसीन हुए। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल विकास रोहिल्ला ने खेल स्कूल राई के ही एक सातवीं कक्षा के छात्र पंशुल व अपनी यूनिट के सूबेदार मेजर से अपने कंधों पर रैंक लगवाया । इस तरह से इतने बड़े पद पर पहुँचने के बाद भी अपने स्कूल को याद रखना अपने आप में मिशाल है। इस अवसर पर खेल स्कूल राई के प्रधानाचार्य कर्नल अशोक मोर बच्चों के दल के साथ समारोह स्थल पर पहुँचे। इसी पल को यादगार बनाने के लिए खेल स्कूल राई के पूर्व अध्यापकों व पूर्व छात्रों का एक बड़ा समूह समारोह में पहुँचा।कर्नल मोर ने बताया कि विकास रोहिल्ला लेफ्टिनेंट जनरल बनने वाले खेल स्कूल राई के तीसरे विद्यार्थी हैं।उन्होंने बताया कि विकास रोहिल्ला ने 1979 में खेल स्कूल में दाखिला लिया और 1984 में नेशनल डिफेंस अकेडमी ज्वाइन की। प्रधानाचार्य व निदेशक कर्नल अशोक मोर ने स्कूल के स्टाफ व बच्चों की तरफ से लेफ्टिनेंट जनरल विकास रोहिल्ला की समृति चिन्ह भेंट किया और उन्हें खेल स्कूल राई आने का न्योता भी दिया। लेफ्टिनेंट जनरल विकास रोहिल्ला ने स्कूल के छात्रों से अलग से काफी देर बातचीत की और उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही वे स्कूल में अपने सुनहरे समय को याद करने पहुँचेंगे।

### शुरू होने जा रहा समर फन: 02 मई से अमेजन डॉट इन की ग्रेट समर सेल का आनंद लें!

नोएडा। गर्मी की तपन बढ़ने के साथ, अमेजॅन इंडिया 02 मई, 2024 से शुरू होने जा रही अपनी मच अवेटेड अमेजॅन ग्रेट समर सेल के साथ वापस आ गया है। यहां आपको मिलती है शानदार डील्स और ऑफर्स के साथ #FunInTheSunWithAmazon । कस्टमर्स आईसीआईसीआई बैंक, बॉबकार्ड और वनकार्ड क्रेडिट/डेबिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 10% इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट के अलावा ढेर सारे अफोर्डेबल फाइनेंस ऑप्शन; डेबिट और क्रेडिट कार्ड और बजाज फिनसर्व पर नो-कॉस्ट ईएमआई, एक्सचेंज ऑफर, अन्य प्रमुख क्रेडिट/डेबिट कार्ड पर आकर्षक ऑफर और भी बहुत कुछ पा सकते हैं ।इस साल, कस्टमर्स को कारीगरों एवं बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टार्ट-अप, ब्रांड और लोकल नेबरहुड स्टोर्स के साथ स्मार्टफोन, कंज्यूमर्स इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रोसरी, फैशन एंड ब्यूटी एसेंशियल्स, होम एंड किचन, बड़े एप्लायसेंस, टीवी एवं अन्य कैटेगरी में विक्रेताओं के लाखों प्रोडक्ट पर बेहतरीन डीलस मिलेगी। कस्टमर्स वनप्लस, शियोमी, सैमसंग, एमआई, टीसीएल, पैम्पर, टाटा, एलजी, एचपी और लैक्मे जैसे ब्रांड के शानदार डील्स और ऑफर्स के साथ खरीदारी और बचत करके इस गर्मी को मजेदार और यादगार बना सकते हैं। अमेजन ग्रेट समर सेल के दौरान कस्टमर्स को 5,000 रुपये तक का रिवार्ड जीतने का भी मौका मिलेगा; आप सभी को ऑफर अनलॉक करने और कैशबैक पाने के लिए अमेजन डॉट इन पर अमेजन पे द्वारा केवल खरीदारी करना, बिलों का भुगतान करना, फोन रिचार्ज करना और पैसे एड करना या भेजना है। एमएसएमई के लिए बड़ी बचत: अमेजॅन बिजनेस पर बिजनेस कस्टमर्स जीएसटी इन्वोइस के साथ 28% तक की छूट और थोक खरीद छूट के साथ 40% से अधिक की बचत कर सकते हैं। बिजनेस कस्टमर्स को कम से कम कम खर्चे में अपने वर्कप्लेस को शानदार बनाने के लिए लेनोवो, कैनन, गोदरेज, ुँअइ, बॉश, इंटेल, माइक्रोसॉफ्ट जैसे टॉप ब्रांड और अन्य कंपनियों के लैपटॉप, हेडफोन, एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, नेटवर्किंग डिवाइस, पीसी कंपोनेंट, पर्सनल एवं वर्कप्लेस सेफ्टी प्रोडक्ट, पावर टूल्स, फर्नीचर, स्टेशनरी प्रोडक्ट जैसी कैटेगरी के 10,000 से ज्यादा प्रोडक्ट पर बिजनेस-एक्सक्लुशिव डील्स तक एक्सेस मिलेगी। इसके अलावा, उपभोक्ता अमेजॅन पे लेटर के साथ 60,000 रुपये तक का इंस्टेंट क्रेडिट + 12 महीने तक की ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, अमेजॅन पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड, अमेजॅन पे लेटर और सलेक्टेड क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई का ऑप्शन भी उपलब्ध है।

# भूपेंद्र हुड्डा के भाजपा प्रेम की वजह से कांग्रेस का बंटाधार तय: दिग्विजय

= दिग्विजय ने 60 से ज्यादा कार्यक्रम करके जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला के लिए मांगे वोट

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भाजपा के चहेते बन गए है। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा भाजपा के एजेंट बनकर कांग्रेस में फूट डालकर कांग्रेस को खत्म करने में लगे हुए है, ऐसे में हरियाणा में कांग्रेस का बंटाधार होना लाजमी है। वे वीरवार को उकलाना हलके के विभिन्न गांवों में जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। दिग्विजय ने 60 से ज्यादा कार्यक्रम करके ग्रामीणों से जेजेपी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि आज मौजूदा राज्य सरकार



की विफलता के कारण किसान परेशान है और पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के कार्यों को याद करते है। उन्होंने कहा कि नई सरकार से न तो समय पर किसानों की फसलें खरीदी गई और न ही समय पर भुगतान किया गया। दिग्विजय ने कहा कि मंडियों से अब तक गेहूं और सरसों का उठान न होना सरकार की लापरवाही को दशार्ता है, अगर भाजपा को किसानों की चिंता होती तो सरकार दुष्यंत चौटाला की तरह तुरंत किसानों की फसलें खरीदती और 48 घंटे में उसका भुगतान सीधा किसानों के खाते में करती। उन्होंने कहा कि वास्तव में बीजेपी जुमलों की सरकार बनकर रह गई है और यह बात जनता अच्छी तरह से समझती है। दिग्विजय चौटाला ने यह भी कहा कि हिसार लोकसभा की समझदार जनता दुष्यंत चौटाला के सांसद कार्यकाल को याद करती है कि कैसे दुष्यंत ने उस समय हिसार के साथ-साथ हरियाणा की भी संसद में आवाज बुलंद की थी। उन्होंने कहा कि इस बार क्षेत्र की जनता हिसार के हित में जेजेपी प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाकर इतिहास बनाएगी और महिला सांसद के रूप में नैना चौटाला को संसद में भेजेंगे। वहीं जेजेपी प्रत्याशी नैना सिंह चौटाला ने नारनौंद और बरवाला हलके में चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि जेजेपी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में विजय पताका फहराने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे है और उनकी मेहनत के आगे न बीजेपी टिक पाएगी और न ही कांग्रेस।

# 15 लाख की ठगी करने मामले में आरोपी महिला अरेस्ट

**टीम एक्शन नइंयिा**
**समालखा:** समालखा पुलिस ने गांव बुड़शाम निवासी युवक से विदेश भेजने के नाम पर 15लाख रुपए की ठगी करने मामले में गिरोह की आरोपी महिला को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया। आरोपी सोनिया चौपड़ा निवासी करनाल ठगी के अन्य मामले में पानीपत जेल में बंद थी।

समालखा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फुलकुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी महिला ने मामले में नामजद अपने साथी आरोपियों के साथ मिलकर ठगी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने आरोपी महिला से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही उसके कब्जे से ठगी की नगदी में से बचे 2500 रुपए बरामद कर बुधवार को आरोपी महिला को न्यायायल में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

इंस्पेक्टर फुलकुमार ने बताया कि गांव बुड़शाम निवासी जगदीश ने

**काबू**

**8 15 लाख रुपए की ठगी करने मामले में गिरोह की आरोपी को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया**

प्रदेश के गृह मंत्री को शिकायत देकर बताया था कि उसका लड़का सुखचैन काफी समय से नौकरी की तलाश में था। पड़ोसी सुरेंद्र ने इसका फायदा उठाते हुए सुखचैन को करनाल निवासी सोनिया चौपड़ा व सन्नी से मिलवाया। सुरेंद्र ने सुखचैन को बताया कि सोनिया व सन्नी बच्चों को कनाडा व अन्य देश में भेजकर वहा अच्छी नौकरी लगवाने का काम करते है। दोनों इसके बाद पानीपत में उसके ऑफिस में व गांव बुड़शाम में घर पर मिलने के लिए आए। सुखचैन को कनाडा भेजने और वहा नौकरी लगवाने के 23 लाख रुपए मांगे।

### पंचायती सामान चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**गन्नौर।** बजाना खुर्द गांव में अलग-अलग स्थानों से पंचायत द्वारा लगवाया गया सबमर्सिबल, आरओ व स्ट्रीट लाइट चोरी करने के आरोपित को थाना गन्नौर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित कृष्ण उर्फ काला बजाना खुर्द गांव का रहने वाला है। थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि गांव बजाना खुर्द की सरपंच नीरज शर्मा ने शिकायत दी थी कि गांव कश्यप चौपाल से पंचायती सबमर्सिबल की मोटर, स्ट्रीट लाइट व मंदिर में लगा आरओ चोरी हो गया। उन्होंने गांव के कृष्ण उर्फ काला के खिलाफ चोरी का आरोप लगाया था। पुलिस ने सरपंच नीरज शर्मा की शिकायत पर आरोपित कृष्ण उर्फ काला के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

# '90 प्रतिशत अपराधों की जड़ केवल और केवल नशा है'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख एव अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में निरंतर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। गुरुनानक कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में एक दिवसीय 183वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 412 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे से दूर रहने के लिए चर्चा करते हुए कहा कि एक ओर जहां प्रतिबंधित नशा मनुष्य के लिए घातक है, वहीं दूसरी ओर तंबाकू उत्पाद और मदिरा आदि भी समाज



और राष्ट्र के लिए एक बुराई हैं। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर दृष्टिपात करते हुए कहा कि पूरे संसार में एक वर्ष में औसतन 70 लाख लोग तंबाकू के सेवन से मरते हैं, जबकि भारत में औसतन प्रतिवर्ष 17 लाख लोगों की मृत्यु तंबाकू के कारण होती है। मदिरा अर्थात शराब के नशे में व्यक्ति अपराध करता है, लेकिन सूखा नशा मनुष्य के मस्तिष्क को इतना अधिक प्रभावित करता है कि ऐसा व्यक्ति हिंसक हो जाता है।

नशे के प्रभाव में वह कोई भी अपराध कर सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि 90 प्रतिशत अपराधों की जड़ केवल और केवल नशा है। उन्होंने एक कविता नशा मुक्त हो भारत मेरा ऐसी सोच बनानी है, के

**जागरूक किया**

**8 183वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 412 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया।**

गायन से भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में उन्होंने सभी उपस्थित विद्यार्थियों से शपथ ग्रहण करवाई कि वे जीवन में कोई भी नशा नहीं करेंगे और नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गुप्त सूचना 9050891508 पर देंगे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार नशा करने वाले व्यक्ति को पीड़ित मानकर उसका सरकारी अस्पतालों में निशुल्क उपचार करा रही है।

### इसुजु मोटर्स ने भारत में न्यू लाईफस्टाईल पिक अप मॉडल्स पेश किये

**चंडीगढ़/लुधियाना:** गतिशील भारतीय उपभोक्ताओं की जीवनशैली की भावना को बढ़ावा देने के लिये इसुजू मोटर्स ने लाईफस्टाईल पिक अप को बाजार में उतारा है जो इस सैगमेंट में एक ट्रेंड स्थापित करने की दिशा में इसुजु की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। नये लांच किये गये वाहनो की कीमत 21,19,900 रुपये (हाईलैंडर), 25,51,700 रुपये से शुरू (वी क्रॉस जैड) और 26,91,700 रुपये से शुरू (वी क्रॉस जैड प्रेसटीज), एक्स शोरुम चैन्नई है। लेटेस्ट वी क्रॉस प्रेसटीज वेरियंट एक्सटिरयर में कई खूबसूरत लेकिन उत्तम दर्जे के ऐलीमेंट्स के साथ स्टाईल को बढ़ाता है। इसकी समूची अपील डार्क ग्रे में बखूबी उभरती है। गाड़ी का ओरिजनल डिजाईन साईबोर्ग - ओर्का से प्रेरित है जो कि दर्जनों बोल्ड स्टाईलिंग ऐलीमेंट्स को बेहरतीन रुप से उकेरता है। ट्रांक्शन कंट्रोल सिस्टम (टीसीएस), इलेक्ट्रोनिक स्टेबलिटी कंट्रोल (ईएससी), हिल डिसेंट कंट्रोल (एचडीसी), हिल स्टार्ट एसिस्ट (एचएसए) को एक्टिव सेफ्टी सिस्टम्स की दृष्टि से सभी मैन्युअल ट्रांसमिशन मॉडल्स में पेश किया गया है। पैसिव सेफ्टी सिस्टम को बढ़ाने के लिये सभी पैसेंजर पिक अप मॉडल्स को रियर सीट ओक्यूपेंट डिटेक्शन सेंसर्स से युक्त किया गया है और इनमे पीछे बैठने वाली तीनों सवारियों के लिये 3 प्वाईंट सीट बेल्ट का स्टेंडर्ड तय किया गया है।

# पूर्व सरपंच की याचिका पर हाईकोर्ट ने दिया स्टे

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर :** अगवानपुर गांव में पंचायती खाद गड्ढे से प्राप्त राशि का गबन करने के आरोप थाना गन्नौर में दर्ज हुई प्राथमिकी पर हाईकोर्ट ने स्टे लगा दिया है। सरपंच द्वारा इस संबंध में पहले ही हाईकोर्ट में याचिका डाल रखी है, जिसकी सुनवाई 2 अगस्त 2024 को होनी है। मामला हाईकोर्ट में होने के बाद भी गन्नौर थाना में प्राथमिकि दर्ज होने के विरोध में पूर्व सरपंच बलराज ने हाईकोर्ट में फिर से याचिका डाली। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पूर्व सरपंच को राहत देते हुए उस पर दर्ज हुई

**सुनवाई**

**8 इस संबंध में पहले ही हाईकोर्ट में याचिका डाल रखी है, जिसकी सुनवाई 2 अगस्त 2024 को होनी है**

प्राथमिकि पर अगली सुनवाई तक स्टे लगाने के आदेश दिए हैं।

**-यह है मामला**

अगवानपुर गांव के पूर्व सरपंच पर अपने कार्यालय में बेचे गए पंचायती खाद गड्ढे से प्राप्त 3 करोड 16 लाख रुपये का गबन करने का आरोप है। उप-मंडल अधिकारी (ना.) गन्नौर द्वारा मामले की जांच की गई थी। जांच के आधार पर गत दिनों उपायुक्त के आदेशानुसार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने निवर्तमान सरपंच बलराज के खिलाफ शिकायत देकर गन्नौर थाना में केस दर्ज करवा दिया था। उपायुक्त के आदेशानुसार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी द्वारा पूर्व सरपंच बलराज को पंचायती राज एक्ट 1994 की धारा 53(2) के तहत 3 करोड 16 लाख रुपये की राशि एक माह के अंदर-2 जमा करवाने का नोटिस जारी किया है।

# पड़ोसी के घर में संदूक का ताला तोड़ नकदी चुराई, जांच जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** खेड़ी तगा गांव में एक व्यक्ति ने अपने पड़ोसी के घर से संदूक का ताला तोड़ नकदी चुरा ली। मकान मालिक ने पड़ोसी के खिलाफ थाना बड़ी में शिकायत दी। शिकायत में खेड़ी तगा गांव के बिजेंद्र ने बताया कि वह 29 अप्रैल को अपने घर पर सो रहा था। सुबह करीब 3 बजे उसे उसकी आंख खुली तो उसने देखा उसका पड़ोसी सुनील उनके घर में घुसा हुआ था। वह उनके संदूक का ताला तोड़ के पैसे चोरी कर रहा था।

उसने पकड़ने का प्रयास किया तो सुनील वहां भाग कर अपने घर में जा कर छिप गया। वह जब उसके घर के बाहर पहुंचा तो आवाज लगाने पर भी सुनील अपने घर से नहीं निकला। जिस वजह से वह वापिस घर लौट गया। बिजेंद्र ने बताया कि मंगलवार को उसने अपनी मां से पूछा तो पता चला की संदूक में करीब 8 हजार रुपये रखे थे।

# बूथों का सहायक पुलिस आयुक्तों ने किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/**
**सोमपाल सैनी**
**वीरवार** को सहायक पुलिस आयुक्त खरखौदा जीत सिंह व थाना खरखौदा इंस्पेक्टर अंकित कुमार ने अपनी पुलिस टीम के साथ गाँव फरमाना का दौराकर गाँव फरमाना व निजामपुर माजरा के ग्रामीणों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी के दौरान सभी को चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइंस पढ़कर सुनाई व समझाई गई। गाँव वासियों से अपराधी किस्म के व्यक्तियों की गतिविधियों के बारे भी चर्चा की गई। सभी गाँव वासियों से शांतिपूर्वक व बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की गई गाँव के मोजिज व्यक्तियों की एक कमेटी स्थापित की गई जिसको शांति कमेटी



का नाम दिया जो अपने गाँव के क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान करने में पुलिस का सहयोग करेगी। इसी क्रम में सहायक पुलिस आयुक्त श्री नर सिंह व प्रबन्धक थाना सेक्टर 27 निरीक्षक जयभगवान ने अपनी पुलिस टीम के साथ गाँव रायपुर व फाजिलपुर का दौराकर ग्रामीणों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी के दौरान सभी को चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन्स पढ़कर सुनाई व समझाई गई। सभी गाँव वासियों से शांतिपूर्वक व बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की गई गाँव के मोजिज व्यक्तियों की एक कमेटी स्थापित की गई जिसको शांति कमेटी का नाम दिया जो अपने गाँव के क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान करने में पुलिस का सहयोग करेगी।

### व्यक्ति ने फंदा लगा कर की आत्महत्या

**गन्नौर:** चिरस्मी गांव में 27 वर्षीय व्यक्ति ने देर रात कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। स्वजन ने मामले की सूचना गन्नौर थाना पुलिस को दी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी देते हुए गन्नौर थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक दीपक बेरोजगार था और शराब का सेवन करता था।

इस परेशानी के चलते दीपक ने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने स्वजन की शिकायत पर 174 की कार्रवाई की है। शव का पोस्टमार्टम करा शव स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

# करनाल जिले के स्कूलों का होगा विस्तृत आंकलन: विपिन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तहत जिले के विद्यालयों का निपुण कार्यक्रम के तहत प्रथम कक्षा के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों का विद्या प्रवेश के तहत आंकलन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 15 जुलाई तक चलेगा, जिसमें विद्यालयों के साथ-साथ उनके अभिभावकों, कक्षा के अध्यापकों व स्कूल मुखिया का विस्तृत आंकलन करनाल जिले के लिए निदेशालय द्वारा नियुक्त फील्ड सर्वेक्षक अनिल सैनी, दलीप सिंह और हंसराज के माध्यम से निपुण जिला कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार की देखरेख में किया जाएगा।

विद्या प्रवेश कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल वाटिका या नर्सरी कक्षा से प्रथम



कक्षा में आए विद्यार्थियों की अभिरुचियों को जानते हुए उनके शिक्षण कार्य में एकरूपता लाना है। यह विद्या प्रवेश आंकलन का कार्य एनसीईआरटी की देखरेख में किया जा रहा है। आज करनाल जिले के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय प्रेमनगर का विस्तृत आंकलन किया गया, जिसकी विस्तृत रिपोर्ट बनाकर एनसीईआरटी भेजी गई है। आईएएस प्रशिक्षु साक्षीआयुष दयंत, आकांशा गुप्ता, शिवानी गोयल ने सीएमजीजीए जोरजे के नेतृत्व में विद्यालय में होने वाली गतिविधियों की विस्तृत जानकारी हासिल की। सभी प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिक्षा विभाग

**रिपोर्ट**

**8 विस्तृत आंकलन किया गया, जिसकी विस्तृत रिपोर्ट बनाकर एनसीईआरटी भेजी गई है**

द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं की जानकारी हासिल की। जांच उपरांत सभी प्रशिक्षु अधिकारियों विद्यालय मुखिया एवं स्कूल प्रबंधन की सराहना की। निपुण जिला कोर्डिनेटर विपिन कुमार, निदेशालय द्वारा नियुक्त फील्ड सर्वेक्षक अनिल सैनी, दलीप सिंह, हंसराज और बीईओ सीमा मदान, रामनिवास सोलंकी व प्रवीण आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# अंसल टाउन में किया वालीबॉल शूटिंग और फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

दीपक सहारन द्वारा नशामुक्त करनाल बनाने के लिए व युवाओं की खेलों में रूचि बढ़ाने के लिए थाना स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन द्वारा नशामुक्त करनाल बनाने के लिए व युवाओं की खेलों में रूचि बढ़ाने के लिए थाना स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। जिला पुलिस की इस परियोजना के अध्यक्ष उप पुलिस अधीक्षक सोनू नरवाल व प्रबंधक थाना शहर द्वारा अंसल टाउन नजदीक सैक्टर-4 में वालीबाल शुटिंग और फुटबाल मैचों का आयोजन किया गया।

वालीबाल शुटिंग के मैच में एक टीम की कमांड स्वयं डीएसपी ने संभाली और अपनी खेल प्रतिभा का जबरदस्त नमूना पेश किया व



अपनी टीम को जीत दिलाई। वहीं दूसरी ओर छोटे बच्चों की दो टीमों के मध्य फुटबाल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें प्रबंधक थाना शहर उप निरीक्षक सुलतान सिंह द्वारा रैफरी शीप की गई।

सोनू नरवाल ने बताया कि आज बड़े लंबे समय के बाद वालीबाल शुटींग खेलते हुए ऐसा लग रहा था जैसे बचपन फिर से लौट आया है।मैच खत्म होने पर लग रहा था कि शायद कुछ ज्यादा जल्दी मैच समाप्त हो गया, अभी ओर खेलना चाहिए था। उन्होंने कहा कि आज नशा हमारे समाज को खोखला बना रहा है और

**प्रतियोगिता**

**8 एक टीम की कमांड स्वयं डीएसपी ने संभाली और अपनी खेल प्रतिभा का जबरदस्त नमूना पेश किया**

पुलिस अधीक्षक ने इस नशा रूपी बिमारी को जड़ से मिटाने की राह पकड़ ली है। उनका मानना है कि यदि हम अपने युवाओं में खेल भावना को जगाकर उन्हें खेलों की ओर अग्रसर करते हैं तो उनकी नशों में नशे के लिए कोई जगह नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों ने फुटबाल मैच में सबको हैरान करने वाला प्रदर्शन किया है। हर बच्चे में उन्हें आने वाले कल का रोडाल्डो नजर आ रहा था।

इसके साथ ही वहां पर उपस्थित अन्य खिलाडिों ने पुलिस द्वारा चलाई गई इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें यह लगा ही नहीं कि वे डीएसपी के साथ खेल रहे हैं। उनका दोस्ताना अंदाज हमारे दिलों को छू गया और उन्होंनें अपने खेल से दिखाया कि एक अधिकारी के साथ-साथ वे एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की इस मुहिम से पुलिस व आमजन के संबंधों को भी मजबूती मिलेगी और समाज से नशा रूपी बीमारी का भी अंत होगा।

# गवाह को धमकाने व हवाई फायर करने मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा:** समालखा पुलिस ने हत्या के मामले में जेल से जमानत पर आने के बाद गांव चुलकाना में साथियों के साथ मिलकर हुड़दंगबाजी कर गवाह को धमकाने व हवाई फायर करने मामले में बुधवार शाम को फरार चल रहे और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान रविंद्र व रवि निवासी चुलकाना व विपिन निवासी लालपुरा घरौंडा करनाल के रूप में हुई। समालखा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फुलकुमार ने बताया कि पूछताछ के बाद पुलिस ने बुधवार को तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से

**काबू**

**8 डाडोला को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मौके से आरोपियों की 11 गाड़ियां जब्त की थी**

उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

उन्होंने बताया कि मामले में इससे पहले पुलिस टीम द्वारा आरोपी हरदीप उर्फ दास्तान, प्रवीन, संदीप, संजू, सतपाल, गोपाल, आजाद, गौरव, गोविंद, नितिन, हवासिंह, विशाल उर्फ धुमा व नरेश निवासी चुलकाना, रोहताश उर्फ मोटा निवासी नोहरा व मंजीत निवासी डाडोला को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने मौके से आरोपियों की 11 गाड़ियां जब्त की थी। इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि थाना समालखा में गांव चुलकाना निवासी पवन ने शिकायत देकर बताया था कि जुलाई 2018 में उसके ताऊ के लड़के सोमपाल की बदमाशों ने हत्या कर दी थी। वारदात बारे थाना समालखा में अभियोग दर्ज है। उक्त मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित वारदात में शामिल उसके अन्य साथी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# दिल्ली महिला आयोग: 223 कर्मचारी हटाए गए

= दिल्ली महिला आयोग के कर्मचारियों पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बड़ी कार्रवाई की, स्वाति पर नियमों को तोड़कर नियुक्ति करने का आरोप

**कार्रवाई**

**8 आयोग में सिर्फ 40 पद ही स्वीकृत हैं। डीसीडब्ल्यू के पास ठेके पर कर्मचारी रखने का अधिकार नहीं है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली महिला आयोग के कर्मचारियों पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बड़ी कार्रवाई की है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना के आदेश पर दिल्ली महिला आयोग से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निकाल दिया गया है। आरोप है कि दिल्ली महिला आयोग की तत्कालीन अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर बिना अनुमति के इनकी नियुक्ति की थी। उपराज्यपाल के आदेश में डीसीडब्ल्यू एक्ट का हवाला दिया गया है। जिसमें बताया गया है कि आयोग में सिर्फ 40 पद ही स्वीकृत हैं। डीसीडब्ल्यू के पास ठेके पर कर्मचारी रखने का अधिकार नहीं है। दिल्ली महिला आयोग डिपार्टमेंट के एडिशनल डायरेक्टर की तरफ से जारी इस आदेश में ये भी कहा गया है कि नई नियुक्तियों से पहले जरूरी पदों का कोई मूल्यांकन नहीं हुआ था और न ही अतिरिक्त वित्तीय बोझ की अनुमति ली गई थी। बता दें कि दिल्ली महिला आयोग की तत्कालीन अध्यक्ष स्वाती मालीवाल आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद हैं। इसी साल 5 जनवरी को उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया था। स्वाति मालीवाल ने एक्स पर लिखा, 'एलजी साहब ने डीसीडब्ल्यू के सारे कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ को हटाने का एक तुगलकी फरमान जारी किया है।

आज महिला आयोग में कुल 90 स्टाफ है जिसमें सिर्फ आठ लोग सरकार द्वारा दिये गये हैं।





## रोज 500 महिला आती हैं तो काम कैसे होगा: स्वाति

90 कर्मचारियों में से केवल आठ लोग नियमित कर्मचारी हैं, जबकि बाकी संविदा कर्मचारी हैं, जो तीन महीने के अनुबंध पर काम कर रहे हैं। रोज 500 महिला आती हैं तो काम कैसे होगा। दिल्ली में रोज महिलाओं के खिलाफ अपराध होते हैं। दिल्ली महिला आयोग में एसिड अटैक पीड़िता भी काम करती हैं। जिन महिलाओं पर जुल्म हुआ है, वे काम करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि लड़ाई मुझ से है। दिल्ली महिला आयोग को बंद न करें। दिल्ली में ऐसा काम करना है कि महिला की तरफ कोई भी बुरी नजर से नहीं देख पाएगा। छह माह से वेतन नहीं मिलता है। नौ माह से स्टाफ की मांग कर रहे हैं। दिल्ली महिला आयोग कानूनी सलाह लेगा। दिल्ली महिला आयोग मंजूरी कैसे लेगा। टीम की जरूरत है। स्टाफ तो देना चाहिए। ये एसिड अटैक वाले ही स्टाफ हैं। उन्हें पता है कि दर्द क्या होता है। पिछले नौ साल से काम कर रहे थे। उस समय क्यों नहीं किया था।

**स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया पर कही यह बात :** स्वाति मालीवाल ने एक्स पर लिखा, 'एलजी साहब ने डीसीडब्ल्यू के सारे कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ को हटाने का एक तुगलकी फरमान जारी किया है। आज महिला आयोग में कुल 90 स्टाफ है जिसमें सिर्फ आठ लोग सरकार द्वारा दिये गये हैं, बाकी सब तीन-तीन महीने के कॉन्ट्रैक्ट पर हैं। अगर सब कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ हटा दिया जाएगा, तो महिला आयोग पर ताला लग जाएगा। ऐसा क्यों कर रहे हैं ये लोग? खून पसीने से बनी है ये संस्था। उसको स्टाफ और सरंक्षण देने की जगह आप जड़ से खत्म कर रहे हो? मेरे जीते जी मैं महिला आयोग बंद नहीं होने दूंगी। मुझे जेल में डाल दो, महिलाओं पर मत जुल्म करो!'

### नौ साल से काम कर रहे थे, उस समय क्यों नहीं किया: स्वाति

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। उन्होंने दिल्ली महिला आयोग से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश दे दिया। आरोप है कि डीसीडब्ल्यू की तत्कालीन अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर बिना अनुमति के इन कर्मचारियों की नियुक्ति की। स्वाति मालीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एलजी पर हमला बोला। स्वाति मालीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि दिल्ली महिला आयोग ने कई काम किये हैं। एलजी कह रहे हैं कि सभी संविदा कर्मियों को बर्खास्त करें क्योंकि नियुक्तियां अवैध हैं। अगर ऐसा हुआ तो डीसीडब्ल्यू बंद हो जायेगा।

# अब उदित राज ने सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के उम्मीदवारों का आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी से मिलने का बृहस्पतिवार को भी सिलसिला जारी रहा। उत्तर पश्चिम दिल्ली क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार उदित राज ने बृहस्पतिवार की सुबह सुनीता केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अरविंद केजरीवाल के बारे में बात की। इसके अलावा उनके चुनावी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की। इस मौके पर उदित राज ने कहा कि सुनीता केजरीवाल मिलने पर पुरानी यादें ताजा हो गईं। दरअसल वह और उनकी पत्नी ने सुनीता केजरीवाल के साथ आयकर विभाग में काम किया है। वह व उनकी पत्नी आईआरएस थे। इस संकट में हम सब साथ हैं। सुनीता केजरीवाल से बुधवार को उत्तर पूर्व दिल्ली क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने मुलाकात की थी। इसके अलावा उदित राज ने अपने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि उतर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट को एक आदर्श लोकसभा क्षेत्र बनाने के लिए उनसे जुड़ें।

**चर्चा की**

**8 अरविंद केजरीवाल के बारे में बात की। इसके अलावा उनके चुनावी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की**

# डीपफेक वीडियो पर रोक लगाने के लिए निर्देश देने से हाईकोर्ट का इनकार

**सुनवाई**

**8 बेंच ने कहा कि चुनाव के बीच में हम निर्वाचन आयोग को कोई आदेश जारी नहीं कर सकते हैं**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के मकसद से सकुर्लेट हो रहे डीप फेक वीडियो पर रोक की मांग को लेकर दायर याचिका पर निर्वाचन आयोग को कोई भी निर्देश देने से इनकार कर दिया है। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि चुनाव के बीच में हम निर्वाचन आयोग को कोई आदेश जारी नहीं कर सकते हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि आयोग अपनी ओर से इस तरह के मामलों में कार्रवाई करने में समर्थ है। हमें आयोग पर भरोसा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वो अपनी मांग को लेकर चुनाव आयोग को ज्ञापन दें। कोर्ट ने आयोग से कहा कि वो इस मसले की तात्कालिकता को देखते हुए याचिकाकर्ता की ओर से भेजे गए ज्ञापन पर जल्द से जल्द (संभव हो तो 6 मई तक) फैसला ले। सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि इस मामले में जो जरूरी होगा, वो कदम उठाया जाएगा।

# सरकार के जब्ती रिकॉर्ड से पांच लाख करोड़ की जब्त हेरोइन गायब

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली** दिल्ली हाईकोर्ट ने पिछले कुछ वर्षों में सरकार के जब्ती रिकॉर्ड से करीब 5 लाख करोड़ मूल्य की 70 हजार किलो से अधिक हेरोइन गायब होने पर गृह मंत्रालय से जवाब मांगा है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने वित्त मंत्रालय और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 9 सितंबर को होगी। अदालत बीआर अरविंदाक्षन की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें इस मुद्दे की जांच के लिए गृह मंत्रालय को निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि वर्ष 2018 व 2020 के दौरान हेरोइन की जब्ती के बारे में एनसीआरबी की रिपोर्ट व गृह मंत्रालय के आंकड़ों में अनियमितताएं हैं।

# 'मुस्लिम संस्थाओं व सेक्युलर ब्रिगेड की चुप्पी खतरनाक'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: विश्व** हिंदू परिषद (विहिप) ने जिहाद के नए-नए प्रकार और जिहादियों के नित नए षडयंत्रों पर सेकुलर ब्रिगेड और मुस्लिम संस्थाओं की चुप्पी को देश के लिए खतरनाक बताया है। परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता व अखिल भारतीय प्रचार प्रसार प्रमुख विजय शंकर तिवारी ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि वोट जिहाद के नाम पर वोट मांगना लोकतंत्र के लिए खतरे का संकेत हैं। इस्लामिक नारों के साथ जिहादियों द्वारा देश की राजधानी के शिक्षकों, बच्चों और अभिभावकों को आतंकित करने के लिए बम विस्फोट की धमकी वाला 178 स्कूलों को मेल किया गया था जिससे पूरे दिन न सिर्फ राजधानी दिल्ली को बल्कि पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। हजारों बच्चे और उनके अभिभावक, विद्यालयों के अध्यापक, कर्मचारी तथा पुलिस प्रशासन व शासन भी पूरे दिन एक गंभीर ट्रॉमा का शिकार हुए। उन्होंने कहा कि इस धमकी वाले मेल की भाषा को अगर देखें तो स्पष्ट होता है की अल्लाह के नाम पर जिस तरह का जिहाद करने की बात कही गई वह इस्लाम के नाम पर मानवीय जीवन मूल्यों की हत्या से बढ़कर है। गंभीर बात यह भी है कि इन दोनों घटनाओं के ऊपर किसी भी मुस्लिम संस्था या सेकुलर ब्रिगेड के किसी नेता द्वारा निंदा के दो शब्द तक नहीं कहे गये जो कि एक सभ्य समाज के लिए एक खतर का सूचक है। तिवारी ने पिछले कुछ दिनों में जिहादियों द्वारा की गईं अनेक नृशंस हत्याओं का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि दिल्ली के जहांगीर पुरी में हमारी शोभायात्राओं को तो रोक दिया जाता है, हिंदू महिला के साथ बर्बरता होती है, उदयपुर के कन्हैया की गला काट कर हत्या की जाती है। हाल ही में मुंबई में एक बहन की हत्या हो या फिर कर्नाटक में कांग्रेसी नेता की बेटी नेहा की नृशंस हत्या, इन सब घटनाओं से लगातार उनका पाशविक चेहरा सामने आ रहा है। हमास के अत्याचार और बर्बरता की कहानी भी सब ने सुनी है लेकिन, उस पर आज तक किसी मुस्लिम उलेमा या उनकी संस्था द्वारा कोई निंदा के दो शब्द क्यों नहीं निकले।



**विरोध**

**8 वोट जिहाद के नाम पर वोट मांगना लोकतंत्र के लिए खतरे का संकेत हैं: विजय शंकर तिवारी**

# कविता की नियमित जमानत याचिका पर 6 मई को फैसला



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की नियमित जमानत याचिका पर फैसला टाल दिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 6 मई को फैसला सुनाने का आदेश दिया। कोर्ट ने 24 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने 8 अप्रैल को के. कविता की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि मनी लॉड्रिंग मामले में के. कविता को जमानत देने में महिला होने की वजह से किसी तरह की रियायत नहीं दी जा सकती। सुनवाई के दौरान के. कविता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने ईडी पर आरोप लगाया था कि वो जांच एजेंसी नहीं, बल्कि प्रताड़ित करने वाली एजेंसी बन गई है। सिंघवी ने कहा था कि इस मामले की जांच पक्षपातपूर्ण रही है। फिलहाल के. कविता न्यायिक हिरासत में हैं। कोर्ट ने 5 अप्रैल को सीबीआई को के कविता से न्यायिक हिरासत में पूछताछ की अनुमति दी थी। सीबीआई ने कविता से 6 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में पूछताछ की थी।

**जिरह**

**8 कोर्ट ने 8 अप्रैल को के. कविता की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी**

# शाह फेक वीडियो केस: तेलंगाना कांग्रेस के चार सदस्यों को दूसरा समन जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गृह मंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना कांग्रेस के सदस्यों को दूसरा नोटिस जारी किया है। तेलंगाना कांग्रेस के चार सदस्यों को बीते बुधवार को बुलाया गया था। जो पेश नहीं हुए थे। जांच अधिकारी ने बताया कि हम फिर से कोर्ट से सामने पेश होंगे क्योंकि वह पहले समन पर पेश नहीं हुए। समन तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी और तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस के चार सदस्यों शिव कुमार अंबाला, अस्मा तसलीम, सतीश मन्ने और नवीन पेटम को जारी किया था। इनको सीआरपीसी की धारा 91 और 160 के तहत समन जारी किया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को सीआरपीसी की धारा 91 और 160 के तहत नोटिस जारी किया दाता है तो उस व्यक्ति को न केवल कोर्ट के सामने पेश होना होता है बल्कि कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। रेड्डी के वकील जांच अधिकारी के सामने पेश हुए और उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता न तो वीडियो बनाया है और न ही उसे साझा किया है।

**फर्जी वीडियो पर क्या बोले रेड्डी** कर्नाटक के सेडम में एक रैली को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट किया गया था। इस वजह से दिल्ली पुलिस के जवान नोटिस लेकर तेलंगाना कांग्रेस दफ्तर पहुंच गए। वे तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने आए थे। इसका क्या मतलब है, अब पीएम मोदी चुनाव जीतने के लिए दिल्ली पुलिस का इस्तेमाल करेंगे। ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई खत्म हो गए हैं क्या। यहां कोई डरने वाला नहीं है। हम ऐसे लोग हैं, जो जवाब देते हैं। तेलंगाना और कर्नाटक चुनाव में भाजपा को निश्चित रूप से हार मिलेगी।

**दो मई को होना था पेश:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से जुडे डीपफेक मामले से जुड़े तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी और चार अन्य नेताओं के कानूनी सलाहकार को दिल्ली पुलिस ने तलब किया था। उन्होंने दिल्ली पुलिस के सामने पेश होने के लिए कुछ समय मांगा है। वहीं आईएफएसओ झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष को नोटिस जारी किया गया है, जिसमें उन्हें 2 मई को हर हाल में उपस्थित होने को कहा गया है।

वहीं दिल्ली पुलिस ने इस फर्जी वीडियो मामले में कहा है कि पहले देखा जाएगा कौन व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होता है और कौन ई-मेल के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया देता है। उनकी प्रतिक्रिया और उपस्थिति के अनुसार ही जांच को आगे बढ़ाया जाएगा। पुलिस के अनुसार तेलंगाना सीएम के साथ छह सदस्यों को तलब किया गया था।

**तलब**

**8 धारा 91 और 160 के तहत नोटिस जारी किया दाता है तो उस व्यक्ति को केवल कोर्ट के सामने पेश होना होता है**



# चीनी मांझा के पीड़ितों को मुआवजे के लिए नीति बनाने का निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रतिबंधित चीनी मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं के कारण अपनी जान और हाथ-पैर खोने वाले लोगों को मुआवजा देने के लिए एक नीति बनाने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने सरकार को आज से आठ सप्ताह की अवधि के भीतर नीति तैयार कर इसे अदालत में दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि हालांकि सीआरपीसी की धारा-144 के तहत न्यायिक आदेश पारित किए गए हैं, लेकिन यह जानकर दुख होता है कि साल-दर-साल चीनी मांझे के कारण कई लोग अपनी जान और हाथ-पैर खो रहे हैं। न्यायमूर्ति प्रसाद ने दिल्ली पुलिस को वर्ष 2017 से 2024 तक चीनी मांझा बनाने और बेचने वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई की नवीनतम स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई अब 23 अगस्त को होगी। अदालत दिल्ली में पतंग उड़ाने के लिए चीनी मांझा के निर्माण और बिक्री के खतरे को उजागर करने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने अपनी स्थिति रिपोर्ट में कहा था कि चीनी मांझा की बिक्री पर यथासंभव अंकुश लगाने के लिए दुकान मालिकों के संघों के साथ-साथ थोक और खुदरा बाजारों में निरंतर निगरानी की जा रही है। अदालत ने पुलिस को स्वतंत्रता दिवस के दौरान दिल्ली में चीनी मांझा की बिक्री पर रोक लगाने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया था।

# संजय सिंह का दावा: बीजेपी को 52 करोड़ की रिश्वत दी गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश में कोविशील्ड वैक्सीन को लेकर उठ रहे सवालों के बीच आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजय सिंह ने कोविशील्ड वैक्सीन को लेकर केंद्र की मोदी सरकार को घेरा और वहीं भाजपा पर फिर से रिश्वत लेने का आरोप भी लगाया।

**कोविशील्ड पर एक हजार करोड़ का हर्जाना:** प्रेस वार्ता में संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश को ये जानलेवा वैक्सीन लगवाने के लिए माफी मांगें। ब्रिटेनमें कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी पर 1,000 करोड़ हर्जाने का मुकदमा किया गया है। इस वैक्सीन को लगाने के बाद लोगों की जान गई।

**साल 2021 में ही सामने आए थे दुष्प्रभाव :** आगे कहा कि इटली, फ्रांस, जर्मनी, डेनमार्क, आयरलैंड, नॉर्वे और आइसलैंड जैसे देशों में इस वैक्सीन के दुष्प्रभावों का मार्च 2021 में ही पता चल गया था। लेकिन इसका बावजूद नरेंद्र मोदी ने मार्च 2021 में ही इस वैक्सीन की 10 करोड़ डोज का ऑर्डर दिया। इन्होंने धन्यवाद मोदी के पोस्टर लगाने पर छह हजार करोड़ खर्च किए थे।



**भाजपा को दी कंपनी ने रिश्वत :** पीसी में कहा कि उस वक्त देश महामारी से मर रहा था। श्मशान लाशों से भरे पड़े थे। तब मोदी सरकार ने वैक्सीन का दाम बढ़ा दिए थे। अदार पूनावाला ने इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें तो 150 रुपये वैक्सीन में भी फायदा हो रहा है। तब कहा कि तुम्हें तो फायदा हो रहा है लेकिन भाजपा को क्या फायदा हो रहा है। तो मई 2021 में वैक्सीन का दाम 600 रुपये कर दिया गया। इसके बाद अगस्त 2021 में कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी ने भारतीय जनता पार्टी को 52.50 करोड़ की रिश्वत दी थी।

# पुलिस महकमे की उड़ी नींद: दो दिन में 300 जगह भेजे गए धमकी भरे ईमेल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दो दिन से पूरे दिल्ली पुलिस महकमे की नींद उड़ी हुई है। मंगलवार और बुधवार को राष्ट्रपति भवन, चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय के अलावा 223 स्कूलों सहित करीब 300 जगह ईमेल कर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस का कहना है कि इतने बड़े पैमाने पर धमकी भरे ईमेल को अनदेखा नहीं किया जा सकता। यह किसी बड़ी साजिश का हिस्सा है। ऐसे में पुलिस, दमकल विभाग समेत सभी संबंधित एजेंसियां जांच में शामिल हैं। जिन जगहों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई, वहां सघन तलाशी ली गई है। पुलिस आरोपी तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मंगलवार को ईमेल में फ्रांस, दक्षिण कोरिया, अमेरिका नीदरलैंड के सर्वर का इस्तेमाल किया गया है। वहीं, बुधवार के ई-मेल रूस के सर्वर के सहारे भेजे गए हैं। सभी में वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) का इस्तेमाल हुआ है। साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि इस तरह के ईमेल के लिए अमूमन वीपीएन टूल का इस्तेमाल होता है। इसे मोबाइल या लैपटॉप में डाउनलोड कर शरारती तत्व जांच एजेंसियों को गुमराह करने के लिए जानबूझकर विदेशी सर्वर चुनते हैं। सामान्य मामलों में जब हम अपने इंटरनेट प्रोवाइडर की मदद से किसी को ई-मेल या सोशल मीडिया पर मैसेज करते हैं तो उसका इंटरनेट प्रोटोकॉल एड्रेस (आईपी एड्रेस), जहां से मैसेज भेजा जाता है, उसके सर्वर पर सेव हो जाता है। सामान्य मामलों में कोई भी जांच एजेंसी इस आईपी एड्रेस के सहारे आसानी से आरोपी तक पहुंच जाती है, लेकिन वीपीएन के मामले में ऐसा नहीं होता है। इससे शरारती तत्व जिस देश के सर्वर का चुनाव करता है, उस देश का सर्वर मैसेज या ईमेल करते समय उसी देश का एक नया आईपी एड्रेस बना देता है। ऐसे में वीपीएन के जरिये भेजे गए मैसेज के आईपी एड्रेस से आरोपी तक पहुंचने में खासी दिक्कत होती है।

**एक ही व्यक्ति का हाथ होने की आशंका :** इस तरह के मामलों में या तो उस देश की जांच एजेंसियों की मदद ली जाती है या इंटरपोल की मदद से उन तक पहुंचा जाता है। अमूमन इस प्रक्रिया में काफी समय लग जाता है।

मंगलवार और बुधवार किए गए सभी ईमेल के समय अलग-अलग देशों का सर्वर इस्तेमाल किया गया है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि दोनों ही मामलों में एक व्यक्ति का हाथ हो सकता है। पुलिस इसकी तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।



**वक्फ बोर्ड मामला**

**8 223 स्कूलों सहित करीब 300 जगह ईमेल कर बम से उड़ाने की धमकी मिली, इतने बड़े पैमाने पर धमकी भरे ईमेल को अनदेखा नहीं किया जा सकता**

# मतदान दिवस पर वोट डालने के संदर्भ में प्रक्रियाओं का पूरा करने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन:** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया के निर्देश पर गुरूवार को जिला सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की चुनाव संबंधित बैठक एसडीएम मनदीप सिंह ने ली व अधिकारियों को 25 मई को मतदान दिवस पर वोट डालने के संदर्भ में कुछ प्रक्रियाओं का पूरा करने के निर्देश दिये व विभाग अनुसार एसेंशियल डयूटी देने वालों के बारे में जानकारी ली।



एसडीएम मनदीप ने कहा कि लोकसभा के आम चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से कराने में अधिकारियों व कर्मचारियों की अहम भूमिका रहती है। चुनाव आयोग ने मतदान की तिथि वाले दिन एसेंशियल डयूटी देने वालों व चुनावी डयूटी करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को वोट देने के संबंध में कुछ आवश्यक निर्देश दिये हैं जिनका हमें सख्ती से पालन करना होगा।

एसडीएम ने जानकारी देते हुए कहा कि एसेंशियल डयूटी देने वालों को अधिसूचना के तहत फार्म न. 12 डी भरना अनिवार्य है। जिन विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की एसेंशियल डयूटी लगी है व 3 मई तक फार्म को जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी के पास जमा करवा सकते हैं। इसी कड़ी में जिन अधिकारियों व

**भूमिका**

**8 आम चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से कराने में अधिकारियों व कर्मचारियों की अहम भूमिका रहती है**

कर्मचारियों की चुनाव में डयूटी लगी है वे 13 मई तक जिला निर्वाचन कार्यालय में फार्म जमा करवा सकते हैं।

एसडीएम ने जानकारी देते हुए कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान का कार्य मतदान से हटकर है इसमें काफी गंभीरता व गोपनीयता बरतनी पड़ती है। आयोग के निदेर्शों अनुसार दोनों श्रेणी के मतदाता मतदान से पूर्व फार्म 12 को भरकर समय पर जमा करवाये। आयोग के निर्देश अनुसार हर मतदाता को वोट का अधिकार है। जो अधिकारी दोनों श्रेणियों में डयूटी धारक जिसे जरूरी समझते हैं उसका पालन करें।

अगर ज्यादा जरूरी है तो ही फार्म को भरे अगर विकल्प है तो उसका लाभ लें। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयंत आहुजा, रोड़वेज जीएम कुलदीप जांगड़ा, डिप्टी सीएमओ शशि गर्ग, डॉ. ललीत वर्मा , स्टेशन अधीक्षक धीरज कपूर के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जनता एवं नेता सौहार्द बनाए रखें: डॉ गजराज कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया**
गोहाना, शहर के सुप्रसिद्ध ह्रदय रोग विशेषज्ञ एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ गजराज कौशिक ने नेताओं एवं आम जनता से अपील करते हुए कहा कि कोई भी नेता अपने भाषणों में ऐसे शब्द न बोलें जिससे आपसी भाईचारा खराब होता हो ओर आम जनता भी किसी अपने घर आए आदमी का गलत तरीके से विरोध न करें क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है जिसमें आम आदमी को चुनाव लड़ने एवं अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि नेताओं से भी अपिल है कि अपनी गाड़ी में लगे स्पीकरों की आवाज नियमानुसार ही रखें ज्यादा तेज आवाज से फायदा कम नुक्सान ज्यादा होता है। डीजे पर तेज आवाज ह्रदय रोगियों के लिए



नुक्सान दायक होती है इसलिए अपने स्पीकरों की आवाज थौड़ी धीमी ही रखें। डॉ गजराज कौशिक समय समय पर लोगों को जागरूक करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव तो होते रहते हैं और हमारी भारतीय संस्कृति के विदेशी भी दिवाने है इस लिए अपने भाइचारे को कायम रखें एवं जिस प्रत्याशी को आप अपना वोट देना चाहते हैं आप निर्भिक होकर अपना मतदान करें। वोट आपका अधिकार है एवं मतदान अवश्य करें।हम सभी भारतीय है इस बात को ध्यान में रखते हुए सभी अपने कृतव्यों का निर्वहन करें ओर मतदान अवश्य करें। विदित रहे कि डॉ गजराज कौशिक चुनाव के समय ही नहीं बल्कि समय-समय पर जनता को जागरूक करते रहते चाहै कोरोना वायरस की बात हो या फिर अन्य चिकित्सा की जरूरत हो, उन्होंने ने अनेकानेक फ्री चैकअप कैंप के माध्यम से जनता में बिमारियों के लक्षण एवं बचाव के तरीके से अवगत कराते रहे हैं। डॉ गजराज कौशिक ने गोहाना जैसे सामान्य शहर में बड़े-बड़े शहरों जैसी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई हुई है तथा गोहाना जिला बनाओं समिति में सक्रिय भूमिका निभाई है।

## न्यूज फ्लैश

### देश में सबसे बड़ी जीत दर्ज करेंगे भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल: विधायक प्रमोद विज



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
भारतीय जनता पार्टी के करनाल लोकसभा के प्रत्याशी मनोहर लाल को लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से विजय दिलाने के लिए पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने इन दिनों व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान चालू किया हुआ है, विज पानीपत शहर के पांचो मंडलों में मतदाताओं के घर-घर जा कर चाय पर चर्चा कर रहे हैं एवं प्रधानमंत्री मोदी की उपलब्धियां गिना रहे है, विज ने बीते वीरवार को तहसील कैम्प में मतदाताओं के घर एवं पार्कों में जा कर लोगों से बात कर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा के प्रत्याशी मनोहर लाल को भारी मतों से जीत दिलाने के लिए अपील की कविज ने सरकार की उपलब्धियां गिनते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 10 साल भारत के स्वर्णिम काल है, इन वर्षो में मोदी ने विकास की इबारत लिखी है, आज देश तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है,लेकिन विपक्षी दलों को ये बात रास नहीं आ रही है इसलिए सोशल मीडिया के माध्यम से तथाकथित भ्रम जनता के मन मे पैदा करने की कोशिश करते है ।आने वाले 4 जून को जब तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी तो इंडी गठबंधन अपने आप समाप्त हो जाएगा और विपक्ष आपस में एक दूजे पर दोषारोपण करेगा

### बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने प्रिवे लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने आज प्रिवे को लॉन्च कर दिया। यह एक एक्सक्लूसिव कस्टमर इक्स्पीरीयंस प्रोग्राम है जो बेजोड़ क्वालिटी के साथ साथ ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। प्रिवे का हिस्सा बनने के लिए, ग्राहकों के पास उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार स्वास्थ्य, घर, मोटर, व्यक्तिगत दुर्घटना और साइबर, बीमा जैसे उत्पादों की एक श्रृंखला से चयन करने की सुविधा है। इसके बीमा उत्पादों में वर्तमान में माई हेल्थ केयर प्लान शामिल है, जो एलिजिबिलिटी



क्राइटेरिया के रूप में न्यूनतम 1 करोड़ रुपये की बीमा राशि के साथ अनुकूलन योग्य स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करता है। ग्लोबल हेल्थ केयर विदेशी चिकित्सा उपचार के साथ साथ अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों तरह के नियोजित और आपातकालीन उपचार जैसे कवरेज प्रदान करता है। साथ ही इसके ग्राहक पात्रता के लिए बीमा राशि के किसी भी विकल्प को चुन सकते हैं। इसके अलावा, वी-पे ऐड-ऑन कवर के साथ एक मोटर प्रोडक्ट भी ऑफर किया जाएगा। माई होम इंश्योरेंस ऑल रिस्क पॉलिसी घर की संरचना और घर में मूल्यवान सामग्री दोनों के लिए व्यापक बीमा कवरेज सुनिश्चित करती है। प्रिवे क्लेम प्रोसेसिंग और असिस्टन्स में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित करने वाले एक्सपर्ट्स के माध्यम से सर्विस एक्सपिरिअन्स को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे ग्राहकों के पास ' प्रिवे कनेक्ट' तक भी पहुंच होगी, जो किसी भी सर्विस रिक्वेस्ट या क्लेम को पूरा करने के लिए सभी बीमा संबंधित प्रश्नों और आवश्यकताओं का तुरंत हल प्रदान करने के लिए एक समर्पित टीम उपलब्ध है। हेल्थ क्लेम के मामले में, पेशेवरों द्वारा घर पर हैसल फ्री डिस्चार्ज और प्री-पॉलिसी चेक अप जैसी अतिरिक्त सेवाएं भी प्रदान की जाती हैं। लॉन्च के इस मौके पर बोलते हुए बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ तपन सिंघल ने कहा, ह्लहम अग्रणी बीमा सोल्युशंस प्रदान करने के लिए समर्पित हैं और यही हमारा बेसिक सिद्धांत है जिसके जरिए हम देश भर में प्रत्येक व्यक्ति की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं।

# एनसीसी में भाग लेने हेतु 120 छात्रों ने आवेदन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत के परिसर में एन सी सी 12 हरियाणा बटालियन की ओर से एन सी सी कैडिट्स का चयन करने हेतु एन सी सी अधिकारी रजनीश व टेकराम विद्यालय परिसर में पहुचें। प्राचार्य मनीष घनगस ने विद्यालय प्रांगण में पहुचने पर उनका हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन किया। एन सी सी में भाग लेने हेतु कक्षा आठवीं व नौवीं के 120 छात्रों ने आवेदन किया। जिसमें से 50 छात्रों व छात्राओं का चयन किया गया। प्राचार्य मनीष घनगस ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में एन० सी० सी०, एन० एस० एस०, भारत स्काउट एण्ड गाईड तथा



हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाईड हैं। जिसमें समय - समय पर इनसे संबधित कार्यक्रम करवाए जाते हैं तथा छात्रों को इन क्रियाकलापों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्होने बताया कि आजकल के बच्चों को देशभक्त और अनुशासित बनाने के लिए सेना, नौ सेना तथा एयर विंग द्वारा सभी स्कूलों में एन सी सी, एन एस एस, हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाईड तथा भारत स्काउट एण्ड गाईड का आयोजन किया जाता है।

इन छात्रों को छोटे कवच व अभ्यास की मदद से मौलिक सैन्य मार्गदर्शन मिलता है। उन्होने बताया

**कार्यक्रम**

**8 हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाईड हैं। जिसमें समय - समय पर इनसे संबधित कार्यक्रम करवाए जाते हैं**

कि एन सी सी, एन एस एस व स्काउट के माध्यम से हम छात्रों को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करते हैं तथा देश के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए भी प्रेरित करते हैं। इसी प्रकार से एन एस एस में नोट मी बट यू लोकतांत्रिक जीवन के सार को दशार्ता है और निःस्वार्थ सेवा भाव की पुष्टि करता है।

# प्रेरणा वृद्धाश्रम में 5 मई को होगा चौपाल का शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** प्रेरणा संस्था एवं प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक डा. जय भगवान सिंगला ने बताया कि प्रेरणा संस्था के 33 वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रेरणा वृद्धाश्रम परिसर में 5 मई को चौपाल का शिलान्यास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिलान्यास समारोह के अवसर पर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति ललित बतरा मुख्य अतिथि होंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। जबकि प्रज्ञा साहित्य मंच के संरक्षक एवं सूर पुरस्कार विजेता डा. मधुकांत विशिष्ट अतिथि होंगे।



प्रेरणा संस्था की अध्यक्षा रेनू खुंगर ने बताया कि प्रेरणा वृद्धाश्रम परिसर में भव्य हरियाणवी संस्कृति संग्रहालय की स्थापना की गई है। चौपाल भी हरियाणवी संस्कृति को प्रोत्साहित करने का हिस्सा है। इस अवसर पर कुछ प्रतिष्ठित साहित्यकारों एवं प्रेरणा संग्रहालय में बुजुर्गों की विरासत के रूप में सहेज कर रखी गई प्राचीन वस्तुओं का देने वाले महानुभावों को सम्मानित भी किया जाएगा।

# दलों से सम्बंधित कोई भी अनुमति निष्पक्ष रूप से प्रदान की जाए



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन** एसडीएम एवं पानीपत ग्रामीण विधानसभा के एआरओ मनदीप कुमार ने वीरवार को अपने कार्यालय में चुनाव डयूटी में लगे उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजनैतिक दलों से सम्बंधित कोई भी अनुमति निष्पक्ष रूप से प्रदान की जाए। कोई भी राजनैतिक दल या पार्टी अगर किसी रैली जनसभा की अनुमति लेने के लिए आवेदन करते हैं तो निर्धारित तय समय में अनुमति प्रदान की जाए। सम्बंधित विभाग कोई भी एनओसी जारी करने में समय ना गवाएं। अनुमति प्रदान करते समय चुनाव आयोग द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों की पूर्णत पालना की जाए।

# विद्यालय खोजकीपुर में प्रथम स्थान आने पर साक्षी को सम्मानित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोजकीपुर में जिले में प्रथम स्थान आने पर साक्षी को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि बारहवीं कक्षा में साक्षी ने 491 अंक प्राप्त करके पुरे पानीपत जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आज विद्यालय की तरफ से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राकेश बुरा ने शिरकत करके साक्षी को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर राकेश बुरा ने कहा कि जीवन में सफलता का मुल-मंत्र केवल परिश्रम है, परिक्षम की बदौलत ही साक्षी ने



98.2% अंक प्राप्त करके पुरे जिले का नाम रोशन कर दिया है। इस अवसर पर गाँव के सरपंच बलबीर सिंह और विद्यालय स्टॉफ ने फुलमालाओं एवं नगद पुरस्कार देकर साक्षी को सम्मानित किया। इसके बाद खुली जिम्सी में सवार होकर गाँव के सैकड़ों व्यक्तियों में पूरे गाँव में साक्षी के साथ जाकर उसकी उपलब्ध के बारे में ग्रामीणो को अवगत कराया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता मोनू त्यागी ने किया । प्रधानाचार्य राजकुमार, जुमन सिंह, इलम सिंह, अबल सिंह, राजेश, राजपाल, पवन, रवीन्द्र, यशपाल, तेलुराम, सुखबीर सिंह समस्त स्टॉप उपस्थित रहे।

# कानून व्यवस्था स्थापित करने के आदेश जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत:** आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव के दृष्टिद्गत होने वाले मतदान के दिन जिलाधीश डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने दण्ड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत आमजन में समानता, शांति और कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए आदेश जारी किए हैं। किसी भी तरह के आग्रेयास्त्र, तलवार (सिख धर्म में उपयोग की जाने वाली कृपाण को छोडकर), गण्डासी, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू और दूसरे ज्वलनशील हथियार लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी। लाईसेंसशुदा हथियार धारकों को अपने हथियार आगामी दो माह तक स्थानीय पुलिस स्टेशन में जमा करने के भी आदेश जारी किए गए हैं।

# निपुण हरियाणा मिशन: प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खंड** शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खरखौदा में निपुण हरियाणा मिशन कार्यक्रम के विस्तारीकरण के अंतर्गत चल रहे सत्र 2024-25 के लिए प्राथमिक अध्यापकों के 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी, खरखौदा सुजाता खत्री उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी अध्यापकों को प्रशस्ति-पत्र व निपुण का लोगो व दफकोड लगे मग प्रदान करके सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी महोदया ने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जितने कुशल और प्रतिभावान आप सब



हैं। अपने छात्रों को स्वयं से भी अधिक प्रतिभावान बनाएँ। उन्हें हर दक्षता मे निपुण बनाना है तभी निपुण हरियाणा के साथ निपुण भारत लक्ष्य सिद्ध होगा। डाइट बीसवाँमील से पर्यवेक्षण के लिए पधारी श्रीमती जैसमीन कौर ने दोनों सत्रों का निरीक्षण किया और सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। प्रशिक्षण में किरण डारोलिया, सविता, कविता, स्नेहलता व संजीव रावल ने के.आर.पी. (की-रिसोर्स पर्सन) के रूप में अपने-अपने विषय की बारीकियों से अध्यापकों को अलग-अलग तौर-तरीकों से परिचित कराया। कभी अध्यापकों के समूह बनाकर समय-समय पर अनेक गतिविधियाँ करवाईं तो कभी क्विज के माध्यम से पिछले दिनों में करवाए हुए ज्ञान को जाँचा। अध्यापकों ने भी प्रत्येक गतिविधि में उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी अध्यापकों ने इन चार दिनों के दौरान जो सीखा उसे अपने कक्षा-कक्ष में लागू करने का पूर्ण आश्वासन दिया। अध्यापकों ने कहा कि समय-समय पर इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन होता रहना चाहिए ताकि ज्ञान में वृद्धि के साथ-साथ नई-नई तकनीकों और नवाचारों को जानने का भी अवसर मिले। कार्यक्रम के संचालन में खंड संसाधन समूह (बीआरजी टीम) की मुख्य भूमिका रही। जिसमें डॉ. नवीन कुमार, सचिन बत्रा, राजेश कुमार, हरिओम,सतपाल, सीमा, नीना, कविता, डॉ निशा, सुमन, रीना, किरण, मनीष आदि का विशेष सहयोग रहा।

# विभिन्न मंडियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**
रबी फसल खरीद अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 964132 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 288146 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 36436 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 113874 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 105729 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 4671 का उठान किया जा चुका

**आवक**

**8 सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2275 रुपए प्रति किवंटल पर की जा रही**

है। 9204 मीट्रिक टन गेंहू, बबैल केन्द्र पर 5015 मीट्रिक टन, बाबरपुर खरीद केन्द्र पर 15827 मीट्रिक टन, बापौली खरीद केन्द्र पर 27902 मीट्रिक टन, छिछड़ाना केन्द्र पर 12658 मीट्रिक टन, इसराना खरीद केन्द्र पर 30115 मीट्रिक टन।

# 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ ढोल विद्यालय रहा प्रथम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** मेहनत कर हल निकलेगा ,आज नहीं तो कल निकलेगा ।इसी वाक्य को सच सिद्ध करते हुए एक साल की मेहनत के बाद जगदीश चंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठोल के विद्यार्थियों ने सीनियर सेकेंडरी परीक्षा में 100% परिणाम प्राप्त किया है। गुरुवार को विद्यालय परिसर में खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर श्याम सुंदर आहूजा की अध्यक्षता व प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा आर्य की उपस्थिति में विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह व सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया। मेरिट प्राप्त करने वाले व पास होने वाले सभी विद्यार्थियों को गांव के




गणमान्य व्यक्तियों द्वारा फूलों की माला पहन कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कक्षा 12वीं में मेरिट प्राप्त करने वाले व पास होने वाले सभी विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में बताया कि हरियाणा प्रदेश का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 85.31% रहा है जबकि शाहाबाद खंड में केवल जगदीश चंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठोल का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम ही 100% रहा है, जो की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा आर्य ने बताया कि पिछले वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम ज्यादा अच्छा नहीं रहा था, उस समय प्रधानाचार्य और विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने गांव के सरपंच व अन्य गणमान्य साथियों से वादा किया था कि अगले वर्ष हम बच्चों के साथ मिलकर कठिन परिश्रम करेंगे और विद्यालय का परिणाम 100% प्राप्त करेंगे, प्रधानाचार्य ने बताया कि कैसे पूरे वर्ष मेहनत करने के बाद हम इस लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब हुए हैं।विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा आर्य जी ने समस्त स्टाफ सदस्यों की ओर से विश्वास दिलवाया कि आगामी वर्षों में भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार रहेगा।सरपंच श्रीमती रुमा देवी व सरपंच प्रतिनिधि श्री बलिंदर सिंह सांगवान ने विद्यालय के समस्त अध्यापक साथियों को एक मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थी का उचित मार्गदर्शन करता है। इसलिए सभी विद्यार्थियों को अपने सभी शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए।सरपंच प्रतिनिधि व समाजसेवी बलिंदर सिंह सांगवान जी ने विद्यालय के परीक्षा परिणाम से खुश होकर विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए पानी पीने के लिए एक टैंक बनाने की घोषणा की है।

# पाइट की टीम बनी आइमा चैंपियन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा:** पाइट कॉलेज ने लगातार दूसरी बार ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (आइमा) की ओर से आयोजित स्टूडेंट मैनेजमेंट गेम्स जीत ली है। दो छात्राओं व दो छात्रों की टीम फाइनल में पहुंची। देशभर की 800 टीमों को पीछे छोड़ते हुए टीम चैंपियन बनी। बिजनेस सिमूलेशन गेम में पाइट की टीम ने बताया था कि किस तरह एक कंपनी को चलाया जाना और कैसे ज्यादा लाभ कमाया जा सकता है। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि बिज लैब में बच्चे अपनी वर्चुअल कंपनी बना सकते हैं। स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए आइमा बिजनेस गेम कराती है। बच्चों को प्रेरित किया



जाता है। पाइट में एमबीए के विक्रम सिंह, पीयूष गोयल, पिंकी व श्रुति गोयल ने कंपनी का ऐसा मॉडल खड़ा, जिसमें उन्हें एक साल में वर्चुअल 48 लाख का मुनाफा हुआ। दूसरे स्थान पर रही कंपनी से पाइट की कंपनी का मुनाफा 12 लाख अधिक था। सामाजिक जिम्मेदारी को भी बखूबी यहां निभाया गया एमबीए विभाग के अध्यक्ष डॉ.अखिलेश मिश्रा ने बताया कि पिछले वर्ष भी उनकी टीम चैंपियन बनी थी। इस प्रतिस्पर्धा से बच्चों में अपनी कंपनी खड़ी करने का जज्बा आता है। सम्मान कार्यक्रम में चेयरमैन हरिओम तायल व एमबीए विभाग से डॉ.अमित सिंगला भी मौजूद रहे।

## आतंकवादी पन्नू को बचाने के लिए भारत पर दबाव बढ़ा रहा है अमेरिका

एजेंसी
**वाशिंगटन।** अमेरिका खालिस्तानी अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश को लेकर भारत पर दबाव बढ़ा रहा है और वाशिंगटन पोस्ट की खबर के बाद अमेरिका ने कहा है कि वह इस मामले में अपनी चिंताओं को सीधे तौर पर और उच्च स्तर पर भारत सरकार के साथ उठाता रहेगा तथा भारत की जवाबदेही की उम्मीद करता है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने नियमित ब्रीफिंग में कहा कि वह पन्नू की हत्या की कथित साजिश की जांच के संबंध में भारत सरकार से 'जवाबदेही की उम्मीद करते हैं' और अमेरिकी प्रशासन इस मामले को लेकर भारत के साथ मिलकर काम कर रहा है।

## शफीक ने कोलंबिया विवि परिसर में पुलिस की उपस्थिति का आग्रह किया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में कोलंबिया विश्वविद्यालय की अध्यक्ष मिनोचे शफीक ने विश्वविद्यालय के शुरू होने के दो दिन बाद कम से कम 17 मई तक न्यूयॉर्क पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) के अधिकारियों की उपस्थिति का आग्रह किया। सुश्री शफीक ने कोलंबिया विश्वविद्यालय के परिसर में 'अशांति' के संबंध में एनवाईपीडी को लिखे एक पत्र में कहा, -इस उपाय का उद्देश्य व्यवस्था बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना है कि यह परिसर में दोबारा न हो।

## सीएआर विशेष आपराधिक न्यायालय ने पूर्व राष्ट्रपति बोजीज के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया

**बांगुई।** सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक (सीएआर) की विशेष आपराधिक अदालत ने 2009 से 2013 तक मानवता के खिलाफ संभावित अपराधों को लेकर देश के निर्वासित पूर्व राष्ट्रपति फ्रांस्वा बोजीज के लिये अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अदालत ने मंगलवार को एक बयान में कहा, -तीन मार्च 2023 से गिनी-बिसाऊ रह रहे सीएआर के पूर्व राष्ट्रपति फैंकोइस बोजिज के लिए एक अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

## दावा- ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय जासूसों को देश से निकाला

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया ने 2 भारतीय जासूसों को देश से निकाला था। ऑस्ट्रेलियन मीडिया 'द ऑस्ट्रेलियन' और 'द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' ने अपनी रिपोर्ट्स में इस बात का दावा किया है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि साल 2020 में भारतीय जासूसों ने ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस प्रोजेक्ट्स और एयरपोर्ट के सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी खुफिया जानकारी चुराने की कोशिश की थी। इस साजिश के पीछे भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के अधिकारियों का हाथ था। मामले का खुलासा होने के बाद भारतीय जासूसों को गिरफ्तार कर देश से निकाल दिया गया था। हालांकि इस बात की जानकारी अब सामने आई है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार में सीनियर मंत्री जिम चार्लमर्स ने कहा है कि हम इस मामले में नहीं पड़ना चाहते हैं। हमारी भारत के साथ अच्छी दोस्ती है। पिछले कुछ सालों में दोनों देशों के कोशिशों से हमारे रिश्ते बेहतर हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स पर भारत की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## कनाडा के विपक्षी लीडर बोले- पीएम ट्रूडो सनकी हैं: ड्रग ओवरडोज मामले पर कहा- नागरिकों का जीवन तबाह कर रहे

टोरंटो। कनाडा के विपक्षी लीडर पियरे पोलिवर ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को सनकी कहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंगलवार को कनाडा की संसद हाउस ऑफ कॉमन्स में ड्रग ओवरडोज पर लगाम लगाने के मुद्दे पर चर्चा चल रही थी। इस दौरान कंजर्वेटिव पार्टी के लीडर पियरे ने अपनी स्पीच में कहा, 'हम सनकी प्रधानमंत्री की तरफ से बनाए गए इस नीति से कब छुटकारा पाएंगे।' इसके बाद कनाडा की संसद के स्पीकर ग्रेग फेरगस ने पोलिवर से 4 बार अपना बयान वापस लेने को कहा।

उन्होंने पियरे के शब्दों को गैर-संसदीय भाषा करार दिया। हालांकि, पोलिवर ने स्पीकर की बात नहीं मानी। उन्होंने सनकी की जगह कट्टरपंथी शब्द इस्तेमाल करने का भी विकल्प रखा।

**स्पीकर ग्रेग बोले- पियरे ने मेरे पद का अपमान किया**

इसके बाद स्पीकर ग्रेग ने कहा, 'आप स्पीकर की पद का अपमान कर रहे हैं। मैं आपको आज के पूरे सेशन के लिए संसद से बाहर जाने का आदेश देता हूं।' इसके बाद विपक्षी लीडर अपनी पार्टी के सांसदों के साथ हाउस ऑफ कॉमन्स से बाहर चले गए। संसद से बाहर निकलने के बाद भी सोशल मीडिया पर पोलिवर ने अपना बयान दोहराया।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रूडो और पोलिवर के बीच अच्छे संबंध नहीं हैं। ट्रूडो विपक्षी नेता को कट्टरपंथी और ट्रम्प समर्थक कहते हैं। मंगलवार की घटना के बाद उन्होंने कहा, 'पोलिवर दक्षिणपंथी समुदाय के साथ बहुत ज्यादा समय बिताते हैं। यह कनाडा के लोगों और लोकतंत्र के लिए खतरा है। यह एक जिम्मेदार लीडरशिप की निशानी नहीं है।'

# जेपी मॉर्गन, गोल्डमैन को जुलाई में पहली दर में कटौती की उम्मीद

एजेंसी
**सिडनी।** वैश्विक निवेश बैंकिंग और ब्रोकरेज प्रमुख जेपी मॉर्गन और गोल्डमैन सैक्स को अब भी उम्मीद है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व जुलाई 2024 की शुरुआत में प्रमुख ब्याज दरों में कटौती करेगा, भले ही नीतिगत रुख सख्त हो और अमेरिकी मुद्रास्फीति का स्तर दो प्रतिशत के लक्ष्य से बहुत दूर हो। सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बाजार पर्यवेक्षकों की ब्याज दरों पर स्पष्ट रूप से अलग-अलग राय है।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख वॉल स्ट्रीट बैंकों की ओर से पहली दर में कटौती के बारे में पूर्वानुमान हर जगह मौजूद हैं। जेपी मॉर्गन और गोल्डमैन सैक्स को जुलाई में पहली कटौती की उम्मीद है, जबकि वेल्स फार्गो सितंबर पर दांव लगा रहा है। बैंक ऑफ अमेरिका को दिसंबर तक पहली कटौती की उम्मीद नहीं है। इस बीच, कुछ फेड नीति निर्माताओं ने इस साल कटौती के बजाय दर में बढ़ोतरी की संभावना भी जताई है।



अमेरिकी फेडरल रिजर्व आज बाद में 2024 के लिए अपने तीसरे नीतिगत निर्णय की घोषणा करेगा। अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने उच्च मुद्रास्फीति को अपने दो प्रतिशत लक्ष्य पर लाने के लिए लंबे समय से चल रही लड़ाई के हिस्से के रूप में अपनी प्रमुख उधार दर को 23 साल के उच्चतम स्तर 5.25 और 5.50 प्रतिशत के बीच बढ़ा दिया है। फेड नीति निर्माता इस सप्ताह की बैठक में अपने तिमाही आर्थिक अनुमानों को अपडेट नहीं करेंगे, इसलिए कोई भी नया मार्गदर्शन नीति वक्तव्य और फेड अध्यक्ष पॉवेल की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर निर्भर करेगा। 20 मार्च को घोषित 2024 के लिए अपनी दूसरी नीति में, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी ने कहा था कि उसे चिपचिपी मुद्रास्फीति के बावजूद 2024 में तीन दरों में कटौती की उम्मीद है। दर-निर्धारण पैनल ने नीतिगत दर को दो दशक के उच्चतम स्तर पर रखने के लिए सर्वसम्मति से मतदान किया था, लेकिन कहा कि उसे लक्ष्य सीमा को कम करना तब तक उचित नहीं होगा जब तक कि उसे यह विश्वास न हो जाए कि मुद्रास्फीति लगातार दो दशक की ओर बढ़ रही है। प्रतिशत।

एफओएमसी सदस्यों ने 2024 के अंत में ब्याज दरों के लिए मध्य बिंदु को 4.50 और 4.75 के बीच छोड़ दिया। इसका मतलब यह है कि वे अभी भी वर्ष के अंत से पहले 0.75 प्रतिशत अंक की कटौती की उम्मीद करते हैं, जो संभवतः तीन 0.25 प्रतिशत अंक की कटौती में बदल जाएगा। हालाँकि, तब से, अमेरिकी मुद्रास्फीति और अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) सहित प्रमुख अमेरिकी मैक्रो डेटा ने वॉल स्ट्रीट की उम्मीदों को मात दी है। आर्थिक डेटा प्रिंट संभवतः अमेरिकी केंद्रीय बैंक को अपने कठोर रुख पर ध्यान केंद्रित करने और ब्याज दरों के मौजूदा स्तर को छूने से पहले मुद्रास्फीति के स्तर के अपने निर्धारित लक्ष्य के तहत आने तक इंतजार करने के लिए प्रेरित करेगा।

## अमेरिकी परिसर में विरोध प्रदर्शन कोलंबिया के बाद, पुलिस ने यूसीएलए के 280 से अधिक प्रदर्शनकारियों को किया गिरफ्तार



एजेंसी
**मॉस्को।** कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स में फिलीस्तीनी समर्थक और इजरायल समर्थक प्रदर्शनकारियों का एक समूह अन्य के साथ भिड़ गया, जिसके परिणामस्वरूप घंटों तक हाथापाई हुई और विश्वविद्यालय का कामकाज ठप हो गया। प्रदर्शनकारियों को एक-दूसरे को पीटने, लात मारने और लाठियों का इस्तेमाल करते हुए हाथापाई करते हुए देखा जा सकता है।स्थिति अनियंत्रित होने पर, दंगा गियर में अधिकारी फिलिस्तीनी समर्थक प्रदर्शनकारियों के कब्जे वाले हैमिल्टन हॉल भवन को तोड़कर मंगलवार को कोलंबिया के परिसर में प्रवेश कर गए,साथ ही यूसीएलए के अनुरोध पर लॉस एंजिल्स पुलिस परिसर में पहुंची. वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार, पिछले दो हफ्तों में फिलिस्तीन समर्थक कैंपस विरोध प्रदर्शन में 1,600 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 282 गिरफ्तारियां मंगलवार रात कोलंबिया यूनिवर्सिटी और सिटी कॉलेज न्यूयॉर्क में की गईं। , न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के आयुक्त एडवर्ड कैबन ने कहा कि कोलंबिया विश्वविद्यालय और न्यूयॉर्क के सिटी कॉलेज में 280 से अधिक प्रदर्शनकारी थे। WP के हवाले से खबर की पुष्टि करते हुए, गश्ती प्रमुख जॉन चेल ने कहा कि NYPD ने 282 गिरफ्तारियां की हैं - 173 सिटी कॉलेज में और 109 कोलंबिया में। न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने कोलंबिया विश्वविद्यालय के विरोध प्रदर्शन के लिए 'बाहरी आंदोलनकारियों' को जिम्मेदार ठहराया।

# भारत, मालदीव ने व्यापार सहयोग बढ़ाने के लिए बातचीत की

एजेंसी
**माले।** भारत ने कहा कि वह मालदीव के साथ द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के लिए उत्सुक है क्योंकि उसके दूत ने द्वीपसमूह राष्ट्र के एक वरिष्ठ मंत्री के साथ चर्चा की। मालदीव के आर्थिक विकास और व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद ने मंगलवार को द्वीपसमूह राष्ट्र में भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर से मुलाकात की।

यह बैठक मालदीव सरकार के अनुरोध पर भारत द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए कुछ निश्चित मात्रा में आवश्यक वस्तुओं के निर्यात की अनुमति देने और राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू द्वारा 88 भारतीय सैन्य कर्मियों की पूर्ण स्वदेश वापसी के लिए लगाई गई 10 मई की समय सीमा से पहले होने के कुछ सप्ताह बाद हुई है। उनका देश।

मंत्री @em_saeed ने मालदीव में भारतीय उच्चायुक्त महामहिम मुनु महावर से मुलाकात की और व्यापार और आर्थिक सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की। @HCIMaldives, ने बैठक की तस्वीरों के साथ मालदीव के आर्थिक विकास और व्यापार मंत्रालय को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट किया।

इसके तुरंत बाद, भारतीय उच्चायोग ने जवाब दिया: 'हम भारत-मालदीव आर्थिक सहयोग को और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध। के साथ निरंतर जुड़ाव की आशा करते हैं। इससे पहले 5 अप्रैल को, द्वीपसमूह राष्ट्र में मानव-केंद्रित



विकास का समर्थन करने के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए, भारत ने कहा कि वर्ष 2024-25 के लिए आवश्यक वस्तुओं की कुछ मात्रा के निर्यात की अनुमति देने का अनुरोध 'एक अद्वितीय द्विपक्षीय तंत्र के तहत' किया जा रहा था। जिसके तहत इनमें से प्रत्येक आइटम के लिए कोटा को ऊपर की ओर संशोधित किया गया है। अंडे, आलू, प्याज, चीनी, चावल, गेहूं का आटा और दाल (दाल) के कोटा में भी 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई और अनुमोदित मात्रा 1981 में इस व्यवस्था के लागू होने के बाद से सबसे अधिक थी। 1981 का भारत और मालदीव व्यापार समझौता आवश्यक वस्तुओं के निर्यात का प्रावधान करता है। भारतीय उच्चायोग के रिकॉर्ड के अनुसार, मामूली शुरुआत से बढ़ते हुए, भारत-मालदीव द्विपक्षीय व्यापार 2021 में पहली बार 300 मिलियन का आंकड़ा पार कर गया, जो 2022 में 500 मिलियन का आंकड़ा पार कर गया। भारत 2022 में मालदीव के दूसरे सबसे बड़े और 2023 में सबसे बड़े व्यापार भागीदार के रूप में उभरा। मालदीव से भारतीय आयात में मुख्य रूप से स्क्रैप धातुएं शामिल हैं, जबकि मालदीव में भारतीय निर्यात में विभिन्न प्रकार के इंजीनियरिंग और औद्योगिक उत्पाद जैसे ड्रग्स और फार्मास्युटिकल्स, रडार उपकरण, रॉक शामिल हैं। बोल्डर, समुच्चय, सीमेंट और कृषि उत्पाद जैसे चावल, मसाले, फल, सब्जियां और पोल्ट्री उत्पाद आदि, यह कहा। 5 अप्रैल की घोषणा में यह भी कहा गया कि मालदीव में तेजी से बढ़ते निर्माण उद्योग के लिए महत्वपूर्ण नदी रेत और पत्थर समुच्चय का कोटा 25 प्रतिशत बढ़ाकर 10,00,000 मीट्रिक टन कर दिया गया है।

## कंबोडियाई अधिकारी ने अत्यधिक गर्मी के बीच स्वास्थ्य जोखिमों की चेतावनी दी

एजेंसी
**नोम पेन्ह।** एक कंबोडियाई स्वास्थ्य अधिकारी ने स्वास्थ्य जोखिमों की चेतावनी दी क्योंकि दक्षिण पूर्व एशियाई देश में तापमान रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है।समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य सचिव और स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता यांडाइन ने लोगों से सावधान रहने और अधिक पानी पीकर निर्जलीकरण से अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि इन दिनों तापमान कंबोडिया के इतिहास में अब तक का सबसे गर्म तापमान है।वैंडाइन ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, मैं लोगों से सतर्क रहने और त्वचा की जलन, अत्यधिक पसीने और निर्जलीकरण से बचने के लिए धूप में ज्यादा देर तक न रहने का आह्वान करना चाहूंगी।उन्होंने कहा कि अत्यधिक गर्मी से सांस लेने में तकलीफ या बेहोशी, दिल का दौरा और मौत हो सकती है।उन्होंने कहा, यदि आप किसी घर या इमारत से बाहर हैं तो छायादार स्थान पर रहें। यदि आपको बहुत अधिक गर्मी लगती है, तो अपने आप को ढकने के लिए गीले तौलिये या स्कार्फ का उपयोग करें और दिन में 2 से 3 लीटर पानी पियें। वैंडाइन ने लोगों को धूप से खुद को बचाने के लिए हल्के और लंबी बाजू वाले कपड़े पहनने और सनब्लॉक लोशन या छाता का उपयोग करने की सलाह दी।अगर घर या इमारत के अंदर हैं, तो आप गर्मी कम करने के लिए पंखे या एयर कंडीशनर का उपयोग कर सकते हैं, और बहुत मीठा, बहुत नमकीन या बहुत वसायुक्त खाने से बचें, उसने कहा।जल संसाधन और मौसम विज्ञान मंत्रालय के प्रवक्ता और राज्य सचिव चान युथा ने पिछले हफ्ते कहा था कि कंबोडिया ने लगभग 170 वर्षों में इस गर्म मौसम में अब तक का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया था।जल



संसाधन और मौसम विज्ञान मंत्रालय के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, देश के उत्तरी, उत्तरपूर्वी, उत्तरपश्चिमी, मध्य और दक्षिणी हिस्सों के कुछ प्रांतों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और यह खतरनाक स्तर गुरुवार तक बना रहेगा। शुक्रवार।युथा ने कहा कि मई की शुरुआत में तापमान में गिरावट शुरू हो जाएगी, क्योंकि बारिश की भविष्यवाणी की गई है।

## राजमार्ग का एक हिस्सा ढह जाने से 24 लोगों की मौत

एजेंसी
**बीजिंग।** चीन के बारिश प्रभावित गुआंगडोंग प्रांत में तड़के एक राजमार्ग का एक हिस्सा ढह जाने से कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई, जो पांच दिवसीय मजदूर दिवस की छुट्टी की शुरुआत थी।यह घटना गुआंग्डोंग के उत्तरी मेइझोउ शहर के डाबू काउंटी में देर रात करीब 2 बजे हुई। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने एक स्थानीय सरकार के बयान के हवाले से बताया कि पहाड़ी राजमार्ग का लगभग 18 मीटर हिस्सा नीचे जंगली ढलान में टूट गया, जिससे 20 वाहन और 54 यात्री फंस गए। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 30 पीड़ितों को अस्पताल भेजा गया है, जबकि लगभग 500 सार्वजनिक सुरक्षा, आपातकालीन प्रतिक्रिया, अग्निशमन, स्वास्थ्य और स्वच्छता और अन्य कर्मचारी बचाव कार्य में भाग ले रहे हैं।

बयान में कहा गया है कि अस्पताल में भर्ती मरीजों की हालत फिलहाल जीवन के लिए खतरा नहीं है, लेकिन उनकी चोटों के स्तर को निर्दिष्ट नहीं किया गया है। पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ढहने का कारण अभी तक घोषित नहीं किया गया है और मामले की जांच की जा रही है। यह दुर्घटना तब हुई जब चीन ने मजदूर दिवस के लिए पांच दिवसीय अवकाश शुरू किया, जो देश के लिए चार प्रमुख छुट्टियों और यात्रा अवधियों में से एक है, जब राजमार्ग टोल-मुक्त होते हैं और भारी यातायात देखते हैं। स्थानीय समाचार आउटलेटस द्वारा साझा किए गए फुटेज और तस्वीरों में ढहे हुए हिस्से से आग की लपटें और धुआं उठता हुआ दिखाई दे रहा है, जबकि जली हुई कारें टूटी हुई ढलान पर दिखाई दे रही हैं। क्षतिग्रस्त राजमार्ग



गुआंग्डोंग को दक्षिणपूर्वी फुजियान प्रांत से जोड़ता है। सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि दक्षिण चीन के गुआंग्डोंग प्रांत में एक एक्सप्रेसवे पर सड़क धंसने के बाद 31 लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है, जिसमें 18 वाहन फंस गए थे।

मेइझोउ सरकार के अनुसार, मेइझोउ शहर में मेइझोउ-डाबू एक्सप्रेसवे के एक खंड पर सुबह 2:10 बजे के आसपास दुर्घटना हुई। एक्सप्रेसवे को बंद कर दिया गया है क्योंकि बचाव अभी भी जारी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है।

# तोशाखाना मामले में इमरान, बुशरा बीबी के खिलाफ नए सिरे से जांच शुरू

एजेंसी
**इस्लामाबाद।** राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने तोशाखाना मामले में नए सिरे से जांच शुरू की है, जिसमें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व पीएम इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को कॉल-अप नोटिस जारी किया गया है, एआरवाई न्यूज की सूचना दी। एनएबी रावलपिंडी ने अदियाला जेल के उपाधीक्षक को एक पत्र भेजकर जांच के लिए उनकी उपस्थिति का अनुरोध किया है। एआरवाई न्यूज के मुताबिक, एक जवाबदेही अदालत (एसी) ने 31 जनवरी को तोशाखाना मामले में पीटीआई संस्थापक और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 14-14 साल की कैद की सजा सुनाई।फैसले की घोषणा एसी जज मुहम्मद बशीर ने की, जिसमें पीटीआई के संस्थापक और उनकी पत्नी को 10 साल के लिए किसी भी सार्वजनिक पद पर रहने से अयोग्य ठहराया गया और 787 मिलियन पाकिस्तानी मुद्रा (पीकेआर) का जुर्माना लगाया गया। इससे पहले, खान



और उनके विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी को सजा सुनाई गई थी। एआरवाई न्यूज के अनुसार, सिफर मामले के संबंध में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत 10 साल की जेल। इस बीच, डॉन के अनुसार, 4 फरवरी को इमरान खान और बुशरा बीबी को इद्दत अवधि के दौरान उनकी शादी से संबंधित एक मामले में सात-सात साल जेल की सजा सुनाई गई थी।हालांकि, 1 अप्रैल को, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने तोशाखाना मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की 14 साल की जेल की सजा को निलंबित कर दिया। इसके बाद पीटीआई के कई नेताओं ने आरोप से इनकार किया और इमरान खान के समर्थन में खड़े हो गए। डॉन की हाल ही की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने तोशाखाना मामले के संबंध में वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के खिलाफ पाकिस्तान के पूर्व पीएम के आरोपों को खारिज कर दिया है और उन्हें -झूठ, मनगढ़ंत और निराधार- बताया है। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले दिन में, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने भी कहा था कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली संघीय सरकार को गिरा देगी जब भी पार्टी के संस्थापक इमरान खान ऐसा करने का निर्देश देंगे। दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, 27 अप्रैल को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता उमर अयूब खान ने भी मीडिया से बात करते हुए कहा कि चाहे कुछ भी हो, वह अपनी पार्टी और पीटीआई के संस्थापक इमरान खान के प्रति वफादार रहेंगे।

# अब समंदर से चीन मचाएगा तहलका, 'फुजियान' एयरक्राफ्ट कैरियर का किया परीक्षण

एजेंसी
**बीजिंग।** समंदर के जरिए घमासान मचाने के लिए बुधवार को चीन ने अपने तीसरे विमानवाहक पोत 'फुजियान' का पहला समुद्री परीक्षण किया है। अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के बीच बीजिंग ने अपनी नौसेना की शक्ति को बढ़ाने के लिए इस युद्धपोत का परीक्षण किया है।

फुजियान को चीन का सबसे उन्नत और सबसे बड़ा विमानवाहक पोत माना जा रहा है।

बता दें कि फुजियान को जून 2022 में समुद्र में उतारा था। अब इसके ठीक दो साल बाद यानी बुधवार को चीनी नौसेना ने एक बार फिर परीक्षण किया है।

**क्या है चीन का मकसद**

सरकार के स्वामित्व वाली शिन्हुआ समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार, समुद्री परीक्षण के लिए यह युद्धपोत बुधवार सुबह शंघाई जियांगनान शिपयार्ड से रवाना हुआ। फुजियान, पूरी तरह से घरेलू स्तर पर डिजाइन और निर्मित की गई है। इस युद्धपोत के परीक्षण का मकसद चीनी सैन्य शक्ति बनाने के लिए राष्ट्रपति शी



जिनपिंग के प्रयास का हिस्सा है।

**इस प्रक्रिया में लगेगा एक साल**

समुद्री परीक्षण से पहले चीन ने यांग्त्जे नदी के मुहाने के आसपास समुद्री यातायात पर नियंत्रण लगा दिया है, जो 9 मई तक लागू रहेगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, विवादित दक्षिण चीन सागर और ताइवान जलडमरूमध्य में वर्ष 2035 तक अपने युद्धपोत तैनात करने का लक्ष्य है। सीसीटीवी ने बताया कि फुजियान को सुबह 8 बजे के ठीक बाद समुद्र में छोड़ा गया था। विमानवाहक पोत को चीन की नौसेना द्वारा सेवा में लगाए जाने से पहले समुद्री परीक्षण अंतिम चरण है। इस प्रक्रिया में एक साल तक का समय लगने की उम्मीद है।

## पोर्न स्टार केस, ट्रम्प अवमानना के दोषी करार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं. पोर्न स्टार से रिश्तों से जुड़े एक मामले में उन्हें मंगलवार को कोर्ट की अवमानना का दोषी ठहराया गया. आदेश का बार-बार उल्लंघन करने के लिए 9 हजार डॉलर का जुर्माना लगाया गया. कोर्ट ने ट्रंप को पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स से अपने रिश्तों को लेकर पैसे देने के मामले से जुड़े गवाहों, जूरी सदस्यों और अन्य लोगों के बारे में सार्वजनिक बयान देने से रोका था. इसके साथ ही जज ने चेतावनी दी कि अगर वो दोबारा ऐसा करते हैं, तो उन्हें जेल की सजा हो सकती है. बताते चलें कि इस मामले में ट्रंप पर उल्लंघन के 10 आरोप लगाए गए थे. मगर, जज जुआन एम मर्चन ने नौ उल्लंघन के मामले में उन्हें दोषी ठहराया. यह फैसला पूर्व राष्ट्रपति के लिए झटका है.।

# पाकिस्तानी संसद में उठा हिंदू लड़कियों के धर्मपरिवर्तन का मुद्दा:हिंदू सांसद ने कहा- सरकार कार्रवाई नहीं कर रही

**सिंध।** पाकिस्तान की संसद में एक हिंदू सांसद ने हिंदू लड़कियों के जबरन धर्म परिवर्तन के मुद्दे को उठाया है। दानेश कुमार पलयानी नाम के सांसद के भाषण का वीडियो अब वायरल हो रहा है। दानेश ने संसद में भाषण देते हुए कहा कि पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है। इसमें इलाके के प्रभावशाली लोग शामिल हैं। लेकिन पाकिस्तान सरकार इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

दानेश कुमार ने देश के संविधान और कुरान का हवाला देते हुए कहा कि ये दोनों चीजें किसी के जबरन धर्म परिवर्तन की अनुमति नहीं देती हैं। उन्होंने कहा, -हिंदुओं की बेटियां कोई लूट नहीं हैं कि कोई उनका जबरन धर्म बदल दे, सिंध में हिंदू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। प्रिया कुमारी को अगवा हुए दो साल हो चुके हैं। लेकिन सरकार ने इन प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। कुछ गलत लोग हमारे पाकिस्तान का नाम खराब कर रहे हैं। दानेश ने अपने भाषण में कहा कि सिंध को बलूचिस्तान से सीखना चाहिए। वहां हिंदू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन नहीं करवाया जाता है। बलूचिस्तान में हिंदू- मुस्लिम एक साथ मिलकर रहते हैं। हमें बताया गया कि धर्म परिवर्तन जांच के लिए जॉइंट इन्वेस्टिगेशन टीम बनी है।

लेकिन यह इन्वेस्टिगेशन टीम आरोपियों को एसी रूम में बैठाकर पूछताछ कर रही है। हमारे दुश्मन मुल्क मेरी जन्मभूमि पर इन मामलों के कारण उंगली उठा रहे हैं। अगर जल्द ही कोई कदम नहीं उठा गया तो पाकिस्तान में जल्द ही हिंदू खत्म हो जाएंगे।

**दानेश ने साथी सांसदों पर आरोप लगाए थे**

दानेश कुमार हाल ही में हुए चुनावों में बलूचिस्तान आवामी पार्टी की ओर से अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीट पर सांसद चुने गए थे। वे बलूचिस्तान की विधानसभा के भी सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने 2023 में अपने साथी सांसदों पर धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया था। बलूचिस्तान के नेता दानेश कुमार ने संसद में कहा था कि मुझे इस्लाम के उपदेश न दिए जाएं। पहले अपराधी मुसलमानों को इस्लाम सिखाओ फिर मुझसे मेरा धर्म बदलने के लिए कहना।

पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र भी पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों की लड़कियों के जबरन धर्म परिवर्तन पर अपनी चिंता व्यक्त कर चुका है। यूएन ने कहा था कि पाकिस्तान सरकार लड़कियों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए जरूरी कदम नहीं उठा रही है।यूएन के एक्सपर्ट्स ने कहा था कि अल्पसंख्यक लड़कियों के जबरन विवाह और धर्म परिवर्तन को पाकिस्तान की अदालतें भी सही ठहरा रही हैं।

जिसका असर पीड़ित लड़कियों पर हो रहा है। लड़कियां की मर्जी के खिलाफ नए पतियों के साथ रहने पर मजबूर किया जा रहा रहा है।

# सरकार को अग्रोहा के विकास के लिए ध्यान देते हुए विशेष पैकेज देना चाहिए: बजरंग गर्ग

**बैठक**

**8 अग्रोहा चौंक व अग्रोहा में लाखों रुपए की फ्लड व स्ट्रीट लाईट अनेकों समय से बंद पड़ी है- बजरंग गर्ग**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में अग्रोहा धाम व अग्रोहा के विकास कार्यों पर विचार विमर्श किया गया। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने मंदिर में पूजा करने के उपरांत कहा कि सरकार अग्रोहा को विकसित करने की बार-बार बात करती है। अग्रोहा के विकास के लिए वैश्य समाज रात-दिन करोड़ों रुपए लगाकर कार्य कर रहा है मगर बड़े अफसोस से कहना पड़ता है कि अग्रोहा में सड़क, सीवरेज, लाईट आदि के साथ-साथ किसी प्रकार की मूलभूत सुविधा तक नहीं है। अग्रोहा में सर्विस लाईन अधूरी में पड़ी है, जिसके कारण बार-बार एक्सीडेंट हो रहे है। सर्विस लाईन पर बार-बार एक्सीडेंट होने के कारण लगभग 20 व्यक्तियों की मौत हो चुकी है और सैकड़ो लोग अब तक घायल हो चुके हैं। दुर्घटना होने के बाद सरकारी अधिकारी सिर्फ सर्वे के नाम पर खाना पूर्ति करने पहुंच जाते हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा में सारे बरसाती नाले बंद पड़े हैं। सीवरेज लाईन की कोई व्यवस्था नहीं, सड़के टूटी पड़ी है। थोड़ी सी बारिश होने पर अग्रोहा पर कई-कई फूट पानी भर जाता है और अग्रोहा चौक व अग्रोहा रोड पर लाखों रुपए की फ्लड व स्ट्रीट लाईट लगी हुई है जो काफी समय से बंद पड़ी है। जिसके कारण अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर चोरी व लूटपाट की अनेकों वारदात कर चुके है जबकि पुलिस प्रशासन एक भी चोरी का माल बरामद नहीं कर पाई है। इतना ही नहीं अग्रोहा धाम में भी स्क्रैप, जनरेटर की बैटरियां, तांबे का सामान व बिजली की तारे तक काट कर चोरों द्वारा चोरी की जा चुकी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को अग्रोहा के विकास पर ध्यान देते हुए विशेष पैकेज देना चाहिए और अग्रोहा में बरसाती नाले व सीवरेज लाईन चालू की जाए व टूटी सड़कों को ठीक करने के साथ-साथ स्ट्रीट लाइटों को तुरंत प्रभाव से चालू किया जाए और चोरी व लूटपाट की वारदातों को रोकने के लिए अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग अग्रसत्ता पत्रिका का विमोचन किया।

# भाजपा कार्यकर्ता के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि : सुभाष बराला

**प्राथमिकता**

**8 टोहाना में वरिष्ठ कार्यकताओं की बैठक में बराला ने कहा - मोदी का लक्ष्य देश को सुपर पॉवर बनाना**



**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/टोहाना**
लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता सदैव राष्ट्रहित को प्राथमिकता में रखते हुए अपने कार्य करता है। देश हित मे कार्य करने वाली पार्टी सिर्फ भारतीय जनता पार्टी है। जहां जातिवाद या वंशवाद नहीं चलता है। यही एकमात्र ऐसी पार्टी है जहाँ बूथ अध्यक्ष पार्टी का नेतृत्व करता है और चाय वाला भी प्रधानमंत्री बन सकता है। ये बातें गुरुवार को श्री बराला ने टोहाना की न्यू प्रभाकर कालोनी स्थित पार्टी कार्यालय में वरिष्ठ कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर उन्होंने कार्यकताओं को चुनाव संबंधी जरूरी दिशा निर्देश दिए।
श्री बराला ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं ने अपने त्याग और बलिदान से पार्टी को सींचा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आज जो मुकाम हासिल किया है वह सब कार्यकताओं के बदौलत किया है। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है और कार्यकताओं के भरोसे और मेहनत पर पार्टी लगातार चुनाव जीतती आ रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में आप जैसे वरिष्ठ और अनुभवी कार्यकताओं की भूमिका बढ़ जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### फतेहाबाद: स्कूली विद्यार्थी अभिभावकों को करेंगे 25 मई को वोट डालने के लिए प्रेरित

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
जिला के शिक्षण संस्थानों में पढने वाले विद्यार्थी अब अपने अभिभावकों को 25 मई के दिन वोट डालने के लिए घर-घर जाकर प्रेरित करेंगे जिसकी शुरूआत 3 मई को डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद से स्वीप के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने बुधवार को बताया कि 3 मई से डीएवी पब्लिक स्कूल से विद्यार्थी अपने अभिभावकों को वोट डालने के लिए प्रेरित करने की शुरूआत करेंगे जो 25 मई तक अभिभावकों के साथ-साथ जनसाधारण को भी जागरूक करेंगे।
उन्होंने बताया कि जिले में 18 वर्ष से अधिक की आयु के वो युवा जो महाविद्यालय में पढ़ते हैं उन्हें भी स्वयं वोट डालने और अभिभावकों को वोट डालने के लिए प्रेरित करने हेतू विशेष अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है। अब 18 वर्ष से कम की आयु के विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई जा रही है कि वो घर जाकर अपने अभिभावकों को वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे। 3 मई को जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत हजारों छात्र-छात्राएं व खिलाड़ी शामिल होंगे और आमजन को जागरूक करने के साथ-साथ अपने अभिभावकों को भी जागरूक करेंगे।
उन्होंने बताया कि वोटर जागरूकता पर स्वीप के अंतर्गत विशेष रूप से विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई कव्वाली, गीत, नाटिका के माध्यम से वोट के महत्व को बताया गया है। स्कूल स्तर पर रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुन्दर व स्कूल की प्राचार्य सुनीता मदान को जिम्मेदारी दी गई है जो 3 मई को डीएवी स्कूल से इसकी शुरूआत करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि स्वीप अभियान के अंतर्गत जिले के सभी उपमंडलों में कॉलेज व स्कूलों को कवर किया गया है। साथ-साथ विशेष रूप से रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा दिव्यांगों को वोटर जागरूकता के लिए प्रेरित किया गया है। दूसरी ओर ट्रांसजेंडर को भी 25 मई के दिन वोट डालने के लिए जागरूक किया गया है। जिला में अभी तक विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पढ? वाले हजारों विद्यार्थियों को लोक संपर्क विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नेहरू युवा केंद्र, विकास एवं पंचायत विभाग, चुनाव कार्यालय, जिला रेडक्रॉस सोसायटी व अन्य विभागों द्वारा जागरूक किया जा चुका है।

### फरीदाबाद : शराब के नशे में जीजा ने की साले की हत्या, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
जीजा ने रुपये के लेने देन के विवाद में बुधवार रात को अपने साले को चाकू से गोदकर हत्या दी। लोगों ने आरोपित को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।
घटना सीकरी गांव से लगे सहरोला गांव स्थित जेके सफल कंपनी में बुधवार रात को हुई। मृतक की बहन रीना ने बताया कि उसका भाई कुसुम पाल और अजय पाल जेके सफल कंपनी में पिछले 4 वर्षो से कम कर रहे हैं और उसी कंपनी में रहते भी हैं। उसके पति यानी कुसुम पाल के जीजा जगदीश प्रसाद फिलहाल बेरोजगार थे, जिसे कुसुम पाल ने ही लगभग चार महीने पहले अपने पास की कंपनी में ठेकेदार कृपाल के पास नौकरी के लिए रखवा दिया था। रीना ने बताया कि कुसुम पाल और अजय पाल के ठेकेदार कृपाल से घर जैसे संबंध थे। इसी के चलते ठेकेदार कृपाल भी जगदीश को अपना जीजा ही मानता था। इसी का फायदा उठाकर जगदीश ने ठेकेदार कृपाल से बहाने बनाकर करीब 20 हजार रुपये ले लिए। जगदीश शराब का आदी था। जब कर्ज ज्यादा हो गया तो उसका पति जगदीश 10 दिन पहले कंपनी छोडकर अपने गांव कोसी स्थित तुमोला चला गया। उसके भाग जाने के बाद कुसुम पाल ने ठेकेदार के लिए रुपयों को देने के लिए अपने जीजा जगदीश पर दबाव बनाया। इसी बात को लेकर जगदीश और कुसुम पाल की फोन पर कहासुनी हुई। वहीं ठेकेदार कृपाल का भाई सतपाल काफी बीमार चल रहा था, जिसे अलफलाह मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जहां से डॉक्टर ने उसे बीके अस्पताल के लिए बीते कल रेफर किया था लेकिन डॉक्टरों ने उसे फिर वापस अलफलाह अस्पताल में ले जाकर भर्ती करने के लिए रेफर कर दिया। बीमारी की खबर सुनकर जगदीश सतपाल को देखने के बहाने कंपनी में पहुंचा था। रीना के मुताबिक, रात करीब साढ़े ग्यारह बजे जगदीश ने पहले कुसुम पाल को बीती रात शराब पिलाई। फिर उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिसमें एक चाकू कुसुम पाल की गर्दन पर लगा। चाकू लगने के बाद कुसुम पाल ने शोर मचाया।
इसके बाद वह भी मौके पर आ गई और शोर सुनकर आसपास के अन्य लोग आ गए और जगदीश को पकड़ लिया। आनन फानन में कुसुम पाल को फरीदाबाद के बादशाह खान सिविल अस्पताल में लाया गया, जहां इलाज के दौरान कुसुम पाल की मौत हो गई । वहीं ठेकेदार कृपाल ने बताया कि वह घटना के समय अपने गांव लदीयापुर में थे। घटना की सूचना मिलने के बाद पहले कंपनी पहुंचे। पुलिस को बुलाकर आरोपित जगदीश को पुलिस के हवाले कर दिया।

## उम्मीदवार को बैंक खाता खुलवाना अनिवार्य

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
लोकसभा चुनाव-2024 के द्दष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के जारी दिशा निर्देशों के अनुसार लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने से एक दिन पहले उम्मीदवार को नया बैंक खाता खुलवाना अनिवार्य है। साथ ही इस संबंध में नामांकन के दौरान बैंक अकाउंट की जानकारी देनी होगी। यह जानकारी गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने दी।
उन्होंने सभी उम्मीदवारों से अनुरोध करते हुए कहा कि नामांकन की प्रक्रिया से पहले एक नया बैंक खाता अवश्य खुलवा ले।

# नेता अपराधी होकर चुनाव लड़ सकता है तो कैदी वोट क्यों नहीं डाल सकता:जयहिंद

**अधिकार**

**8 किसान बार-बार सिंचाई विभाग के चक्कर काट रहे थे लेकिन उनकी कोई सुन नहीं रहा**

**जयहिन्द** सेना प्रमुख डॉ नवीन जयहिन्द रोहतक के सिंचाई विभाग में किसानों की आवाज उठाने के चलते एक्सइन ऑफिस पर गमछा बाँधने की वजह से सुर्ख़ियों में थे । इस गमछे का बांधने का कारण था किसानों और जनता को पानी नहीं मिल रहा था` जयहिंद वीरवार को जज रवि अमितोज जी की कोर्ट में पेश हुए इस मामले में अगली तारीख 10 सितम्बर की मिली है`



जयहिंद ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि किसान बार-बार सिंचाई विभाग के चक्कर काट रहे थे लेकिन उनकी कोई सुन नहीं रहा था ` फिर वे किसान अपनी परेशानी लेकर उनके पास आये और वो फिर सिंचाई विभाग में एक्सइएन ऑफिस पर पहुचें दफ्तर पर पहले ही ताला लगा हुआ था और कोई भी स्टाफ मोजूद नहीं था` न तो उन्होंने किसी तरह की सरकारी काम में बाधा डाली न ही सरकारी सम्पति को नुकसान पहुँचाया है` किसान जो इतने दिनों से सरकारी दफ़्तर के चक्कर काट रहे थे आला अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लिया और किसानों की समस्या का समाधान करवाया।वही जयहिंद ने कैदियों के वोट डालने के अधिकार की आवाज उठाते हुए कहा कि जब एक नेता अपराधी होकर चुनाव लड़ सकता है , खुलेआम प्रचार कर सकता है वही 25 हजार से भी ज्यादा विचाराधीन कैदी प्रदेश की जेलों में बंद है` उन्हें भी अपना मत इस्तेमाल करने का अधिकार मिले` बैलेट से जब पड़ रही है तो चुनाव आयोग और प्रशासन जेलों में बंद इन कैदियों को भी वोट डालने की इज्जत दे ० बैलेट पेपर से वोट डालने का प्रबंध करें` वोट डालना सबका अधिकार।

**जयहिंद** ने वही प्रदेश की पानी की समस्या पर कहा कि पानी एक ऐसी चीज है जो हर किसी चाहिए इंसान, पशु -पक्षी , खेती के लिए , पेड़ - पौधों के लिए` आज प्रदेश के लगभग 17 जिलों में पीने के पानी की कमी है` लोग गंदा पानी पीने को मजबूर है` अब चुनाव में वैसे तो नेता बढ़ चढ़ कर बयानबाजी कर रहे है` लेकिन र छ पर खुलकर कोई भी नेता नही बोल रहा है` कोई मटका प्रदर्शन कर है कोई ज्ञापन दे रहा है लेकिन खुल र छ का पानी हरियाणा का हक है कोई नहीं कह रहा है` माननीय सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि हरियाणा को पानी का हक मिले` कम से कम सभी पार्टियों के नेता माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश को तो बोल सकते है`

# ठेका इंचार्ज-सेल्समैन की पिटाई कर किया घायल, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कार्रवाई शुरू**

**8 पुलिस ने अपहरण करने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।**



**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
शराब का ठेका बंद होने के बाद शराब लेने पहुंचे कार सवार तीन युवकों ने ठेके के इंचार्ज व सेल्समैन के साथ मारपीट कर तथा दोनों को उठाकर जिला नागरिक अस्पताल में छोड़ दिया। पुलिस ने सेल्समैन की शिकायत पर गेलपुर गांव निवासी कार सवार तीनों के खिलाफ मारपीट कर अपहरण करने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।
मिली जानकारी के अनुसार गेलपुर गांव निवासी विजय सिंह ने पुलिस को गुरूवार को दी शिकायत में कहा कि वह गेलपुर गांव के बस स्टैंड पर स्थित शराब के ठेके पर बतौर इंचार्ज लगा हुआ है। उसके साथ ठेके पर सहराला गांव निवासी अजय सेल्समैन है।

## कांग्रेस सरकार बनने पर अंबाला में बनेगा आईएमटी: हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
कांग्रेस की सरकार बनने पर अंबाला में उद्योग और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए आईएमटी का निर्माण किया जाएगा। यह ऐलान पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किया है। हुड्डा गुरुवार को हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान के साथ अंबाला लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार वरुण मुलाना का नामांकन करवाने पहुंचे थे।
नामांकन से पहले आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यह सिर्फ लोकसभा चुनाव नहीं है बल्कि देश के संविधान को बचाने की लड़ाई है।

# शत-प्रतिशत रहा डा. अनिल मलिक सनातन धर्म महाबीर दल सीनियर सैकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम



**परीक्षा परिणाम**

**8 छात्र-छात्राएं शिक्षा हासिल करके देश व समाज निर्माण में अपना योगदान देंगे - राजेश भाटिया**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
डा0 अनिल मलिक श्री सनातन धर्म महाबीर दल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, मार्केट नंबर 1, फरीदाबाद का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा की कई छात्राओं ने मैरिट हासिल की। कक्षा की नेहा पुत्री श्री रमेश कुमार निवासी ए सी नगर ने 500 में से 417 अंक हासिल कर प्रथम स्थान, नेहा चौहान श्री महेश कुमार निवासी एन एच 1 ने 500 में से 385 अंक हासिल कर द्वितीय स्थान, खुशी पुत्री संजय शाह निवासी एन एच 1 ने 500 में से 354 अंक हासिल कर तृतीय स्थान, पूजा पुत्री श्री कामेश्वर निवासी मिलार्ड कॉलोनी ने 500 में से 343 अंक हासिल कर चौथा स्थान विवेक कुमार ने 500 में से 327 अंक व नंदिनी ने 500 में से 278 अंक हासिल किए। इस मौके पर प्रधान राजेश भाटिया ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने आशा जताई कि जिन छात्राओं ने 12वीं की कक्षा उत्तीर्ण की है, वह अपने जीवन पथ पर आगे बढ़ेंगे और शिक्षा हासिल करके देश व समाज निर्माण में अपना योगदान देंगे। प्रधान राजेश भाटिया ने स्कूल के अध्यापकों को भी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उन्हें भी इसी प्रकार बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया।
इस अवसर पर स्कूल कमेटी से वी के मलिक, जनक भाटिया, मोक्षित भाटिया, मनोज कुमार रतड़ा, सचिन भाटिया, रंजय भाटिया तथा स्कूल अध्यापकों में निशि अदलक्खा, सोनिया अरोड़ा, सुमन अरोड़ा, नीलम सचदेवा, रेखा जोहरा, नीतू भाटिया, संदीप कौर, रजनी बजाज, इन्दु देसवाल, अशोक, शोभा शर्मा, मोनिका, प्रवेश भाटिया, अनु भाटिया, मान्या रतड़ा, विकास शर्मा, सोनिया ठुकराल, नूपुर सेठी, चाहत, रेखा वाधवा, सीमा भाटिया, सुनीता गगर, रजनी, प्रेम बब्बर, गगन अरोड़ा व अन्य शामिल रहे।

# परमात्मा कहाँ है?- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**लोगों** द्वारा अधिकतर पूछे जाने वाले प्रश्नों में से एक है . परमात्मा कहाँ है? हम अपनी आत्मा के बारे में भी जानना चाहते हैं। विज्ञान ने आज बहुत तरक्की कर ली है, जहां हमारे पास बाहरी अंतरिक्ष का पता लगाने के लिए शक्तिशाली दूरबीन और स्पेसशिप हैं और प्रत्येक परमाणु में सबसे छोटे कणों को देखने के लिए माईक्रोस्कोप हैं, फिर भी विज्ञान इस बात का खुलासा नहीं कर सका कि ईश्वर इस भौतिक ब्रह्मांड में कहां है? सच यह है कि सृष्टिकर्ता अभी तक बाहरी भौतिक ब्रह्मांड में नहीं मिला है, जो संत और महापुरूष सदियों से कह रहे हैं . परमात्मा हमारे भीतर है। उन्होंने ध्यान-अभ्यास के जरिये परमात्मा को अपने भीतर



पाया है।
ध्यान-अभ्यास क्या है? कुछ लोग इसे केवल शरीर और दिमाग को आराम देने का एक तरीका मानते हैं। संतों और महापुरुषों के लिए ध्यान-अभ्यास परमात्मा को अपने भीतर खोजने का तरीका है। ध्यान-अभ्यास के माध्यम से हम इस सवाल के जवाब पाते हैं कि मृत्यु के बाद हमारे साथ क्या होता है और क्या इस भौतिक जीवन के बाद भी जीवन है?
सभी संतों ने मानव शरीर को हरि-मंदिर कहा है, जिसमें सृष्टिकर्ता रहते हैं। चूँकि आत्मा परमात्मा का अंष है, इसलिए प्रत्येक जीव के भीतर परमात्मा मौजूद हैं। ध्यान-अभ्यास करने से हम अपने अंदर ही परमात्मा को खोज सकते हैं।
ध्यान-अभ्यास करने के लिए क्या निर्देश हैं? ध्यान-अभ्यास सरल है। हम केवल बैठने के लिए एक शांत और आरामदायक जगह ढूंढें, जहां हमारा मन और शरीर स्थिर हो सके। हम अपनी आँखें बंद करें और भीतर देखें कि क्या दिखाई देता है? ध्यान-अभ्यास के दौरान मन हमें विचारों से विचलित करता है, इसीलिए अध्यात्म विज्ञान में हम परमात्मा के किसी भी जाति नाम को मानसिक रूप से दोहराते हैं ताकि मन के विचारों से हमारा ध्यान न भटके। ऐसा करने से हम आराम और शांति महसूस करेंगे और हमारी आत्मा को एक आध्यात्मिक अनुभव होगा जो हमें ईश्वर की खोज में ले जाएगा।
प्रत्येक दिन मानव शरीर को एक प्रयोगशाला के रूप में उपयोग कर-के और ध्यान-अभ्यास की आध्यात्मिक साधना करने से हमें यह पता लगेगा कि ईश्वर कहाँ है? जब वैज्ञानिक ईश्वर को बाह्य अंतरिक्ष या परमाणु के सूक्ष्म कणों के भीतर ही खोजते रहते हैं, हम ध्यान-अभ्यास में बैठकर सृष्टि के सबसे बड़े रहस्य को स्वयं सुलझा सकते हैं।

# जेल का जवाब वोट से देने को तैयार देश और प्रदेश की जनता: हरपाल चीमा

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्यइंडियाह्न गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने वीरवार को नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व उन्होंने कुरुक्षेत्र में जनसभा कर रैली निकाली। इस दौरान आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में जनसैलाब उमड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता, पंजाब के वित्त मंत्री सरदार हरपाल सिंह चीमा और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा, प्रदेश उपाध्यक्ष बलबीर सैनी, पूर्व मंत्री



अशोक अरोड़ा, पूर्व सांसद सरदार गुरदयाल सैनी, पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह, पूर्व मंत्री हरमिंदर सिंह चट्ठा, पूर्व मंत्री चौधरी सुल्तान जडौला, विधायक मेवा सिंह, विधायक बीएल सैनी और पूर्व विधायक रमेश गुप्ता, सतबीर भाना मौजूद रहे।
पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि राहुल गांधी ने कांग्रेस का जो न्याय पत्र जारी किया है। उसमें हर वर्ग जवान, बेरोजगार और महिलाओं के लिए एक लाख रुपए, किसानों को एमएसपी की गारंटी व कर्जा माफ और मजदूर को न्यूनतम वेतन 400 रुपए दिया जाएगा। इस बार केवल लोकसभा का चुनाव नहीं है, ये आने वाली सरकार का भी फैसला करेगा। हरियाणा की 36 बरादरी इंडिया गठबंधन को जीताने के लिए तैयार है।
उन्होंने कहा कि हर वर्ग बीजेपी से परेशान है इसलिए सभी को एकजुट होकर और एक मकसद के साथ कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता को भारी बहुमत से जीताकर संसद में भेजना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा बेरोजगारी में नंबर वन है, जिस कारण युवा विदेशों की ओर पलायन कर रहे हैं। पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। इसलिए हरियाणा को नंबर वन बनाना है तो इंडिया गठबंधन को जिताना है।
डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि कुरुक्षेत्र को वही सांसद चाहिए जो जनता के बीच में रहे। जो केवल मंच पर, हवाई जहाज में, हेलिकॉप्टर में रहे वो यहां नहीं चलेगा। जनता का बेटा-भाई बनकर जनता के दुख-सुख में सहभागी बने। ऐसा सांसद कुरुक्षेत्र को चाहिए। झाड़ू को हाथ ने मजबूती से पकड़ रखा है और इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। कुरुक्षेत्र में कोई टक्कर में नहीं है। सबकी जमानत जब्त होगी, आने वाले दिनों में कुरुक्षेत्र में इंडिया गठबंधन के सभी स्टार प्रचारक प्रचार करने आएंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने अरविन्द केजरीवाल को गिरफ्तार करके अपने ताबूत आखिरी कील ठोकी है।

# फरीदाबाद : बाल विवाह को रोकने के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदबाद**
जिला संरक्षण एंव बाल विवाह निषेध अधिकारी हेमा कौशिक की अध्यक्षता में महिला एंव बाल विकास विभाग व आगंनवाडी वर्करों की संयुक्त बैठक का आयोजन गुरुवार को एनआईटी ब्लाक 1 व एनआईटी ब्लाक 2 में किया गया।
बैठक में हेमा कौशिक ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है तथा बाल विवाह में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियो पर भी कानूनी कार्यवाही का प्रावधान किया गया है। किसी भी बालिका, जिसने अपनी आयु 18 वर्ष पूर्ण न की हो



एंव किसी भी बालक, जिसने अपनी आयु 21 वर्ष पूर्ण न की हो, का विवाह कराया जाना प्रतिबन्धित है। हेमा कौशिक द्वारा मीटिंग में प्रतिभागी सभी को बाल विवाह रोकथाम हेतु आस-पास के आमजन को जागरूक करने बारे निर्देश दिए। फरीदाबाद जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग ने बाल विवाह को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान के तहत, समाज को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है और इसके नुकसानों पर ध्यान दिलाया जा रहा है।बाल विवाह के कई अंधाधुंध सामाजिक, मानसिक और आर्थिक प्रभाव होते हैं, और यह विकास के मार्ग को रोकता है। इस अभियान के माध्यम से, हम सभी लोगों को बाल विवाह के खिलाफ एक साथ आवाज उठाने और समाज में संजीवनी बोते जाने का संदेश देना चाहते हैं।

## फास्ट न्यूज

### अवैध मदरसे से 21 बच्चों को कराया मुक्त

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** दुबग्गा के अवैध मदरसे से बाल आयोग की टीम ने 21 बच्चों को मुक्त कराया। इनमें से अधिकतर बच्चे बिहार के हैं, जिन्हें दस दिन पहले ही यहां लाया गया था। ग्रामीणों की शिकायत पर टीम ने यह कार्रवाई की। अंधे की चौकी के कशमंडी रोड स्थित लालनगर खेड़ा गांव में बिना रजिस्ट्रेशन के मदरसा जमी आतुल कासिम अल इस्लामिया चल रहा था। ग्रामीणों ने बाल आयोग को शिकायत कर बताया कि मदरसे में छोटे-छोटे बच्चों को रखकर कट्टरपंथी तालीम दी जा रही है। दो कमरों के मदरसे में बच्चे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इस पर बाल आयोग की टीम बुधवार शाम यहां पहुंची। टीम ने देखा कि दो कमरों में 24 बच्चे रह रहे हैं। इनमें से 21 को मुक्त करवाकर बाल आयोग भेजा गया। बचे तीन बच्चे मदरसा संचालक मौलाना इरफान के हैं, जो उन्हें सौंप दिए गए। मौलाना का साथी शिक्षक सैफुल्लाह भी यहां काम करता है। दोनों बिहार के दरभंगा के गयारी थाना बिरौल के रहने वाले हैं। बाल आयोग की सदस्य सुचिता चतुर्वेदी ने बताया कि इरफान आजमगढ़ के दरियापुर गांव निवासी जीशान का मकान किराये पर लेकर मदरसा चला रहे थे। टीम की पूछताछ में बच्चे अपना पता नहीं बता सके। हालांकि, यह कहा कि वे बिहार के रहने वाले हैं। बच्चों ने यह भी बताया कि मौलाना जन्नत जाने की तालीम देते थे। कहते थे कि इससे मां और पिता की याद नहीं आती।

### दो पक्षों में विवाद के बाद खूनी संघर्ष

टीम एक्शन इंडिया

**रुड़की:** रुड़की के मंगलौर सामुदायिक केंद्र में गुरुवार को दो पक्षों के मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दोनों पक्षों में जमकर धारदार हथियार चले। मौके पर पहुंची पुलिस के सामने भी दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, बुधवार की रात मोहल्ला किला में दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। उस समय आस-पास के लोगों ने मामला शांत करा दिया था। बताया जा रहा है कि गुरुवार की दोपहर दोनों पक्ष फिर आमने-सामने आ गए और मारपीट हो गई। इस बीच दोनों पक्ष कस्बा पुलिस चौकी पहुंचे। यहां पर दोनों पक्षों में विवाद और बढ़ गया और जमकर मारपीट हो गई। इस पर पुलिस ने मामला शांत कराकर दोनों पक्षों के लोगों को चोट आने पर मेडिकल कराने के लिए मंगलौर सामुदायिक केंद्र भेज दिया। बताया जा रहा है कि सीएचसी के अंदर ही दोनों पक्षों के लोग धारदार हथियार लेकर आ गए।

# मैनपुरी में सीएम योगी ने किया भव्य रोड शो

## सपा को कांग्रेस के साथ गठबंधन की सजा दी जानी चाहिए: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**वोट की अपील**

- मैनपुरी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जयवीर सिंह के पक्ष में सीएम योगी ने रोड शो किया



टीम एक्शन इंडिया

मैनपुरी: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देख मैनपुरी के मतदाताओं के मनोभाव जुबां पर आ गए। योगी सरकार के पर्यटन मंत्री व मैनपुरी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जयवीर सिंह के पक्ष में जब योगी आदित्यनाथ ने रोड शो किया तो मतदाताओं ने योगी जी को विश्वास दिलाया कि मैनपुरी अब आपके साथ है। सात मई-मैनपुरी से सपा गई। चिलचिलाती धूप में भी सड़कों पर योगी के स्वागत में मैनपुरी का आम जनमानस उतरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व कमल के फूल का कटआउट लेकर रोड शो के पूरे रास्ते आमजन चलते रहे। सपा के गढ़ में घर-घर की छतों से एक तरफ जहां योगी आदित्यनाथ पर पुष्पवर्षा हुई तो वहीं दूसरी तरफ भारत माता की जयकार गूंज रहे थे। लगभग एक घंटे के रोड शो में हर तरफ योगी-योगी ही होता रहा।

**मुख्यमंत्री योगी के प्रति दीवानगी:** आर्य समाज परिसर से भावंत चौराहे तक निकले रोड शो में सड़कों पर दर्जनों बुलडोजर खड़े रहे। कानून व्यवस्था के पर्याय बुलडोजर पर खड़े मैनपुरी वासियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने रथ पर खड़े योगी आदित्यनाथ पर फूलों की खूब वर्षा की। आएंगे फिर मोदी ही, आएंगे फिर योगी ही गीत पर युवा थिरकते रहे। जो बच्चे वोट नहीं दे सकते, उनमें भी योगी जी के प्रति दीवानगी सिर चढ़कर बोल रही थी। महिलाएं छत से कहीं हाथ जोड़े खड़े रहीं तो कहीं फूलों की वर्षा करती रहीं। मुख्यमंत्री योगी जिस पर सवार थे, न सिर्फ वह वाहन भगवा दिखा और गेंदे के फूलों से सजा रहा, बल्कि रोड के दौरान सड़कों पर भी भाजपा और भगवा झंडा फहराता रहा। जयश्रीराम के नारों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मैनपुरी ने अभूतपूर्व स्वागत किया। रथ पर मैनपुरी से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह, योगी सरकार के मंत्री संदीप सिंह आदि शामिल रहे।

### मैनपुरी भी इस बार परिवर्तन की राह पर: योगी

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आपका उत्साह बता रहा है कि मैनपुरी भी इस बार परिवर्तन की राह पर चल रही है। सपा-कांग्रेस का गठबंधन भारत को एक बार फिर से गुलामी की ओर ढकेलने की साजिश का हिस्सा है। यह लोग अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति के आरक्षण के अधिकार में सेंध लगाकर अल्पसंख्यकों को देने की साजिश कर रहे हैं। देश के अंदर मुस्लिम तुष्टीकरण की पराकाष्ठा पर चलते हुए कांग्रेस गोहत्या को प्रश्रय देने की कुत्सित चेष्टा भी कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन को वोट देने का मतलब भारत की आस्था के साथ खिलवाड़। आस्था का सम्मान करने वाला सच्चा भारतीय इसे कतई सफल नहीं होने देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का पूरा जीवन श्रीराम व प्रदेश के विकास के लिए समर्पित था। उनके निधन पर सपा ने संवेदना के एक शब्द भी नहीं व्यक्त किए थे। वहीं मुलायम सिंह के निधन पर मैं उनके घर गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संवेदना व्यक्त की थी। जो सपा बाबू कल्याण सिंह का अपमान करती हो, आस्था से खिलवाड़ करती हो, ऐसी परिवारवादी समाजवादी पार्टी को कांग्रेस के साथ गठबंधन की सजा दी जानी चाहिए।

### विरासत टैक्स की बात करने वाले औरंगजेब के नए अवतार: योगी

**फिरोजाबाद** में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कांग्रेस पर बिफरे। बोले कि कांग्रेस-सपा इंडी गठबंधन वाले औरंगजेब के नए अवतार पैदा हो गए हैं, जो कहते हैं कि विरासत टैक्स लगाएंगे। जैसे औरंगजेब ने हिंदुओं पर जजिया कर लगाया था, ये वैसे ही चाहते हैं। सीएम ने पूछा कि क्या स्वतंत्र भारत में आप जजिया कर देंगे। सीएम योगी ने कहा कि देश जब मजबूत हाथों में होता है तो दुश्मन दब कर रहता है और मजबूर हाथों में रहता है तो दुनिया आंखें दिखाती हैं। दुश्मन भारत की थप्पड़ मारने की तरफ लपकता है तब तक यहां से जोरदार घूसा जड़ा जाता है।

# कांग्रेस छोड़ बीजेपी में आए थे दिनेश

**देंगे चुनौती**

- 2019 में सोनिया के खिलाफ लड़ा चुनाव... रायबरेली से भाजपा प्रत्याशी बने दिनेश प्रताप सिंह



टीम एक्शन इंडिया

**रायबरेली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कयासों को विराम देते हुए रायबरेली से अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह को पार्टी ने रायबरेली से टिकट दिया है। दिनेश प्रताप जिले में पार्टी के एक प्रमुख चेहरे हैं और 2019 के चुनाव में उन्होंने सोनिया गांधी को कड़ी टक्कर दी थी। लोकसभा चुनावों के लिए प्रदेश की सबसे हॉट सीट पर भाजपा से लड़ने वाले दिनेश प्रताप सिंह योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं व उनके पास उद्यान व कृषि विपरण का कार्यभार है। वह तीसरी बार 2022 में स्थानीय निकाय से विधान परिषद सदस्य निर्वाचित हुए हैं। इसके पहले 2010 व 2016 में कांग्रेस के टिकट से वह विधान परिषद के सदस्य थे।

हालांकि 2018 में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली। समाजवादी पार्टी से राजनीति सफर शुरू करने वाले दिनेश प्रताप के एक भाई विधायक व एक भाई जिला पंचायत अध्यक्ष रहे हैं। जिले के हरचंदपुर क्षेत्र के गुनावर कमंगलपुर के मूल निवासी दिनेश प्रताप के परिवार का जिले की राजनीति में खासा वर्चस्व है। भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी ने उन्हें सोनिया गांधी के खिलाफ 2019 में अपना प्रत्याशी बनाया। उन्होंने सोनिया गांधी की चुनावी रफ़्तार को रोकते हुए जीत के अंतर को काफी कम कर दिया।

### बदरीनाथ पहुंचकर मुख्य सचिव ने लिया यात्रा व्यवस्था का जायजा

टीम एक्शन इंडिया

**गोपेश्वर:** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गुरुवार को बदरीनाथ पहुंच कर चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं और पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल, सुगम एवं सुविधाजनक बनाने और पुनर्निर्माण कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्य सचिव पर्यटन विभाग के विशेष कार्य अधिकारी भाष्कर खुल्वे, पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे और डीजीपी अभिनव कुमार के साथ हेलीकॉप्टर से बदरीनाथ धाम पहुंची। धाम में पहुंचने पर उन्होंने यात्रा व्यवस्थाओं और पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

# चारधाम यात्रा: हेली सेवा की बुकिंग फुल, फर्जीवाड़े से बचें




टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून:** चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवा की बुकिंग आगामी जून तक फुल हो गई है। ऐसे में अगर अब इंटरनेट पर बुकिंग का प्रयास किया तो जेब खाली भी हो सकती है। देशभर में साइबर ठगों ने इंटरनेट पर फर्जी वेबसाइट का जाल बिछा दिया है।

केदारनाथ हेली बुकिंग शुरू होते ही पुलिस के पास ठगी को लेकर शिकायतें पहुंचनी शुरू हो गई हैं। यही नहीं साइबर ठग वीवीआईपी दर्शन और स्पेशल पूजा कराने का झांसा देकर भी लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। फिलहाल, पुलिस सभी मामलों की निगरानी कर रही है।

**साइबर ठग लोगों को अपने जाल में फंसा रहे:** दरअसल, पिछले साल से हेली टिकटों की बुकिंग आईआरसीटीसी के माध्यम से की जा रही है। पिछले साल स्लॉट के हिसाब से बुकिंग की जा रही थी। शुरूआत में सात, फिर 10 और बाद में 15-15 दिनों के लिए टिकट विंडो खुल रही थी। लेकिन, इस बार आईआरसीटीसी की टिकट विंडो खुलते ही जून तक के टिकट बुक हो गए हैं।ऐसे में ठगी की संभावना और ज्यादा बढ़ गई है।

**ठगी की शिकायतें**

- केदारनाथ हेली बुकिंग शुरू होते ही पुलिस के पास ठगी को लेकर शिकायतें पहुंचनी शुरू हो गई

कारण है कि जब टिकट मुख्य वेबसाइट से बुक नहीं होते तो लोग दूसरे किसी माध्यम की तलाश शुरू कर देते हैं। ऐसे में लगातार सर्च करने और सोशल मीडिया के माध्यम से साइबर ठग लोगों को अपने जाल में फंसा लेते हैं।

**टिकट नहीं मिल रहे तो अन्य साइटों पर न करें भरोसा:** एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि केदारनाथ के लिए हेली बुकिंग के नाम पर ठगी साल दर साल बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि लोगों को हेलीकॉप्टर की बुकिंग करते वक्त सचेत रहने की जरूरत है। टिकट नहीं मिल रहे तो अन्य साइटों पर भरोसा न करें। साइबर ठग केदारनाथ हेली बुकिंग के नाम पर लगातार साइट बनाने के साथ सोशल मीडिया पोर्टल पर अपनी पोस्ट डाल रहे हैं।

# संत पुजारियों ने कहा-जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे

टीम एक्शन इंडिया

**प्रयागराज:** भारतीय जनता पार्टी बेणीमाधव मंडल में भाजपा की मठ मंदिर की टोली के कार्यकताओं ने 400 पार और फिर एक बार मोदी सरकार बनाने को लेकर मठ मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिये। इस अभियान का शुभारम्भ मठ महंत जनसम्पर्क टोली प्रमुख सुभाष वैश्य ने बेणीमाधव मंदिर दारागंज एवं श्री निमोर्ही अखाड़ा दारागंज से किया। इस अवसर भगवान बेणी माधव मंदिर दारागंज के पुजारी सर्वदानंद महाराज एवं श्री निरंकारी अखाड़ा दारागंज के सचिव ओंकार गिरी एवं महंत राधेश्याम पुरी ने कहा कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में पूरी ताकत लगाएंगे।

जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अभियान का मंदिर के पुजारी और संतों ने स्वागत किया। यह अभियान 23 मई तक इलाहाबाद एवं फूलपुर लोकसभा के अंतर्गत आने वाले सभी छोटे-बड़े मठ मंदिर में जाकर मठ मंदिर जनसम्पर्क टोली मंदिर मठ एवं धार्मिक स्थलों एवं धार्मिक संगठन के पदाधिकारी कार्यकताओं से जनसम्पर्क कर 400 पार मोदी सरकार बनाने का आशीर्वाद लेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भरत निषाद, तीर्थराज पांडे, मनोज, राजेश पाठक, सोनू निषाद मुकेश शुक्ला, राजू श्रीवास्तव, आनंद गुप्ता, शत्रुघ्न जायसवाल, सुशील जैन मौजूद रह।

# पेड़ों की कटाई पर शासन से फिर मांगी रिपोर्ट

**जवाब तलब**

- महाकुम्भ को लेकर वन विभाग की 1 लाख 49 हजार पेड़ लगाने की है योजना

टीम एक्शन इंडिया

**प्रयागराज:** प्रयागराज में महाकुम्भ 2025 को लेकर सड़कों के चौड़ीकरण करने में काटे जा रहे पेड़ों को रोकने को लेकर दखिल जनहित याचिका पर आज प्रदेश सरकार की तरफ से हाईकोर्ट को बताया गया कि जितने भी पेड़ काटे जाएंगे उससे दस गुना पौधरोपण सरकार द्वारा किया जाएगा। सरकार की तरफ से बताया गया कि महाकुम्भ को लेकर प्रयागराज शहर में एक लाख 49 हजार पौधों को लगाने की योजना है।



यह काम वन विभाग की तरफ से होना है और इसके लिए कुम्भ के बजट में प्रावधान किया गया है। इस जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार से इस सम्बंध में विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। कोर्ट ने जानना चाहा है कि सरकार एवं उसके विभागों की क्या योजना है। क्या पेड़ों को बचाने की कोई योजना है। हाईकोर्ट इस मामले पर पुनः शुक्रवार को सुनवाई करेगी। यह आदेश चीफ जस्टिस अरुण भंसाली एवं जस्टिस विकास बुधवार की खंडपीठ ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव नितिन शर्मा की तरफ से दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद पारित किया।

याचिका पर बहस करते हुए कोर्ट को बताया गया कि प्रयागराज में कुम्भ के नाम पर शहर में सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है।

# पुलिस कर्मचारियों के बच्चों को कोचिंग में 50 प्रतिशत छूट

टीम एक्शन इंडिया

**जयपुर:** राजस्थान पुलिस के कर्मियों के कक्षा नौ से स्नातक तक के बच्चों को स्कूल के साथ-साथ नीट, आईआईटी, जेईई एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग में अनएकेडमी कोचिंग संस्थान पचास फीसदी की छूट देगा जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कर्मियों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन अवसर उपलब्ध करवाने में यह पहल काफी सहायक सिद्ध होगा। इससे न केवल पुलिस कर्मियों के बच्चों को नीट, जेईई आदि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मदद मिलेगी बल्कि



पुलिसकर्मी भी अपनी परिवारिक जिम्मेदारी अच्छे से वहन कर सकेंगे और इसका सकारात्मक प्रभाव पुलिस कर्मचारियों की कार्यक्षमता पर भी पड़ेगा।

जयपुर पुलिस कमिश्नर जोसफ ने बताया कि पुलिस कार्मिकों की कार्यकुशलता बढ़ाने और उनमें सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के लिए इस तरह के पहल होते रहें। समाज में अपराध मुक्त वातावरण के लिए पुलिस का सकारात्मक ऊर्जा से भरा होना जरूरी है। इस मुहिम में सहयोग के लिए पुलिस कमिश्नर ने अनएकेडमी शिक्षण संस्थान का आभार भी व्यक्त किया।

**गुणवत्ता पर जोर**

- आईआईटी, जेईई एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग में अनएकेडमी कोचिंग संस्थान पचास फीसदी की छूट देगा

अनएकेडमी निदेशक ने बताया कि अनएकेडमी एक अग्रणी शैक्षिक मंच है जो नीट, आईआईटी, जेईई के साथ कक्षा ग्यारह और बारह के लिए मूलभूत पाठ्यक्रमों सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग करता है।

### हिंदुओं को गंगा में बहा देंगे: टीएमसी एमएलए

टीम एक्शन इंडिया

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के मतदान से पहले सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक का वीडियो वायरल हुआ है। उनका नाम हुमायूं कबीर है।

मुर्शिदाबाद के भरतपुर से विधायक कबीर ने देशभर के समूचे हिंदू समुदाय को गंगा नदी में बहाने की धमकी दी है। गुरुवार को सामने आए इस वीडियो में वह कहते सुने जा सकते हैं, "तुम लोग 70 फीसदी हो और हम लोग 30 फीसदी, लेकिन तुम लोगों को दो घंटे में गंगा में नहीं बहा दिए तो राजनीति छोड़ दूंगा।"

# मोदी के 400 पार के आह्वान को सफल बनाएं: अनुप्रिया पटेल

टीम एक्शन इंडिया

**मीरजापुर:** कछवा क्षेत्र के बाड़ापुर, चिड़िया, नारायनपुर तथा सबेसर गांव में भाजपा और अपना दल कार्यकताओं की समन्वय बैठक में गुरुवार को केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 400 पार का आह्वान आप कार्यकर्ताओं के बल पर ही किया है। लक्ष्य जरूर बड़ा है परंतु इस लक्ष्य पर काम आप कार्यकताओं को करना है। समन्वय बैठक में उन्होंने कहा कि 400 पार में उत्तर प्रदेश की बड़ी भूमिका है। इसमें एक सीट



मीरजापुर की भी है। अपना दल और भाजपा के कार्यकताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वोट प्रतिशत बढ़ाएं। आप सभी कार्यकताओं के पास विकास के नाम पर बताने के लिए बहुत सी सामग्री है जैसे

**अपील**

- एनडीए के अगले कार्यकाल में दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी वाला देश बनने जा रहा भारत

मीरजापुर में छह लेन के पुल का शिलान्यास, बरैनी-भटौली तथा चुनार गंगा पुल, मीरजापुर में कई पांटून पुल, मेडिकल कॉलेज, उज्वला योजना आदि।

# बर्फ हटाकर हेमकुंड साहिब तक पैदल आवाजाही की सुचारू

टीम एक्शन इंडिया

**गोपेश्वर:** हेमकुंड यात्रा की तैयारियों को लेकर गुरुवार को भारतीय सेना की 418 इंडिपेंडेंट इंजीनियरिंग कोर ने हेमकुंड साहिब तक पैदल आवाजाही सुचारू कर दी है। बदरीनाथ धाम के साथ ही हेमकुंड साहिब की यात्रा तैयारियां जोरों पर हैं। यात्रा तैयारियों को लेकर हेमकुंड साहिब के यात्रा मार्ग से बर्फ हटाकर भारतीय सेना के 35 जवान और 15 सेवादार गुरुवार को हेमकुंड साहिब पहुंचे, जहां सेना के जवानों और सेवादारों ने अरदास कर गुरुद्वारा प्रांगण के द्वार खोल दिए हैं। हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे के कपाट आगामी 25 मई को ग्रीष्मकाल के लिए खोले जाएंगे। यात्रा मार्ग का सीढ़ियों वाला हिस्सा खतरनाक बना हुआ है।

**खुलेंगे कपाट**

- यात्रा मार्ग से बर्फ हटाकर भारतीय सेना के 35 जवान और 15 सेवादार गुरुवार को हेमकुंड साहिब पहुंचे,

**समीक्षा**

## श्रीकेदारनाथ धाम पहुंच पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण प्रगति और गुणवत्ता परखी

# केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश

टीम एक्शन इंडिया

**रुद्रप्रयाग/देहरादून:** उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गुरुवार को श्रीकेदारनाथ धाम पहुंच पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण प्रगति और गुणवत्ता परखी। साथ ही कार्य की रफ्तार बढ़ाकर 10 मई को श्रीकेदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले सभी अनिवार्य कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके लिए अतिरिक्त मजदूर एवं संसाधन का उपयोग करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पर्यटन विभाग के मुख्य सचिव के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) भास्कर खुल्बे, डीजीपी अभिनव कुमार, पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे गुरुवार सुबह हेलीकॉप्टर से केदारनाथ हेलीपैड पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद मंदाकिनी-सरस्वती घाट, गेस्ट हाउस, अस्पताल, आस्था पथ, केदारनाथ मंदिर परिसर सहित अन्य निमार्णाधीन कार्यों का जायजा लेते हुए तय समय से पहले सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। आस्था पथ एवं वाटर एटीएम सहित अन्य अनिवार्य कार्यों पर अतिरिक्त मजदूर लगाने के साथ यात्रा शुरू होने से पहले सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी को अधिक संसाधनों का प्रयोग करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए गोल चबूतरे से मंदिर परिसर तक कॉरिडोर का कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों को निर्माण कार्यों में इस्तेमाल हो रही सामग्री में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखने और यात्रा सुगम बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा। श्रीकेदारनाथ के बाद मुख्य सचिव हेलीकॉप्टर से श्रीबद्रीनाथ पहुंची, जहां पर्यटन विभाग के मुख्य सचिव भास्कर खुल्बे, डीजीपी अभिनव कुमार एवं जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने स्थानीय व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। व्यापारियों से वार्ता करते हुए अधिकारियों ने उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**दिशा-निर्देश**

- 10 मई को श्रीकेदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले सभी अनिवार्य कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए

